रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 23 फरवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 184 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### गिरीश गौतम मध्यप्रदेश विस के अध्यक्ष निर्वाचित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के वरिष्ठ विधायक गिरीश गौतम आज निर्विरोध तरीके से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। बजट सत्र की शुरुआत में सबसे पहले अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई और गौतम को विधिवत तरीके से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। गौतम ने अध्यक्ष पद के लिए कल नामांकन पत्र पेश किया था।

### श्रीनगर में राजमार्ग पर आईईडी बरामद, बड़े हमले की साजिश विफल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के बाहरी इलाके में पंथा चौक-बारामूला राजमार्ग पर सोमवार को शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर बड़े हमले की साजिश विफल कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त रोड ओपनिंग पार्टी (आरओपी) ने नियमित गश्त के दौरान आज सुबह श्रीनगर के बाहरी इलाके में कनिहामा में राजमार्ग पर एक बैग देखा। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर राजमार्ग पर पंथा चौक से नौगाम के बीच यातायात रोक दिया गया।

### टूलकिट : पुलिस जांच में शामिल हुई निकिता, शांतनु

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर परेड के दौरान राजधानी में हुई हिंसा से संबंधित टूलकिट मामले की आरोपी निकिता जैकब और शांतनु दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के दफ्तर पहुंचकर जांच में शामिल हुए जहां दोनों से पूछताछ हो रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने आज बताया कि टूलकिट की कड़ियों को जोड़ने के लिए जांच दल निकिता जैकब और शांतनु को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दोनों आज द्वारका स्थित साइबर सेल के दफ्तर पहुंचकर जांच में शामिल हुई। इस मामले की एक अन्य आरोपी पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि को पहले को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस का दावा है कि टूलकिट बनाकर किसानों को भड़काकर हिंसा फैलाने के पीछे खालिस्तान से जुड़े संगठनों की साजिश थी।

# गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करते हुए सभी मोर्चों पर खरी उतरी मेरी सरकार : उइके

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

**राज्यपाल उइके के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र**



राज्यपाल अनुसुईया उइके के अभिभाषण के साथ सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 के छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले सत्र में आप सबका हार्दिक अभिनंदन करती हूं। मुझे खुशी है कि आप सब 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की कल्पना को साकार करने के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। कोरोना महामारी ने विगत वर्ष अकस्मात ही पूरी दुनिया को अनिश्चितता के अंधेरे में धकेल दिया था। मानवता के सामने आए इस ऐतिहासिक संकट से निपटने में आप सबने मेरी सरकार को जो सहयोग दिया, प्रदेश की जनता को राहत दिलाने में जो जमीनी मदद की, उसके लिए मैं आप सबको साधुवाद देती हूं। कोरोना संकट के अंधेरे काल और जंजाल से बाहर निकलने की उम्मीद के साथ, नए साल की शुरुआत हुई। कोरोना-प्रभावित विकास कार्यों के साथ नए लक्ष्यों को पूरा करने की दोहरी जिम्मेदारियों के सफलतापूर्वक निर्वाह के लिए, मैं आप सबको शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। राज्यपाल उइके ने कहा कि बीता साल अनेक चुनौतियों से भरा था, जैसे रोज कमाने-खाने वाले परिवारों का भोजन और आजीविका, कुपोषण से लड़ रहे परिवारों को निरंतर पोषण आहार प्रदाय, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी और उनका पुनर्वास, कोरोना संक्रमण से बचाव और संक्रमित लोगों का उपचार, जनता का मनोबल बनाए रखने के इंतजाम, आर्थिक गतिविधियों की स्वाभाविक गति बनाए रखना, जन-जीवन को भय के भंवर से निकालकर सतर्कतापूर्वक जीवनयापन आदि। मुझे खुशी है कि इन सभी मोर्चों पर मेरी सरकार खरी उतरी है और प्रदेश कोरोना काल में भी अनेक क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर सका।

**67 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों का खाद्यान्न-** राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार ने प्रदेश को इस कठिन दौर से निकालने के लिए सूझबूझ के साथ काम किया, जिससे 67 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को उनकी पात्रता अनुसार खाद्यान्न, शक्कर, नमक, केरोसीन, बस्तर संभाग में गुड़, कोण्डागांव जिले में फोर्टिफाइड राइस वितरण सुरक्षा उपायों के साथ संभव हो पाया। 57 लाख अंत्योदय, प्राथमिकता, अन्नपूर्णा, एकल निराश्रित तथा निःशक्तजन कार्डधारियों को 8 माह तक पात्रता अनुसार चावल तथा चना भी निःशुल्क दिया गया। प्रवासी श्रमिकों तथा अन्य लोगों की सुरक्षित घर वापसी हुई। गांव-गांव में सबकी खाद्य सुरक्षा के लिए 11 हजार से अधिक पंचायतों में 2-2 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया। ऐसे अनेक प्रयासों के सकारात्मक नतीजे मिले।

**मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की लौ कोरोना काल में भी जलती रही-** उइके ने कहा कि मेरी सरकार ने 2 अक्टूबर 2019 को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के रूप में जो अलख जगाई थी, उसकी लौ कोरोना काल में भी जलती ➤शेष पेज 8 पर

# समाज में डॉक्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण, कोरोना काल में भी हमारे डॉक्टर डटे रहे : सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में जेसीआई रायपुर मेडिको द्वारा सातवां पुरस्कार वितरण एवं आठवां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स एवं कॉलेज के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ. देवेन्द्र नायक तथा विशेष अतिथि जेसीआई सेनेटर देवेश मरोदिया (नेशनल डॉयरेक्टर मैनेजमेंट) प्रमुख वक्ता जेसीआई सेनेटर डॉ. मनीष गुप्ता, शपथ अधिकारी आशीष गोयल, चेप्टर इंचार्ज जेसी डॉ. जितेन्द्र शराफ तथा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में डॉक्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस कोरोना काल में भी डॉक्टरों ने अपने घर परिवार की परवाह किए बिना दिन-रात समाज के सेवा के लिए तत्परता से खड़े रहे। निश्चित ही डॉक्टरों की भूमिका समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जेसीआई के सभी सदस्य, सभी विधाओं के चिकित्सक मेडिकल, डेंटल, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, फिजियोथैरेपी उपस्थित रहे। जेसीआई एक ऐसी संस्था है जो प्रदेशभर में निशुल्क दवाई वितरण एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन करती है। साथ ही जेसीआई विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण का भी आयोजन करती है। सभा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने डॉ. देवेन्द्र नायक की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ. नायक हमेशा नए चैलेंजों को स्वीकार करते आ रहे है। निजी समूह में मध्य भारत का सबसे बड़ा हॉस्पिटल्स समूह संचालन करने के साथ ही उन्होंने अब मेडिकल कॉलेज की भी शुरूआत करने की ठानी है हमें आशा है कि वे हॉस्पिटल के साथ मेडिकल कॉलेज का भी संचालन बखूबी करेंगे।

### 'दुर्लभ मानुष जन्म है, देह न बारम्बार, तरूवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागे डार' : डॉ नायक



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स एवं कॉलेजेस के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ. देवेन्द्र नायक अपने उद्बोधन की शुरूआत कबीरदास जी के दोहे से करते हुए कहा 'दुर्लभ मानुष जन्म है, देह न बारम्बार, तरूवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागे डार।' अर्थात् इस संसार में मनुष्य का जन्म मुश्किल से मिलता है यह मानव शरीर उसी तरह बार-बार नहीं मिलता जैसे वृक्ष से पत्ता झड़ जाए तो दोबारा डाल पर नहीं लगता। डॉ. नायक ने कहा कि ईश्वर ने हमें मानव जीवन दिया है हम खूब लोगों की सेवा करें, लोगों की मदद करें। जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी के नए पदाधिकारी को डॉ. देवेन्द्र नायक ने बधाई देते हुए कहा कि जेसीआई में जुड़े सभी डॉक्टर समाज सेवा में भरपूर योगदान देते रहे है। जेसीआई रायपुर चिकित्सा के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य जनसेवा के लिए करते आ रही है। जेसीआई आमजनों के लिए निशुल्क दवाई वितरण, चिकित्सा शिविर, प्रशिक्षण समेत विभिन्न आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही है निश्चित ही यह सराहनीय है। डॉ. नायक ने कहा कि हमारे समाज में डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। हम पूरी तन्मयता से समर्पण के साथ प्रदेश की जनता की यू ही सेवा करते रहे और अंत में उन्होंने फिर श्लोक 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुख भाग्भवेत्।' के साथ सभी लोगों की सुखमय जीवन, निरोग जीवन की कामना की।

## 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' की संकल्पना को साकार करेगा बजट : सीएम योगी

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय बजट 2021-22 को गरीब, मजदूर, किसान, युवा और महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला सर्वसमावेशी बजट करार देते हुये कहा कि कोविड काल के बीच यह बजट प्रदेश में नई आशा, नई ऊर्जा और विकास की नवीन संभावनाओं को उड़ान देने का माध्यम बनेगा। श्री योगी ने विधान भवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की उत्कृष्ट भावनाओं से परिपूर्ण है जो प्रदेश की 24 करोड़ जनता की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। बजट में हर घर को नल, हर घर में बिजली, हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देने के संकल्प निहित है। उन्होंने कहा कि यह बजट हर गांव में ग्राम सचिवालय, कॉमन सर्विस सेंटर, बीसी सखी के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों को बैंकिंग सुविधा से जोड़ना, सामुदायिक शौचालयों में महिलाओं को रोजगार, जैसे प्रयास न केवल महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को नवीन आयाम मिलेगा बल्कि हर गांव को डिजिटल बनाने की दिशा में अहम भूमिका भी निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश का पहला पेपरलेस बजट पेश कर नया इतिहास रचने के लिए वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

# बंगाल असल परिवर्तन के लिए तैयार : पीएम मोदी

एजेंसी ◄ हुगली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोगों से 'असल परिवर्तन' के लिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में लाने का आह्वान करते हुए आश्वासन दिया कि पार्टी न केवल पश्चिम बंगाल की अतीत की शानदार संस्कृति को बहाल करेगी बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। श्री मोदी ने चिन्सुराह के ऐतिहासिक डनलप ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के लोगों ने 'असल परिवर्तन' के लिए अपना मन बना लिया है। उन्होंने इसके लिए सभा में मौजूद समाज के सभी वर्गों की विशाल सभा की ओर इशारा किया। श्री मोदी ने बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनावी अभियान के तहत इस सभा का इस्तेमाल किया। सभा में मौजूद लोगों ने भी 'मोदी-मोदी' और 'जयश्री राम' के नारे लगाकर उनका उत्साहवर्द्धन और अभिवादन किया। श्री मोदी ने कहा कि आप सभी की ओर से यह उत्साह और ऊर्जा कोलकाता से दिल्ली एक संदेश भेज रहा है। अब पश्चिम बंगाल ने 'परिवर्तन' के लिए अपना मन बना लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत जिले में स्थित प्रसिद्ध तारकेश्वर तीर्थ के देवता तारक नाथ को बंगला में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इलाके में रेलवे बुनियादी ढांचा और विद्युतीकरण में निवेश को प्राथमिकता दी है जिसकी अब तक की बंगाल की सरकारों ने उपेक्षा की है। श्री मोदी ने कहा कि जब तक राज्य में जबरन वसूली, 'तोला बाजी', सिंडिकेट और 'कट मनी' की संस्कृति समाप्त नहीं होती तब तक राज्य का विकास नहीं होगा। उन्होंने लोगों से जीवन के हर पहलू में वास्तविक बदलाव के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछली बार, मैं यहां गैस कनेक्शन समर्पित करने आया था। आज, मैं बंगाल के लिए कई रेलवे परियोजनाओं की पेशकश करने के लिए यहां आया हूं। इस वर्ष 'रेल और मेट्रो' कनेक्टिविटी केंद्र की प्राथमिकता है।

## संभावित अतिशेष धान की ई-नीलामी : राज्य के मिलरों को नियम व शर्तों की दी जाएगी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

■ **मार्कफेड द्वारा सभी कलेक्टरों को पत्र जारी**

खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में संभावित अतिशेष धान की ऑनलाईन प्लेटफार्म पर नीलामी के लिए क्रेता पंजीयन 18 फरवरी से शुरू हो गई है। प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर उनके जिलों के सभी राईस मिलरों को नीलामी की प्रमुख नियम शर्तों से अवगत कराने का कहा गया है। पत्र में दो दिनों के भीतर मिलरों का बैठक आयोजित कर उन्हें क्रेता पंजीयन की अर्हता, प्रक्रिया, नीलामी की प्रमुख नियम शर्तों से अवगत कराने के निर्देश दिए गए है। पत्र के साथ संभावित अतिशेष धान की जिलेवार जानकारी, ई-ऑक्शन प्लेटफार्म पर क्रेता पंजीयन की अर्हता एवं निलामी की मुख्य शर्तों की जानकारी भी भेजी गई है। उक्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर संभावित अतिशेष धान की ई-नीलामी हेतु क्रेता पंजीयन की कार्यवाही 18 फरवरी 2021 से प्रारंभ की जा चुकी है। ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म का क्रेता पंजीयन की अर्हता व धान की नीलामी की नियम एवं शर्तें खाद्य विभाग की वेबसाइट www.khadya.cg.nic.in मार्कफेड की वेबसाइट www.cgmarkfed.in एवं मेसर्स एनसीडीईएक्सई-मार्केट्स लिमिटेड की वेबसाइट www.neml.in पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में लगभग 20.79 लाख मीट्रिक टन धान अतिशेष रहना संभावित है। इस अतिशेष धान की नीलामी के लिए राज्य शासन द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में संभावित अतिशेष धान की नीलामी हेतु खुली निविदा के माध्यम से मेसर्स एनसीडीईएक्सई- मार्केट्स लिमिटेड को ऑनलाइन ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म संचालनकर्ता के रूप में चयनित किया गया है। मार्कफेड से खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में संभावित अतिशेष धान की जिलेवार जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में एक लाख 8 हजार 359 मीट्रिक टन संभावित अतिशेष धान है। इसी प्रकार बिलासपुर जिले में 69 हजार 835 मीट्रिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 15 हजार 206 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा में 29 हजार 559 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में एक लाख 53 हजार 208 मीट्रिक टन, बलौदाबाजार भाटापारा जिले में तीन लाख 8 हजार 539 मीट्रिक टन, गरियाबंद जिले में एक लाख 4 हजार 186 मीट्रिक टन और महासमुंद जिले में दो लाख 36 हजार 199 मीट्रिक टन संभावित अतिशेष धान उपलब्ध है।

**मोंटेनेग्रो एड्रिएटिक पर्ल बॉक्सिंग टूर्नामेंट**

# 5 स्वर्ण के साथ भारतीय महिला मुक्केबाजों को शीर्ष स्थान

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय महिला मुक्केबाजों ने मोंटेनेग्रो के बुडवा में आयोजित 30वें एड्रियाटिक पर्ल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अंतिम दिन चमकदार खेल दिखाते हुए दो स्वर्ण पदक पक्के किए। अंतिम दिन की सफलता के बूते भारतीय महिला दल ने पदक तालिका में कुल 10 पदकों के साथ पहला स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। बेबीरोजीसाना चानू ने 51 किग्रा वर्ग में और अरुंधति चौधरी ने 69 किग्रा वर्ग में स्वर्ण हासिल किया जबकि लकी राणा ने रजत पदक हासिल किया। इन सबकी सफलता के बूते भारतीय महिलाएं कुल 10 पदकों (पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ टॉप टीम के तौर पर उभरी। उजबेकिस्तान ने दो स्वर्ण के साथ दूसरा और चेक गणराज्य ने एक स्वर्ण के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। तीन बार की खेलो इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट राजस्थान निवासी अरुंधति ने एक बार फिर अपना वर्चस्व दिखाते हुए यूक्रेन की मुक्केबाज मारयाना स्टोइको को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। मणिपुर की चानू, जिन्होंने एमसी मैरी कोम अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है को हालांकि एशियाई जूनियर चैम्पियन उजबेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए मेहनत करनी पड़ी। कड़े मुकाबले में चानू को सबीना के खिलाफ 3-2 से जीत मिली। इस जीत के साथ चानू ने अपने वर्ग में स्वर्ण जीता। इस बीच, 64 किग्रा वर्ग के फाइनल में लकी को हालांकि फिनलैंड की मुक्केबाज लिया पुकिला के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लकी को इस हार के बाद रजत से संतोष करना पड़ा। अल्फिया पठान (+81), विंका (60) और टी. सानामाचा चानू (75 किग्रा) अन्य भारतीय महिला मुक्केबाज हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में इससे पहले अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। अपने शानदार प्रदर्शन के लिए, विंका को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला मुक्केबाज का पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग में दो पदकों के साथ, 19 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी टीम ने अपने अभियान का समापन कुल 12 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए किया। उज्बेकिस्तान और यूक्रेन ने समग्र रूप से क्रमशः पहले और तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। एड्रियाटिक पर्ल टूर्नामेंट ने भारतीयों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा का एक आदर्श अवसर प्रदान किया क्योंकि उन्होंने लॉकडाउन के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग लिया। अब भारतीय खिला?ियों को पोलैंड में 10 से 24 अप्रैल तक होने वाली एआईबीए यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और मोंटेनेग्रो में शानदार प्रदर्शन से भारतीय दल को आने वाली चुनौतियों के लिहाज से जरूरी आत्मबल मिलेगा।

### बेबी चानू और अरुंधति ने भारत को 2 गोल्ड दिलाए

तीन बार की खेलो इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट अरुंधति ने यूक्रेन की मारयाना स्टोकियो को 5-0 से हराया। वहीं, इंफाल में मेरिकॉम के ट्रेनिंग एकेडमी में ट्रेनिंग करने वाली बेबी चानू ने उज्बेकिस्तान की एशियन जूनियर चैम्पियन सबिना बोबोकुलोवा करो 3-2 से हरा दिया। जबकि, 64 किग्रा वेट कैटेगरी में लकी राणा को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें लिया पुकिला ने 5-0 से हराया।

## बहुमत साबित करने में विफल नारायणसामी ने दिया इस्तीफा



वार्ता ◄ पुड्डुचेरी
www.dailypioneer.com

पुड्डुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने सोमवार को कांग्रेस-द्रमुक सरकार के विधानसभा में बहुमत साबित करने में विफल रहने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। श्री नारायणसामी ने विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव गिरने के बाद उप राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन से मुलाकात की और अपने मंत्रिपरिषद के साथ इस्तीफा दे दिया। यह अब उप राज्यपाल पर निर्भर है कि अगले तीन महीनों के लिए सरकार बनाने के लिए विपक्ष को आमंत्रित करें या केंद्र शासित प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करें। कांग्रेस नीत सरकार का कार्यकाल आठ जून को समाप्त हो रहा है। बहुमत परीक्षण के दौरान सभी सदस्य (सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों) सदन में मौजूद थे। कांग्रेस-द्रमुक के सात सदस्यों के इस्तीफे के बाद विपक्ष के 14 के मुकाबले इसकी ताकत घटकर 12 हो गयी। विधानसभा में वर्तमान में 26 सदस्य हैं। सदन में पार्टी की स्थितिः कांग्रेस-09 (अध्यक्ष सहित), द्रमुक-02 और निर्दलीय एक। विपक्ष- एनआर कांग्रेस -07, अन्ना द्रमुक -04 और भाजपा के तीन मनोनीत सदस्य।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में प्रस्तावित बड़ी औद्योगिक इकाइयों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल एप लांच किया

## औद्योगिक परियोजनाओं की त्वरित स्थापना, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा विकसित कराया गया है यह मोबाइल एप

पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश में प्रस्तावित बड़ी औद्योगिक इकाईयों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल एप लांच किया। प्रदेश में हजारों करोड़ की लागत से स्थापित किये जाने वाली औद्योगिक परियोजनाओं की त्वरित स्थापना हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा यह मोबाइल एप विकसित कराया गया है। उद्योग मंत्री कवासी लखमा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मोबाईल एप द्वारा उद्योगपति सीधे अपनी इकाई स्थापना के विभिन्न चरणों में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से आवश्यक सम्मति, सहमति, पंजीयन, अनापत्ति हेतु लंबित आवेदनों की जानकारी उद्योग विभाग से साझा कर सकेंगे। उद्योग विभाग द्वारा एम.ओ.यू. करने वाली प्रत्येक इकाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को रिलेशनशिप मैनेजर के रूप में नामांकित किया गया है द्य इन रिलेशनशिप अधिकारियों के माध्यम से इकाईयों के आवेदनों पर विभिन्न विभागों में त्वरित निष्पादन में मदद मिलेगी। यह मोबाईल एप एंड्रॉयड एवं एप्पल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 104 औद्योगिक इकाईयों द्वारा राज्य शासन के साथ एम.ओ.यू.निष्पादित किया गया है जिसमें लगभग 42 हजार 500 करोड़ रूपये का पूँजी निवेश किया जाना प्रस्तावित है तथा लगभग 65000 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध होगा। इन एम.ओ.यू. में प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र बस्तर संभाग में 16 इकाईयाँ प्रस्तावित है जिनमें से 09 इकाईयों द्वारा उद्योग स्थापना हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। संपादित 104 एम.ओ.यू. में से 40 इकाईयों द्वारा उद्योग स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है एवं 01 इकाई में उत्पादन भी प्रारंभ कर उनके द्वारा अपने उत्पादों का अन्य देशों को निर्यात भी प्रारंभ कर दिया गया है। सम्पादित 104 एम.ओ.यू. में स्टील क्षेत्र में 76, फार्मास्युटिकल क्षेत्र में 04, साईकल निर्माण में 01, रक्षा क्षेत्र में 03 एवं इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र की 02 इकाईयां सम्मिलित हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सरगुजा क्षेत्र में स्टील एवं एल्युमीनियम क्षेत्र में बड़े उद्योगों की स्थापना हेतु विभिन्न औद्योगिक निवेशकों द्वारा अभिरूचि प्रदर्शित की गई हैजिससे स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में प्रदेश के अति पिछड़े सरगुजा एवं बस्तर क्षेत्र में भी औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी एवं स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश में वनोपज पर आधारित 15 इकाईयों द्वारा एम.ओ.यू. सम्पादित किया जाना प्रस्तावित है जिनमें 75 करोड़ रूपये का पूँजी निवेश एवं 1000 से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा। प्रदेश का त्वरित एवं समग्र औद्योगिक विकास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। राज्य सरकार की इस नीति की पूरे देश के उद्योग जगत में तारीफ हो रही है। जिसके अनुसरण में उद्योग विभाग एवं उद्योगों से संबंधित विभागों द्वारा सूचना तकनीकी क्षेत्र का उपयोग करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ी खेल मड़ई आयोजित खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया गया




पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में छग ओलंपिक संघ द्वारा पाटन में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ी खेल मड़ई के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया गया है। विजेताओं में पुरस्कार वितरण छग ओलंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा एवं उपाध्यक्ष जी एस बॉम्बरा द्वारा किया गया। गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि सभी स्थानीय विभागों, विशेष रूप से शासकीय महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारियों का सहयोग इन खेलों को सफल बनाने में मिला है। इस मौके पर रायपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ अतुल शुक्ला सहित क्रीड़ाधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी छग टेनिस संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। पाटन खेल मंड़ई का आयोजन 20 एवं 21 फरवरी को किया गया। छत्तीसगढ़ी खेलों में संखलि, तुवे लंगरची, गेड़ी, भौंरा, गिल्ली डंडा, सुर पिट्ठूल, पुधव पुक, एवं फुगड़ी की विधा में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। खो खो की प्रतियोगिता प्रदर्शन खेल के रूप में कराई गई जिसमें भिलाई कारपोरेशन की टीम विजेता एवं राजनांदगांव उपविजेता रही। व्यक्तिगत खेल फुगड़ी-बालिका विजेता डिकेश्वरी, पाटन, उपविजेता धनिष्ठा, रायपुर और तृतीय रीना निषाद, बेमेतरा, पुधव पुक -विजेता परमेश्वर बार्रे, राजनांदगांव, उपविजेता आकाश बाघ, पाटन, तृतीय भरत साहू, गरियाबंद, नौगोदिया भौंरा में विजेता करण साहू, राजनांदगांव, उपविजेता गोपाल निषाद पाटन, तृतीय ललित रजक, बिलासपुर, गिल्ली डंडा, पुरूष वर्ग में विजेता रायपुर, उपविजेता गरियाबंद, सुर पिट्ठूल विजेता रायपुर, उपविजेता दुर्ग, गेड़ी गेंद विजेता बलौदाबाजार, उपविजेता धमतरी, तुवे लंगरची विजेता पाटन, उपविजेता रायपुर, संखलि बालिका विजेता दुर्ग और उपविजेता धमतरी रही।

# भूमि से बेदखली का भय हुआ खत्म,वर्षों से काबिज भूमि को मिला भूस्वामी का अधिकार

पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अरसे से जमीन पर काबिज पात्र लोगों को भू-स्वामी का अधिकार दिया जा रहा है। इसी कडी में जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड सक्ती के ग्राम पतेरापाली निवारी श्री डोलप्रसाद बताते है कि उन्हें वर्षो से काबिज वन भूमि का मालिकाना हक मिल गया। भूमि से बेदखली का डर खत्म होने से अब वह पूरे परिवार के साथ बेफिक्र होकर खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा वनवासियों को उनका हक दिलाने तथा उनके जीवन यापन के लिए वन भूमि पर वर्षों से काबिज क्षेत्र का वन अधिकार पट्टा दिया जा रहा है। डोलप्रसाद के परिवार में वर्षो से काबिज 0.182 हेक्टेयर भूमि का अब मालिकाना हक मिलने से खुशी का माहौल है। डोलप्रसाद ने बताया कि विगत 30 वर्ष से जिस भूमि पर खेती बाड़ी व मकान बनाकर कर रह रहे थे। राज्य सरकार ने उस भूमि का मालिक बना दिया है। जिस जमीन को हमने खेती, बाड़ी और रहने लायक बनाया उस पर अब हमारा का हक है। सरकार ने हमारा हक दिला दिया। डोलप्रसाद ने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि जमीन का पट्टा मिलने से समाज में उनका सम्मान बड़ा है। अब जमीन से बेदखली का डर नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्षो से काबिज भूमि सरकार के रिकार्ड में वन विभाग के नाम से दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें बेदखली का भय रहता था। राज्य सरकार ने उन्हें वन अधिकार पट्टा देकर चिंता से मुक्त कर दिया है।

# आधुनिक खेती से किसान उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में हो रहे कामयाब

पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लाभ के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे किसान इन योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक खेती को अपना कर अपनी आमदनी में इजाफा कर रहे हैं। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम बागबुड़ी के लोकनाथ राम ने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर परम्परागत कृषि को छोड़कर आधुनिक कृषि को अपनाया है। लोकनाथ पहले परम्परागत खेती करते आ रहे थे। जिससे वे फसलों की सिंचाई के लिए बरसात पर निर्भर रहते थे। उन्होंने परम्परागत खेती नहीं कर के आधुनिक खेती करने की सोची। उनके द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर समय-समय पर दिए गए तकनीकी परामर्श लेकर वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी कर रहे हैं। जिससे उनका लागत कम एवं मुनाफा अधिक हो रहा है। उन्होने कृषि उद्यानिकी, क्रेडा सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपने लगभग 4 एकड़ की जमीन पर मिश्रीत खेती करना प्रारंभ किया। जिसमें गन्ना, मूंगफली, उड़द जैसी फसलों के साथ ही मौसमी सब्जियों टमाटर, प्याज, लहसुन, की खेती कर रहे है। वर्तमान में रबी मौसम में उनके द्वारा मटर, गोभी एवं अन्य फसल ली जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की खेती से उन्हे लगभग 1 लाख तक की आमदनी प्राप्त हो जाएगी।

लोकनाथ को कृषि के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबी बनाने के लिए जिला प्रशासन भी भरपूर सहयोग कर रहा है। कृषि विभाग द्वारा उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्नत किस्म की सब्जी बीज, स्प्रिंकलर सेट सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही उन्हें मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने ढ़के लिए जैविक खाद के प्रयोग की सलाह दी।

क्रेडा विभाग से अनुदान के माध्यम से उनके खेत में सोलर पैनल लगवाया गया। जिससे उन्हें फसलों की सिंचाई करने की परेशानी नहीं रही। कृषि विभाग द्वारा उन्हें गन्ने की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसलिए उन्होंने इस बार अपने खेत में गन्ने की खेती की है। अब लोकनाथ अपने खेत में मनरेगा के माध्यम से डबरी निर्माण करवाकर उसमें मछली पालन भी करना चाहते है। आधुनिक और उन्नत तकनीक से खेती करने के कारण लोकनाथ की उत्पादन भी अच्छी हो रही है और आमदनी भी। जिससे लोकनाथ और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और वे क्षेत्र के अन्य किसानों को प्रेरित कर रहे हैं।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मियों ने दी कांग्रेस भवन घेराव की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम में गलत तरीके से किए गए नियुक्ति पर अधिकारी-कर्मचारियों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है. छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड कर्मचारी संघ ने प्रदेश कर्मचारी संघ के बैनर तले खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम और राजीव भवन का घेराव कर दिया. विरोध जताने के बाद नियुक्ति को रद्द करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डीएल डीएल चौधरी ने बताया कि पदोन्नति नियम को विभाग ने रौंदते हुए शाखा प्रबंधक संदीप गुप्ता को नागरिक आपूर्ति निगम में प्रतिनियुक्ति पर सरगुजा जिला प्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है. यह शासन के नियमों के खिलाफ है, न्यायसंगत नहीं है. कर्मचारियों के मुंह पर सरकारी तमाचा है। उन्होंने आगे बताया कि नागरिक आपूर्ति निगम में सहायक प्रबंधक और जिला प्रबंधक का पद सभी संवर्गों के पदोन्नति का पद है. इस पर बाहरी व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना किया जाना दंडनीय अपराध है. इसलिए ये पदोन्नति स्वीकार्य नहीं है। कर्मचारी संघ ने विभागीय मंत्री अमरजीत भगत, अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, सचिव और संचालक को ज्ञापन सौंपते हुए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है. संदीप गुप्ता के आदेश को निरस्त करते हुए उनके मूल विभाग वेयर हाउसिंग कार्पो में पुनः वापस भेजा जाए. आदेश निरस्त नहीं करने पर कामबंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधानसभा परिसर स्थित मुख्य समिति-कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मान. नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, मान. विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी, मान. संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे, मान. लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायकगण, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।

## हस्तशिल्प विकास बोर्ड के इस आयोजन से विभिन्न राज्यों की कला से लोग हुए रू-ब-रू

# दस दिनों तक शिल्प बाजार बना रहा राजधानीवासियों के मुख्य आकर्षण का केन्द्र

पायनियर संवाददाता ॥ रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ हाट परिसर पण्डरी रायपुर में आयोजित 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का समापन हुआ। गांधी शिल्प बाजार का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से किया गया था। जिसका समापन सादे समारोह में बड़े ही सादगी पूर्वक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। गांधी शिल्प बाजार 10 दिनों तक राजधानी वासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। इस अवसर पर सभी शिल्पकारों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। 12 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित इस 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप और छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा की विशिष्ट उपस्थिति में किया गया था। उल्लेखनीय है कि राजधानी वासियों के लिए शादी के सीजन में कोरोना संक्रमण काल के लंबे अंतराल बाद यह अनूठा अवसर था। जब लोगों को हस्तशिल्प विकास बोर्ड के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की शिल्प कला से रूबरू होने का मौका मिला। वहीं लोगों ने अपनी पसंद की सजावटी वस्तुओं और पारंपरिक वस्त्रों की खरीदारी की। इस गांधी शिल्पबाजार में अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करने आए विभिन्न प्रदेशों के शिल्पकारों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हस्तशिल्प विकास बोर्ड का यह आयोजन अपने आप में अनूठा है। इस तरह के आयोजन से शिल्पकारों और उनके उत्पादों को प्रोत्साहन मिलता है। इस शिल्प बाजार में उनके उत्पादों को अच्छा प्रतिसाद मिला है और भविष्य में होने वाले इस तरह के आयोजन में अवश्य अपनी सहभागिता निभाएंगें। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के महाप्रबंधक शंकर लाल धुर्वे और नोडल अधिकारी एच बी अंसारी ने बताया कि इस 10 दिवसीय शिल्प बाजार में अब तक लगभग 40 लाख रूपए की आमदनी शिल्पकारों को हुई है। शिल्पकारों द्वारा तैयार किये गए पारंपरिक वस्त्रों के साथ-साथ गृह उपयोगी और घरेलू साज-सज्जा की आकर्षक सजावटी वस्तुएँ भी बिक्री के लिए उपलब्ध थी। गौरतलब है कि शिल्प बाजार में छत्तीसगढ़ राज्य का हस्तशिल्प कला के साथ-साथ मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल,पांडिचेरी, जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों के विभिन्न शिल्पकला के 100 से अधिक शिल्पकार सम्मिलित हुए।

# छत्तीसगढ़ के विकास में बीजेपी रोड़ा न अटकाए : कवासी



**रायपुर।** मंत्री कवासी लखमा ने बीजेपी पर निशाना साधा है। कवासी लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में बीजेपी रोड़ा न अटकाए । मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि केंद्र सरकार ने बस्तर के लिए पिछले 7 साल में 7 रुपया नहीं दिया है। लखमा ने कहा कि राजनीति सिर्फ चुनाव के समय होना चाहिए। बीजेपी विकास के लिए राजनीति से ऊपर उठकर काम करे, औद्योगिक विकास के सभी जिलों में सर्वदलीय बैठक होगी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से जिला महिला कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

## बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने सर पर सिलेंडर रखकर रैली निकाली

■ तहसीलदार कोंडागांव को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला महिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के तत्वाधान में लगातार बढ़ रही मंहगाई बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामो के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया, इस दरम्यान छग प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा व राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखबति मरकाम, प्रदेश सचिव वेदवती पोयाम शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो, ब्लाक अध्यक्षगण रमिला मरकाम, बिंदा मेश्राम, रेखा कश्यप, जिला अध्यक्ष झुमुक दीवान, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, गजेंद्र राठौर, जिला महामंत्री गीतेश गांधी आदि ने लगातार बढ़ रहे पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दामो को लेकर केंद्र की मोदी सरकार का जमकर विरोध प्रदर्शन किया । कहा कि 2014 चुनाव के समय मोदी जी ने नारा लगाया था बहुत हुई मंहगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार यही नारा पुरे देश पर आज भारी पड़ रहा है, और अब ये नारा बहुत हुई मंहगाई की मार हाय हाय मोदी सरकार में परिवर्तित हो गया है।

एक तरफ तो मोदी जी हमने करोड़ों परिवारों को उज्ज्वला गैस बाटे है कहकर अपनी पीठ थपथपाते नहीं थक रहे लेकिन आज वही उज्ज्वला गैस लोगो के लिए जी का जंजाल बनी हुई है, आज गैस सिलेंडर के महगे दाम की वजह से ना गैस सिलेंडर भरवा पा रहे है, ना अब उसे रिफिल करवाने की उनमें हिम्मत बची है। वैसा ही पेट्रोल डीजल के दामों का हाल है कच्चे तेल के दामों में गिरावट के बाद भी देशवासियो आज सबसे महंगे दर पर पेट्रोल डीजल मिल रहा है जिसका सबसे ज्यादा असर इस देश के गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। और इस कमरतोड़ मंहगाई की वजह से उनके ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ता ही जा रहा है, उनके घर का बजट चरमरा गया है लेकिन बजाय इस अहम मुद्दे का कोई समाधान निकालने के मोदी सरकार कुम्भकर्णी नींद में सोई हुई है। वो केवल उसी समय जागती है, जब देश की किसी सम्पत्ति को अपने चंद उद्योगपति मित्रो को बेचना होता है प्रदर्शन के दौरान सन 2014 के गैस सिलेंडर के दामो लगा सिलेंडर और सीरीज के माध्यम से मोटरसाइकिल और कारो में पेट्रोल डालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात महिला कांग्रेस द्वारा सर पर सिलेण्डर रखकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तक रैली निकाल तहसीलदार कोंडागांव को महामहिम राष्ट्पति महोदय के नाम ज्ञापन सौपा गया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन शहर महिला कांग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन द्वारा किया गया, प्रदर्शन के दौरान राज मरकाम, गुनमति नायक, फरसगांव जनपद अध्यक्ष शिशकुमारी चनाब, पवन दुग्गा, गायत्री गॉस्वामी, हेमा देवांगन, प्रीति भारद्वाज, गीता गुप्ता, उमा दीवान, संगीता पुजारी, सुकली बाई पोयाम, सावित्री मरकाम, चंचला विश्वास, रेवती मानिकपुरी, यूसुफ रजवी, दलसाय मरकाम, सुखराम पोयाम, अनूप मंडावी, भारत देवांगन, कपिल चोपड़ा, सकुर खान, पारस गॉस्वामी, ईशान ठाकुर मौजूद थे।

## नपा अध्यक्ष ने की एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक से सौजन्य भेंट

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



बहुप्रतीक्षित ओवर ब्रीज जिसे नगर के फुटबॉल ग्राउंड मेन मार्केट को जोड़ने हेतु ब्रीज निर्माण एनएमडीसी द्वारा किया जा रहा था और विगत 04 वर्षों से निर्माण कार्य को बंद कर इसे अधूरा छोड़ दिया गया था और निर्माण कार्य को पुनः प्रारम्भ करवाने हेतु नपा अध्यक्ष मृणाल राय द्वारा दिनांक 08 फरवरी 2020 को दंतेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा को लिखित में आवदेन किया गया था लेकिन कार्य फिर भी प्रारम्भ नहीं हुई।बता दें ब्रीज निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण नगर के आम नागरिकों स्कूली बच्चे एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचने वाले लोगों को बाजार बस स्टैंड मुख्य चिकित्सालय जाने हेतु रेल पटरी पार करके जाना पड़ता है जिसमें लोगों को दिक्कतों का सामना करने के साथ ही दुर्घटना का भय बना रहता है।इन सभी परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए मृणाल राय ने पहल करते हुए पुनः एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक बी के माधव से मुलाकात कर ओवर ब्रीज निर्माण कार्य को पुनः प्रारम्भ करवाने के लिए कहा वहीं उपमहाप्रबंधक ने भी इस कार्य को एक माह के भीतर प्रारम्भ करवाने की बात कहीं।

## हासेल ग्राम पंचायत हथकली में संभागीय स्तर व्हालीबाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिला के ग्राम पंचायत हथकली आश्रित ग्राम हासेल में हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष सह नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप एवं बस्तर सांसद दिपक बैज ने संभागीय स्तर व्हालीबाल खेल प्रतियोगिता का स्वयं व्हालीबाल सर्विस करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एवं खिलाड़ियों को जीतने की बधाई देते हुए आयोजन समिति की खेल मैदान की समतलीकरण की घोषणा की ।

## माओवादी विरोधी अभियान के दौरान टेकमेटला के जंगलां से 1 माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 21फरवरी 2022 को थाना उसूर से डीआरजी एवं सीतापुर कैम्प से 229/एफ का संयुक्त बल कमलापुर, टेकमेटला, भुसापुर, लिगांपुर की ओर निकली थी । अभियान के दौरान 22 फरवरी 2021 को संयुक्त पार्टी द्वारा टेकमेटला से 01 संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने की कोशिश कर रहा था जिसे संयुक्त पार्टी द्वारा तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया । जिससे पुछताछ पर अपना नाम चिन्नावी भण्डारी उर्फ पस्के पिता कन्नैया उर्फ कन्ना उम्र 30 वर्ष निवासी मारूड़बाका थाना उसूर जिला बीजापुर का होना बताया जो माओवादी संगठन में छ्ठ्यरूर अध्यक्ष के रूप में सक्रिय है । जो थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत 24.अक्टू2020 को तुमिलगुड़ा एवं मारूड़बाका के मध्य जंगलों में पुलिस पार्टी पर हुये हमले में शामिल था । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया ।

## अभाविप में धनेंद्रमणि निषाद को मिली जिला सहसंयोजक की कमान

■ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सोरी बने

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग एवं एक दिवसीय 53 वा प्रांत अधिवेशन का आयोजन मां महामाया की पावन भूमि अंबिकापुर में किया गया। प्रांत अभ्यास वर्ग एवं अधिवेशन में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए इस बार सीमित संख्या एवं पूरी व्यवस्था के साथ संपन्न किया गया। प्रांत अभ्यास वर्ग का उद्घघाटन प्रांत अध्यक्ष प्रा. अरुण गुप्ता, प्रांत मंत्री शुभम जायसवाल एवं प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप मेहता द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द की स्तुति करते हुए दीप प्रज्वलन कर किया गया। अभ्यास वर्ग का प्रस्ताविकी प्रांत अध्यक्ष द्वारा रखा गया। जिसमें प्रांत अभ्यास वर्ग की आवश्यकता एवं महत्व को समझाया गया। अभ्यास वर्ग में अलग अलग सत्रों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया।

प्रांत अध्यक्ष द्वारा एबीवीपी की सैद्धांतिक भूमिका को लेकर पहला सत्र लिया गया। मध्यभारत क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया द्वारा एबीवीपी में बैठक और निर्णय विषय को लेकर द्वितीय सत्र लिया गया । तृतीय सत्र का आयोजन कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता व्यवहार को लेकर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने सत्र लिया। प्रांत मंत्री द्वारा आंदोलन विषय को लेकर चौथा सत्र लिया गया, एबीवीपी में आंदोलन का महत्व बताया गया। एबीवीपी की कार्यपद्धति को समझाने हेतु राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत द्वारा पांचवा सत्र लिया गया। संगठन में प्रवास का महत्व समझाने के लिए गठसह चर्चा किया गया। छठवां सत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर गठसह चर्चा का सत्र किया गया। सातवां सत्र कार्यपद्धति को लेकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री द्वारा रखा जिसमें कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर कार्यपद्धति को लेकर चर्चा किया गया। अभ्यास वर्ग का समारोप प्रांत अध्यक्ष, प्रांत मंत्री एवं प्रांत संगठन मंत्री के अभिभाषण के बाद समापन हुआ ।

देश के सबसे पुराने और सबसे ज्यादा सदस्यों वाले छात्र संघ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एव्हीबीपी के कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित करना, साथ ही नई कार्यकारणी का दायित्व सौंपने सम्बन्धी विस्तार पर था। इसी कड़ी में दो जिले कोंडागांव व नारायणपुर का जिलासंयोजक माधव पात्र व जिला सहसंयोजक के रूप में धनेंद्रमणि निषाद को संघठन ने कमान सौपी है। धनेंद्रमणि निषाद लगातार एव्हीबीपी नारायणपुर इकाई में कार्यरत रहे है और संघटन के विस्तार पर लगातार प्रयासरत रहे हैं । वही एव्हीबीपी नारायणपुर इकाई छात्र नेता सूरज साहू व नरेन्द्र शोरी को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य के रूप में अहम स्थान दिया गया।

## बीआईओपी स्कूल में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस



**किरंदुल।** बीआईओपी सीनियर सैकंडरी स्कूल में 22 फरवरी को भारत स्कॉउट एवं गाइड की ओर से बैडेन पावेल एवं लेडी बैडेन पावेल के जन्म दिवस को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य अरुमॉय विश्वास एवं विद्यालय के स्काउटर/गाइडर जे एम खरे,इंदुमती सिंह,छाया वेल्डन राम, गजानन केवटे,संजय श्रीवास्तव तथा डीएवी स्कूल से गीतांजली खरे के साथ ही बीआईओपी स्कूल से समस्त स्टाफ ने इस चिंतन,सर्व धर्म प्रार्थना कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय ट्रैकिंग कैंप अंबिकापुर में सम्मिलित हुए छात्रों को ट्रैकिंग कैंप का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुमॉय विश्वास ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की हमें नित सेवा कार्य करते रहना है साथ ही ट्रैकिन कैंप में भाग लिए छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## तीन कृषि कानून को काला कानून बताकर डिप्टी कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



दिल्ली में आंदोलनरत किसानों के समर्थन में व केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाये गए, तीन कृषि कानूनों के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोंडागॉव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहीद गुण्डाधुर महाविद्यालय से लेकर पूरे शहर की परिक्रमा करते हुए कलेक्टर कार्यालय कोंडागॉव तक लगभग 6 किलोमीटर ट्रेक्टर रैली निकाली गयी। महाविद्यालय स्थित वीर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व अमर वीर शहीद गुण्डाधुर अमर रहे के गगनभेदी नारों के साथ ट्रेक्टर रैली प्रारम्भ की गई। आंदोलनरत किसानों के समर्थन में आयोजित इस रैली में ट्रेक्टर सहित विभिन्न गावो के किसानों का हुजुम देखने को मिला।

कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कोंडागॉव जिला के संगठन प्रभारी यशवर्धन राव व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान ने उक्त रैली कोंडागांव के विभिन्न मार्गो से होकर जिला कार्यालय पहुची जहा डिप्टी कलेक्टर गौतम चंद पाटिल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से मोदी सरकार द्वारा लाये गए तीन कृषि कानून जिसके लागू होने से देश का किसान अपने ही खेत मे बंधुआ मजदूर की तरह हो जाएगा। और वो बड़े उद्योगपतियो का गुलाम बनने की ओर अग्रसर हो जाएगा को रद्द करने की मांग की गई। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की असफल आर्थिक नीतियों की वजह से देश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल डीजल रसोई गैस के दाम जिससे मध्यमवर्गीय किसान गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है, और उनका बजट बिगड़ने लगा है, उस पर लगाम लगाने हेतु मोदी सरकार को आदेशित करने का निवेदन किया गया है। रैली के दौरान केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में लगातार नारे गूंजते रहे। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, सगराम मरकाम, गजेंद्र राठौर, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, ब्लॉक कांग्रेस कोंडागॉव अध्यक्ष भारत देवांगन, माकड़ी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर मण्डावी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तबस्सुम बानो, नेता प्रतिपक्ष कोंडागांव नगर पालिका तरुण गोलछा, जिला कांग्रेस सचिव अनुराग पटेल, जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी रितेश पटेल, सह प्रभारी द्वय सर्वेश सेठिया, गोकुल प्रधान, जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवलाल मण्डावी, उपाध्यक्ष मनोज सेठिया, शहर महिला कॉंग्रेस प्रवक्ता शिल्पा देवांगन, महिला कांग्रेस नेत्री हेमा देवांगन, अतुसा दीवान, सेवक नेताम, सुकमु कोर्राम, बलदेव मरकाम, नन्दू दीवान, शम्भू मरकाम, गोकुल भारती, मंछराम भारती, जनपद सदस्य बुधराम कश्यप, घुड़न पोयाम, सुकड़ी बाई, पार्षद ललिता नेताम, पूर्व पार्षद आरती नेताम, पारस गोस्वामी, ईशान ठाकुर, हेमंत भोयर सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन व किसान मौजूद रहे।

## महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्लाबोल

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



बढ़ती महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने जबरदस्त प्रदर्शन किया साथ ही रैली निकाल अपना विरोध जताया वही राष्ट्पति के नाम का ज्ञापन सौपा। वही महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने कहा कि महंगाई कम करने में केंद्र सरकार विफल रही है।

सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर महिला कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। महात्मा गांधी जी की छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर धरने की शुरुआत की गई। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला सचिव गीता कवासी ने कहा कि बीजेपी शासनकाल में महंगाई हर दिन बढ़ती जा रही है। जिससे आम जनमानस का जीना मुश्किल हो गया है। महंगाई को रोकने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है। वही सभा को हरीश कवासी, करण देव, राजू साहू ने संबोधित किया। सभा के बाद महिला कार्यकर्ताओ ने रैली निकाली और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर के विभिन्न मार्गों में प्रदर्शन किया साथ मे मोटरसाकिल जो कि ठेले पर रख कर अपना विरोध जताया और राष्ट्पति के नाम का ज्ञापन सौपा। इस दौरान श्रीमती महेश्वरी बघेल, आयशा हुसैन, श्रीमती बबिता मंडावी, राजेश नारा, सोयम मगमा, गीता यादव, विनोद पिद्दी, कोसा कवासी, मासा कवासी समेत काफी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### किचन का बजट गड़बड़ा गया : सोयम मगमा

महिला कांग्रेस पार्टी जिलाम अध्यक्षा सोयम मगमा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज महंगाई की वजह से घर के किचन का बजट गड़बड़ा गया है। अनाज, सब्जी व गैस के दाम आसमान छू रहे है आम जनता महंगाई से त्रस्त है। ये सब केंद्र की भाजपा सरकार के कारण हो रहा है। उनकी गलत नीतियों के कारण महंगाई दिन ब दिन बढ़ रही है।

## कोकोडी जात्रा में 40 गांवों के देवी-देवता हुए शामिल, नई फसल की कटाई के बाद सुख शांति व समृद्धि के लिए मनाया जाता है जात्रा

# सुख शांति व समृद्धि की कामना, गांव वालों के साथ विधायक चंदन कश्यप शामिल हुए जात्रा में

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिला कोण्डागांव से लगे नारायणपुर जिले के कोकोड़ी के राजटेका राजेशवरी माता मंदिर में वर्षो पुरानी जात्रा की रस्म प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारम्परिक रीती-रिवाजों के साथ अदा की गई। कोकोड़ी जात्रा में स्थानीय विधायक व हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप शामिल हुए, और देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया।

करगाल परगना के कोकोड़ी जात्रा में 40 गाँवों के देवी देवता शामिल होकर तीन दिनों तक ढोल नगाड़ा की धुन पर नाच-गाकर करगाल परगना की देवी राजटेका राजेशवरी माता की पूजा अर्चना कर माता को प्रसन्न करते है। कोकोड़ी जात्रा के बाद ही विश्व प्रसिद्ध मावली मेला नारायणपुर के लिए माता की अनुमति मिलती है।

इस जात्रा में बड़ी सख्या में महिला पुरुष और बुजुर्ग ग्रामीण शामिल होकर पूजा अर्चना करते है, घोर नक्सल प्रभवित नारायणपुर जिले के कोकोड़ी में वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वहन कर बड़ी धूमधाम से मना रहे है, जो कि इस इलाके की लुप्त होती सभ्यता और पारम्परिक रीती-रिवाजो को कही ना कही बचाने में अहम कड़ी साबित होगी।

महेश्वर पात्र पुजारी ने बताया कि नारायणपुर जिले में फसल कटाई के बाद सुख समृधि के लिए वर्षो से चली आ रही करगाल परगना कोकोड़ी जात्रा पर्व मनाया जाता है। इस जात्रा पर्व के बाद ही यहाँ के तीज त्योहारों और मेलो की शुरुवात हो जाती है। विश्व प्रसिद्ध मावली मेला के पहले ग्राम कोकोड़ी में माँ राजटेका राजेशवरी के मंदिर में तीन दिनों तक ढोल नगाड़ो की धुन पर नाच गाकर माता की पूजा अर्चना कर जात्रा धूमधाम से मनाया जाता है। इस जात्रा में लगभग चालीस गाँवों के लोग पहले ही दिन से बड़ी संख्या में पहुचने लगते है, और जात्रा में शामिल होकर माता से अपनी मन्नत मांगते है।

माता मावली मेला के पहले कोकोड़ी के राजटेका राजेशवरी माता मंदिर में वर्षो पुरानी जात्रा की रस्म प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अदा की गई। तीन दिवसीय कोकोड़ी जात्रा पर्व में 40 गाँवों के देवी देवता प्रथम दिन पहुच जाते है, और रात भर देवी - देवताओं की सेवा ढोल नगाड़ो को बजाकर रेला-रेली गाते हुए नाचकर की जाती है, और अगले दिन माता की पूजा अर्चना पुरे रीति रिवाजो के साथ की जाती है, पूरा दिन ढोल नगाड़ों की गूंज पुरे माहौल को भक्तिपूर्ण बना देती है, दूर दराज से आये महिला पुरुष नाच गाकर माता की पूजा अर्चना करते है और अंतिम दिवस को सभी देवी देवताओं की विदाई की जाती है। जिले में फसल कटाई के बाद जात्रा पर्व सुख समृधि और शान्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

स्थानीय विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि कोकोड़ी जात्रा पर्व वर्षो पुराना पर्व है जिसे यहाँ के लोग आज भी पुरे विधि-विधान से मनाते आ रहे, यहाँ लगभग 40 गाँवों के देवी-देवता जात्रा में शामिल होकर ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते माता की पूजा अर्चना कर माता को प्रसन्न करते है। जात्रा पर्व के बहाने एक दुसरे से मिलने का वक्त भी ग्रामीणों को मिल जाता है और एक दुसरे की खुशी गम मिलकर बाँट भी लेते है।

# आरटीआई के मामले में आयोग ने एसडीएम को दी कड़ी चेतावनी, तहसीलदार को लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रथम अपीलीय अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में उनके न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई की तारीख के साथ, समय भी नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ताकि अपीलार्थी को समय में उपस्थित होने का मौका मिले। यह कड़ी टिप्पणी राज्य सूचना आयोग ने की है। आयोग ने टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि संबंधित पक्षकार को जारी नोटिस में समय का उल्लेख नहीं था। इसलिए वह अपना पक्ष नहीं रख पाया।

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 को किस तरह हल्के में लिया जा रहा है? यह जानना हो तो ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। रोजमर्रा के काम के लिए तहसील या अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में ही फाइलें देख लीजिए। फिर भी संतोष नहीं हो रहा तो एकाध पेशी में हिस्सा लेकर देखा जा सकता हैं।






लापरवाही और गलतियां आसानी से पकड़ी जा सकती है जैसा कि ताजा-ताजा 11 फरवरी को हुए आदेश देने के पहले गंभीर गलती ना केवल पकड़ी गई बल्कि राज्य सूचना आयोग ने इसके लिए कड़ी फटकार भी लगाई है। बता दें कि यह मामला प्रथम अपीलीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में पेश हुआ था। जहां इस गलती का होना प्रमाणित हुआ है।

### इसलिए लगाई फटकार

राज्य सूचना आयोग मुख्यालय ने पाया है कि अपील प्रकरण मांक ए/200/2020 के तहत आवेदक नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा 6 दिसंबर 2019 को द्वितीय अपील पेश की गई थी। जिसमें यह जानकारी दी गई है कि 6 सितंबर 2019 को प्रथम अपील के जवाब में 23 सितंबर को सुनवाई की तारीख की सूचना मिली लेकिन इस सूचना पत्र में समय का उल्लेख नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने उपस्थिति दी लेकिन प्रतिपक्ष की ओर से किसी की भी उपस्थिति नहीं रही। इसे आयोग मुख्यालय ने गंभीर त्रुटि माना है और प्रथम अपीलीय अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा को कड़े शब्दों में निर्देशित किया है कि भविष्य में उनके न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई की तिथि के साथ समय का भी उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए ताकि अपीलार्थी को समय सीमा में उपस्थित होने का मौका मिल सके।

### क्या है मामला

भाटापारा के नयागंज वार्ड निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा 6(1) के तहत जन सूचना अधिकारी तहसीलदार भाटापारा के कार्यालय में आवेदन पेश कर प्रथम अपील 6 सितंबर 2019 को प्रस्तुत किया था जिसमें उन्होंने ग्राम सूरजपुरा पटवारी हल्का नंबर 04 के भू-अभिलेख में दर्ज खसरा नंबर 294 का बंटवारा की तारीख और आदेश करने वाले अधिकारी के बारे में जानकारी मांगी थी। साथ में उन्होंने तहसील कार्यालय द्वारा जारी कार्यवाही से संबंधित सभी दस्तावेज की छाया प्रति की मांग भी की थी। इससे संबंधित प्रकरण की सुनवाई में जो फैसला तहसील न्यायालय से आया उससे असहमत होते हुए यह मामला आयोग मुख्यालय पहुंचा, जहां पर यह गलती पकड़ी गई है।

# बेलरगाव में 25 को होगी मेले के अवसर पर राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ◄ नगरी/बेलरगांव
www.dailypioneer.com

अँचल के बेलरगाव में 25 फरवरी को मेला मंड़ई का आयोजन समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से किया जा रहा है इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन हेतू जय मां संघर्ष समिति अमलीपारा बेलरगांव के द्वारा राज्य स्तरीय डी.जे.डाँस प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम के शुभारंभ विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के द्वारा किया जायेगा...प्रतियोगिता में सामुहिक नृत्य पर प्रथम प्रतिभागी को 10000,व्दितीय को 6000, तृतीय को 3000, और युगल प्रतिभागी प्रथम को 5000, व्दितीय को 3000, तृतीय को 1500, एकल प्रतिभागी प्रथम को 3000, व्दितीय को 2000,तृतीय को1000, रूपये नगद राशि से सम्मान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव अध्यक्षता हुमित कुमार लिमजा जनपद पंचायत नगरी, विशेष अतिथि की आसंदी पर मनोज साक्षी, जिला पंचायत सदस्य धमतरी, उमेन्द्र मरकाम सरपंच बेलरगाव, कैलाश नाथ प्रजापति, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगाव, अख्तर खान विधायक प्रतिनिधि, शशि भूषण भारती ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बेलरगाव, सुखदेव निषाद, दउवा लाल देवांगन,डोमार सिंह पटेल, अमरसिंह पटेल, पोखराज कश्यप उपसरपंच बेलरगाव।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी आयोजक समिति अध्यक्ष सुमेश कश्यप उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू सचिव टिकेश्वर यादव और कार्यक्रम के मंच संचालक सुरेश देवांगन ने दी।

# विधानसभा स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में भंडारा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विधानसभा द्वारा सोमनाथ सेवा संस्थान के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कथा का आयोजन रामायण प्रतियोगिता व भारतीय संस्कृति की उत्थान,संस्कार,प्रतिभा,पर्यावरण,प्रकृति सरंक्षण आदि सेवा भावी कार्यो को सफलता पूर्वक संचालन में लगे हुए है।नवापारा में विगत पांच दिवसों से विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांवो व शहरों में छिपे प्रतिभा को संवारने हेतु विधायक प्रमोद कुमार शर्मा जी के अथक प्रयास से किया जा रहा है ।

विधानसभा स्तरीय रामायण प्रतियोगिता नवापारा(हतबन्ध) में कुल 80 मानस मंडली ने प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमे विधानसभा से बाहर व अन्य जिलों से भी मंडलियों को आमन्त्रित किया गया ।प्रथम



पुरस्कार पर मानस परिवार श्री लोक श्रृंगार मानस मंडली आमकोनी (सुहेला) को 31000 रुपये व शील्ड से सम्मानीत किया गया।द्वितीय स्थान पर मंजू मानस मंडली चारोटी को 21000 रुपये व शील्ड के साथ सम्मान किया गया ,वन्ही तृतीय पुरुस्कार श्री राम किंकर मानस मंडली करमदा को 11000 रुपये व शील्ड के साथ सम्मान किया गया,एंव चतुर्थ पुरुस्कार सद्भावना मानस मंडली तिल्दा नेवरा को 7000 रुपये व शील्ड के साथ और पांचवे पुरुस्कार नवदुर्गा महिला मानस परिवार फुलवारी को 5000 रुपये व शील्ड के साथ सम्मान किया गया।साथ ही सभी विधाओं में उत्तम प्रदर्शन हेतु आकर्षक पुरुस्कार से नवाजा गया । ग्राम नवापारा में प्रतियोगिता के दौरान समस्त ग्राम वासियो के साथ साथ दूर दूर अंचल के श्रद्धालुओ का प्रतिदिन आना जाना लगा रहा,अंतिम दिवस लगभग 10000 से अधिक श्रद्धालुओ के लिए भोजन प्रसादी रूपी भंडारा का आयोजन किया गया।

# आरडी इलेवन ने प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि स्वर्गीय कमलेश गर्ग की स्मृति में ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वधान मे स्थानीय चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में खेला जा रहा है। स्पर्धा के 13 वें दिन के खेल का शुभारंभ सुनील महेश्वरी छाया विधायक भाटापारा विधानसभा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उनके द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय कमलेश गर्ग के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। राष्ट्रीय व राजकीय गीत के बाद मुख्य अतिथि द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के लिए सिक्का उछाला गया। आज के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सुनील महेश्वरी ने



अपने उद्बोधन में कहा कि इस टूर्नामेंट की चर्चा चारों ओर चल रही है एवं इसी तरह का आयोजन की मांग क्षेत्रवासी द्वारा की जा रही है। प्रतियोगिता के 17 वें दिन भी 3 मैच खेला गया। पहला मैच फ्रेंड्स क्लब वर्सेस एजे इलेवन मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। फ्रेंड्स क्लब ने पहले टास जीतकर एजे को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाए। 79 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्रेंड्स क्लब बलौदा बाजार की टीम 42 रनों के स्कोर पर सिमट गई। एजे मध्यप्रदेश ने पहला मैच 36 रनों से जीत लिया। दीपक को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिसने 21 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौके और दो छक्कों की सहायता से 40 रन बनाए। आज का दूसरा मैच रजिया देवरी वर्सेस आरडी राजनांदगांव के बीच खेला गया। आर डी ने टॉस जीतकर देवरी को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रजिया ने अपने सभी 10 विकेट खोकर केवल 33 रन का लक्ष्य राजनांदगांव के सामने रखा। 33 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए राजनांदगांव की टीम ने तीसरे ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर यह जीत हासिल कर ली। आर डी के संजय को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिसने छह बालों का सामना किया और शानदार तीन छक्कों की सहायता से 18 रन बनाए। आज का अंतिम मैच दूसरे राउंड के लिए दोनों ही विजेता टीम आर डी राजनंदगांव वर्सेस ए जे मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। आर डी राजनांदगांव ने एजे मध्य प्रदेश को आठ विकेट से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल मैच में प्रवेश किया। आर डी ने टास जीतकर ए जे को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ए जे ने आर डी को 80 रनों का लक्ष्य दिया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को आगामी 08 मार्च को राज्य स्तर पर आयोजित महिला सम्मेलन में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसके लिए इच्छुकों को जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर आगामी 28 फरवरी तक जमा करना होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद मिली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि यह सम्मान 25 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ऐसी महिलाओं को दिया जाएगा, जो साहित्य, शिक्षा, लोककला एवं संस्कृति, महिला एवं बच्चों के विकास के लिए किए गए सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हों, जिससे महिलाओं एवं बच्चों के जीवन-स्तर में सुधार हुआ हो।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**धमतरी।** कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में मंगलवार 23 फरवरी को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई है। कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी ने बताया कि दोपहर तीन बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जल जीवन मिशन के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु का प्रशांत यादव के नेतृत्व में जोशीला स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह/लवन
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनील यदु अपनी नियुक्ति उपरांत जिले के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात हेतु पूरे जिले के प्रत्येक मण्डलों में तय प्रवास के अनुसार शुक्रवार को लवन पंहुचे। युवा मोर्चा के उत्साही कार्यकर्ताओं ने नगर आगमन पर आतिशबाड़ी कर अपने जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। स्वागत पश्चात उद्बोधन की श्रृंखला में मण्डल अध्यक्ष प्रशांत यादव नें स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का परिचय उपस्थित कार्यकर्ताओं से कराया। मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने युवा मोर्चा की कार्यपद्धति से सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लाने




युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार आप सब ने मेरे कार्यकाल में हुए युवा मोर्चा के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित की मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनील यदु को भी आप सब का प्रेम, स्नेह लगातार मिलेगा और उनका कार्यकाल जिले में युवा मोर्चा की नई गौरवगाथा लिखेगा। जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब पूर्व की भांति मिलजुल कर कार्य करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों एवम मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष पुरजोर ढंग से रखेंगे। प्रदेश की भूपेश सरकार ने जिस तरह से युवाओं, किसानों, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों को जिस तरह ठगने का काम किया है उसके खिलाफ लड़ने की ऊर्जा केवल युवाओं में है और भारतीय जनता युवा मोर्चा उस ऊर्जा को दिशा देने का काम करेगा। हमें अपने परिश्रम से आने वाले विधानसभा चुनावों में जिले की चारों सीटें जीतकर प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है। कार्यक्रम का संचालन मण्डल कोषाध्यक्ष रामलाल कुर्रे व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष गंगा पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री आनंद यादव, जिलाध्यक्ष सुनील यदु, मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत यादव,आई टी सेल मंडल संयोजक अनुपम बाजपेयी, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद पटेल, डॉ परमानंद वर्मा, कोषाध्यक्ष रामलाल कुर्रे, वैभव तिवारी, परिचय मिश्रा, लोकेश यदु,पाकदास मानिकपुरी, गजानन्द साहू, हीरालाल अग्रवाल, गोविंद घृतलहरे, एस कुमार धीवर, सुमन साहू, रामानंद डोंडिया, नन्दा पटेल, देवचरणवर्मा, हरीश विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, गजानंद साहू, पंचदास मानिकपुरी, भुनेश्वर प्रसाद वर्मा, बंशी चलेक, दिनेश कुमार भारद्वाज, गंगाराम पटेल, सुशील कुमार साहू, कुंभकरज केंवट, जगमोहन पैकरा, संतोष यादव, मनहोहन पैकरा, राकेश पटेल, सुरज साहू, पुनित राम, चन्द्रभूषण वर्मा, मोनू कुमार विश्वकर्मा, गोविन्द घृतलहरे, नंदलाल वर्मा, चन्द्रहास वर्मा, संजय निषाद, उमेश देवदास, मलहोत्रा पटेल, परदेशी पटेल, रामप्रसाद साहू, भीम बंजारे, केशव सेन, सुमेर वर्मा, संजय कुमार, राजा केंवट, हेमन्त कुमार साहू, पारथ कुमार वर्मा, भोला वर्मा, आनंद यादव, रामदुलार ध्रुव, प्रमोद कुमार वर्मा, संतोष यादव, किशन खांडे जनपद सदस्य, मनाराम पटेल, दिलीप यादव, ईश्वरी निषाद, कमलेश पटेल, जीवन पटेल, विकास तिवारी, रामाधार यादव, फत्तेलाल धीवर, संतकुमार पैकरा, घुरऊ राम वर्मा, रामकृपाल वर्मा प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## 15 लाख की लागत से बने पंचायत भवन एवं राशन दुकान का लोकार्पण

# लाखों के विकास कार्यों का संसदीय सचिव ने मुसुवाडीह में किया भूमिपूजन व लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह/लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू के मुख्यातिथ्य में पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें 15 लाख के लागत से बने नवीन पंचायत भवन एवं राशन दुकान का लोकार्पण एवं 2 लाख की लागत से बनने वाले रंगमंच तथा 3 लाख की लागत से होने वाले कांक्रीटीकरण का भूमिपूजन शामिल है। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पहुँचे संसदीय सचिव एवं अन्य अतिथियों का बाजे गाजे के साथ ग्रामीणजनों ने पुष्पमाला , पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया, तत्पश्चात सम्माननीय अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान माननीय संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने उपस्थित सम्माननीय जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार कृषि व किसानों के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे देश मे हमारे छत्तीसगढ़ में किसानों के धान सर्वाधिक कीमत (2500 रु समर्थन मूल्य) पर खरीदी करने वाला पहला राज्य है।उन्होंने बीते दो वर्ष में भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों के साथ साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा से जनता के हित में कार्य करती आई है और हर पल जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य कर रही है।हमारे कसडोल विधानसभा क्षेत्र में ही बीते




दो वर्षों में करोडो के विकास कार्य हुए हैं तथा आगे भी विकास की यह गति नही थमेगी, निरंतर विकास कार्य किये जायेंगे। कार्यक्रम को राकेश वर्मा, खिलेंद्र वर्मा, हितेंद्र ठाकुर एवं युवराज चंद्राकर ने संबोधित किया। जिला प्रवक्ता अयाज अहमद फारूकी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा युवा साथियों को क्रिकेट कीट खेल सामग्री प्रदाय की गई। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्माननित किया गया।

ग्रामवासियों को मिली लाखों के विकास कार्यों की सौगात इस अवसर पर सरपंचजी एवं ग्रामवासियो की मांग पर माननीय संसदीय सचिव ने ग्राम पंचायत मुसवाडीह में लाखों के विकास कार्यो की घोषणा की जिसमे सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख, प्रेमलाल रजक के घर से शमशानघाट तक गली कांक्रीटीकरण हेतु 5 लाख एवं सेमहराडीह में मेंन रोड से स्कूल तक सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 5 लाख की घोषणा की। समस्त ग्रामवासियो ने विकास कार्यों के लिए मुख्य अतिथि का आभार माना।

इस अवसर पर राकेश वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, हितेंद्र ठाकुर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार, युवराज चंद्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संडी, मोनू महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, बिशेषर वर्मा महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संडी, अयाज अहमद फारूकी प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार, तिमिर उपाध्याय जनपद सदस्य प्रतिनिधि सिमगा,सुनील साहू विधायक प्रतिनिधि, सुनील कुर्रे अध्यक्ष अनु. जाति विभाग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी, प्रेमदास बघेल ,वामन टिकरिहा, रज्जु शेरखान, मुनिराम वर्मा, नरेंद्र बंजारे, रवि अनंत, सुशीला वर्मा सरपंच मुसवाडीह, आशीष वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, अरुण डहरिया,राजू सायतोड़े, अगेश्वर कश्यप, मनहरण यदु, चिंताराम सारथी, मंत् राम ध्रुव,खोरबहारा विश्वकर्मा, देवचारण निषाद, चंद्रिका वर्मा, पंच राम सारथी, मिथलेश्वरी साहू, बलराम पॉल, रेणु वर्मा, नंद कुमार टंडन, अंजलि सारथी, बिराजो बाई वर्मा, घासी राम यदु, भोकलु रजक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### त्रिद्विसीय राज्य स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 26 से

**बलौदा बाजार।** जिला कबड्डी संघ बलौदाबाजार द्वारा 26 से 28 फरवरी तक राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन किया गया है. यह आयोजन का 20वां वर्ष है. छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष धीरज बाजपेयी ने बताया कि आयोजन में 25 जिलों के बालक, बालिका के दल भाग लेंगे. वहीं प्रदेश स्तर के लगभग 50 रैफरी भी इसमें शामिल होंगे। दिन एवं रात आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता सिंथेटिक मैट में खेली जायेगी। गौरतलब है कि बलौदाबाजार विकासखंड का कबड्डी में गौरवशाली इतिहास रहा है. अविभाजित मध्यप्रदेश में बलौदाबाजार के कबड्डी खिलाड़ियों में स्व. संतोष कुमार बाजपेयी, स्व. करीम खान, बाबा खान, पुनीतराम वर्मा, कौशलेश दुबे, शिव पाण्डेय आदि ने अंचल की पताका कबड्डी के क्षेत्र में राज्य व राष्ट्र स्तर पर फहराया है. विगत 19 वर्षों से दशहरा मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जिसे देखने खेल प्रेमी दूर-दूर से पहुंचते हैं।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली के रिंकू शर्मा हत्याकांड- हिंदू युवा वाहिनी एवं हिंदू समाज ने दी श्रद्धांजलि



**सरायपाली।** दिल्ली के रिंकू शर्मा की निर्मम हत्या से पूरा देश सकते में न्याय की मांग करते हुए हिंदू युवा वाहिनी एवं हिंदू समाज के तत्वधान में राम भक्त भाई रिंकू शर्मा को जयस्तंभ चौक में श्रद्धांजलि दी गई जहां युवाओं में बहुत आक्रोश देखा गया उपस्थित सभी भाइयों ने एक स्वर में हत्याकांड के आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की। हिंदू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष उग्रसेन सखारे, राजेंद्र विपिन उपोवेजा, अमित सिंह आहूजा, टकेश्वर जयसवाल, दशरथी यदु, आशीष सेन, सोनू पाढी, आयुष साहू, मनीष त्रिपाठी, खिरेन्द पटेल, शिवा चौहान हितेश साहू महेश साहू योगेंद्र बंजारे नरेश भोई, सुनील प्रधान विनोद नेताम हेमंत पटेल चंद्रहास बंजारा ललित साहू गुलशन नायक, मुरली वैष्णो, किशन जयसवाल, लकी पटेल शिवम राकेश आदि लोग उपस्थित थे।

# न कोई टेस्ट, न ही कोई परीक्षा, 1500 का ड्राईविंग लाइसेंस 4000 में बनाकर दे रहें एजेंट, अधिकारियों का कमीशन तय

■ **परिहवन विभाग में एजेंटों पर रोक होने के बावजूद भी पूरा काम उन पर ही टीका**

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




सरकारी नियमों की धज्जियां सिर्फ असमाजिक तत्व ही नहीं उड़ाते। धज्जियां उड़ाने में कभी-कभी अधिकारियों की शह और मिली भगत भी होती है। मिली भगत का खेल खेलने वाले शासकीय विभागों में सबसे अधिक सुर्खियों में परिवहन विभाग होता है। परिवहन विभाग में वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र से लेकर ड्राईविंग लाइसेंस जारी करने तक में एजेंट व दलालों की सक्रियता से आम लोगों की जेबें ढिली हो रही है और उन्हें सुगम रास्ते की जगह एजेंट का ही रास्ता बताया जाता है ताकि मोटी कमीशन मिल सके। परिवहन विभाग में इन दिनों फिटनेस के साथ ही ड्राईविंग लाइसेंस जारी करने की फीस को लेकर सुर्खियों में है। विभाग में

**पायनियर खुलासा**

ड्राईविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जाने वाले जरूरतमंदों को नियम कायदों की इतनी डोज दे दी जाती है कि वे परिहवन विभाग के मानिंद एजेंटों के पास मजबूर होकर जाते हैं और 10 रुपए में होने वाला काम के एवज में उन्हें 1000 देकर आते हैं। ड्राईविंग लाइसेंस के लिए ऐसा ही खेल खेला जा रहा है। सरकारी नियमों और शुल्क के मुताबिक एक सामान्य ड्राइविंग लाइसेंस की फीस 1500 से 1800 रुपए के बीच है। लेकिन एजेंट के माध्यम से यह फीस 4000 रुपए तक वसूली जा रही है। एजेंट के पास 4000 रुपए दे देने के बाद आवेदक का न कोई टेस्ट लिया जाता है और न ही कोई परीक्षा आयोजित होती है। और बिना किसी ट्रेनिंग और प्रशिक्षण लिए वह सड़कों पर खतरा मोल लेकर खुद गाड़ी चला रहे हैं और दूसरों के लिए भी खतरा की घंटी बजा रहे हैं।

**अधिकारियों का कमीशन फिक्स** – परिवहन विभाग में एक लाइसेंस बनवाने के लिए एक सामान्य आवेदक को नियमों को फॉलो करते-करते कम से कम तीन चप्पल तोड़ने पड़ेंगे और उसके बाद भी उसे लाइसेंस मिल जाएगाा इसकी कोई गारंटी नहीं है। लेकिन अगर यही काम 4000 रुपए की फीस देकर एजेंट के माध्यम से किया जाए तो एक महीने के भीतर आसानी से हो जाएगा। इसके पीछे की एक बड़ी वजह यह है कि प्रत्येक लाइसेंस को ओके करने वाले अधिकारियों का कमीशन उसी 4000 रुपए में फिक्स है। टेस्ट कराने वाले, फिटनेस बताने वाले और सड़क का प्रशिक्षण देने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की सेवा करने करने के बाद बिना किसी जांच पड़ताल के लाइसेंस इश्यू किया जा रहा है।

### बढ़ते हादसे इसकी प्रमुख वजह

सड़कों मे बढ़ते हादसे इसकी प्रमुख वजह है। मोटर साइकिल हादसों में अधिकांश ऐसे ही युवाओं की जान जा रही है जिन्हें बिना किसी लर्निंग और प्रशिक्षण के लाइसेंस जारी कर दिया जा रहा है। सालाना हजारों लोग सड़क हादसे में काल के गाल में समा जा रहे हैं। वहीं ऐसी अंधेरगर्दी से बनाए जा रहे लाइसेंस के रोकथाम कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

परिवहन विभाग में एजेंटों की सक्रियता और लाइसेंस की फीस के संबंध में बातचीत करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे के दो मोबाइल नंबर पर फोन किया गया पर संपर्क नहीं हो सका। व्हाट्सएप और मोबाइल में मैसेज का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# अंकेक्षण, निरीक्षण एवं लेखा संधारण के लिए किया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला




■ **कमिश्नर चुरेंद्र के मार्गदर्शन में कार्यशाला का किया गया आयोजन**

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सोमवार को बस्तर कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में कार्यालयीन कार्यो एवं अभिलेख संधारण में सुधार लाने हेतु संभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में किया गया। कमिश्नर चुरेन्द्र के द्वारा कार्यालयों में संधारित की जाने वाली लेखाओं का संधारण तथा अभिलेखों का उचित रख-रखाव में सुधार हेतु संभाग के सभी आहरण सह वितरण अधिकारी एवं संबंधित लेखा लिपिकों के लिए कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में संभाग के सातों जिलो के संबंधित कार्यालय से लगभग 170 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यशाला को संभाग के समस्त सात जिलो के लगभग 900 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से ऑनलाइन प्रसारित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, संयुक्त संचालक वित्त दीवाकर राठौर, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी धीरज नशीने सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सोमनाथ सेवा संस्थान का विधानसभा स्तरीय रामायण स्पर्धा

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा.बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विधानसभा के समस्त गांवो के प्रतिभा को निखारने के लिए अंचल में भक्ति भाव की गंगा मर्यादा की कथा के रूप में ग्राम नवापारा(हतबन्ध) में प्रवाहित हो रही है। आज की मंडली में कमर्दा मानस परिवार द्वारा सुंदर कांड की व्याख्या की गई जिसमें रामायण सातों कांडों में सुंदर कांड की महत्ता बताते हुए हनुमान जी सुरसा से मुलाकात कर मार्मिक क्षणों व वैराग्य की बातों का सत्संग की गंगा प्रवाहित की गई।महिला मानस परिवार बहेसर द्वारा सत्संग में रामायण हमारे ब्यवहार की दर्पण की उदाहरण देते हुए बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुति दी गयी।झंकार मानस परिवार मोहतरा द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गयी जिसमे तबला वादक पलटू की कलात्मक वादन की खूब सराहना की गई एंव प्रोत्साहन राशि से भी विशेष रूप से सम्मान की गई,साथ ही साथ अथिति के रूप में पधारे जिला पंचायत राजू शर्मा का रामायण स्थल में श्री राम दरबार प्रतिमा से सम्मान किया गया। दूर-दूर अंचल के मानस परिवारों का आगमन लगातार हो रहे है ,साथ ही विधानसभा के बाहर गांवो व शहरों के मंडलियों को भी आमन्त्रित किया जा रहा है ,जो प्रतियोगिता से बाहर रखकर उसे विशेष आमन्त्रित मंडलियों में शामिल कर सत्संग का लाभ प्राप्त की जा रही है।

गौरतलब है कि गांवो के प्रतिभा को निखारने के लिए ये अवसर पहली बार विधानसभा बलौदाबाजार में आयोजन हो रहे है ,गांव गांव से आये मंडलियों द्वारा इस गरिमामयी आयोजन का भूरी भूरी प्रसंशा हो रही है,खासकर महिलाओं, बच्चों व युवाओ का गजब का उत्साह देखने को मिल रहे है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक बलौदाबाजार माननीय प्रमोद कुमार शर्मा जी ,जिला पंचायत सभा पति राजू शर्मा,सोमनाथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री जितेंद्र महले जी,राममरंग वैष्णव अशोक यादव, पारस साहू, आशीष पांडे सुरेन्द्र साहू निज सचिव ,अनिल वर्मा निज सचिव ,मिनेष नायक विधायक प्रतिनिधि ,देवेंन्द्र यदु समाज सेवी, वर्मा भागवत, लोकनाथ, मंच संचालन लोमेश वर्मा, चोवाराम बादल मोहन वर्मा विश्वनाथ वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी नवापारा का विशेष सहयोग रहा।



# सरदा के ग्रामीणों ने पेयजल संकट दूर करने की मांग को लेकर किया चक्काजाम, तत्काल पहुंची बोरवेल गाड़ी प्रारम्भ हुआ बोर खनन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम सरदा (बेरला) के सैंकड़ों ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर किया 4 घण्टे किया चक्काजाम जिसमें महिलाओं ने मोर्चा संभाला और खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। विगत 2 महीनों से सरदा के ग्रामीण एक किलोमीटर तक का सफर तय कर पीने का पानी लाने को मजबूर है। बता दे कि बड़े क्षेत्रफल व बड़ी आबादी वाले ग्राम सरदा में एकमात्र सार्वजनिक बोर आज चालू है इससे परेशान होकर ग्रामीण लगातार पंचायत व पीएचई विभाग तक गुहार लगाकर थक चुके थे। और आज सभी सैंकड़ों ग्रामीण आक्रोशित होकर चक्काजाम हेतु सड़क पर उतरे। ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा भी उतरे। लगातार भूजल स्तर गिरते जा रहा है जिससे पेयजल व्यवस्था चरमरा रही है। किंतु पीएचई विभाग के अधिकारियों की भूमिका निरंकुश है न ही अधिकारी फोन उठाते है न ही उचित पहल करते है।चक्काजाम के दौरान तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, नायाब तहसीलदार रविन्द्र कुर्रे, पीएचई के एसडीओ ए आर ध्रुव, थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट व ग्राम सचिव नीतू साहू उपस्थित मौके पर उपस्थित रही। वहीं ग्रामीणों में वाहिद खान, अब्दुल खान, चतुर साहू, यश जैन, सबीना, सनाया, नारद यादव, अकबर खान, फरीदा बी, साकेत साहू, निशा, शानू, नोहर पाल, नसीबुन बी, रेशमा बी, जेबा पखीन , प्रीति पाल, सरफराज अली, गुलाम अली, हसीना फतिमा, अनीता पाल, पूकेस्वरी पाल, खेमीन पाल, खोमेस्वरी पाल, उतरा पाल, पुस्पा पाल, कुमारी पाल,रेखा पाल, रामवती पाल, मौथरा पाल, सहुनाज बी, सफेरान, डिकेश साहू, भूपेंद्र साहू, विनायक अली, शुखबती, गुड्डी बी जमीला खान, महेरुम बी, बैतूल बी, नोहर साहू, जैनब बी, नीलोफर, नजमा बी, नसीबुन, नियामत मोहम्मद व सैंकड़ों ग्रामीण उपास्थि रहे।

# धमनी में अवैध प्लाटिंग की जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिल्हा ब्लाक के ग्राम धमनी में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग और विद्युत विभाग की अनुमति के बिना ही सौ से ज्यादा बिजली खंभे लगाने की खबर पर प्रशासन ने फौरी तौर पर धमनी के अवैध प्लाटिग वाली जमीन की रजिस्ट्री करने पर रोक लगा दी है और इसकी सूचना पंजीयन विभाग को भी दे दी गई है । कायदे से इस तरह जनता को दिग्भ्रमित कर और प्रशासन की आखों में धूल झोंकने वालो के खिलाफ एफ आई होनी चाहिए अन्यथा प्रशासन के अधिकारियों पर बिना मतलब भूमाफियाओं के साथ सांठगांठ होने का आरोप लगने लगेगा। उल्लेखनीय है कि बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी में एक दो नहीं बल्कि 30 एकड़ से भी ज्यादा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग किए जाने की खबर प्रमुखता से दी थी जिन जमीन पर अवैध प्लाटिंग हो रही है वह पूरी तरह मुरूम खदान वाली क्षेत्र है जहां पानी भी उपलब्ध नहीं है मगर स्मार्ट सिटी में डेड सो रुपए में प्रति वर्ग फुट की दर से जमीन उपलब्ध कराने का सब्जबाग दिखाकर कुछ भूमाफिया किसानों से जमीन लेकर और साथ में किसानों के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं भोली भाली जनता को कम रेट में प्लाट उपलब्ध कराने का झांसा देकर अवैध रूप से प्लाटिंग वाले क्षेत्र में बिजली विभाग की अनुमति के बगैर 100 से भी ज्यादा बिजली खंभे लगा दिए हैं इतना ही नहीं खंभों में तार भी डाल दिए हैं ताकि खरीददार को लगेगी वहां पर बिजली कनेक्शन हो चुका है वहां पर ट्रांसफार्मर का अता पता नहीं है या पूरा खेल प्रशासन की आंखों में भूल कर धूल झोंक कर किया जा रहा है निगम प्रशासन के अधिकारी शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई का दावा करते आ रहे हैं मगर ध्वनि में बड़े भूभाग में धड़ल्ले के साथ हो रहे अवैध प्लाटिंग पर नजर क्यों नहीं जा रही समझ से परे परे है। डेड सो रुपए में बाजार में अच्छी क्वालिटी की चड्डी तक नहीं मिलती मगर भू माफिया डेड सो रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से स्मार्ट सिटी हमें और विमानतल से 2 किलोमीटर की दूरी पर प्लाट दिलाने का दावा कर रहे हैं अवैध प्लाटिंग कर करोड़ों कमा चुकी इन भू माफियाओं पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही इस खबर के बाद बिल्हा एसडीएम श्री साहू ने बताया कि ग्राम धमनी में अवैध प्लाटिंग की सूचना पर हमने अवैध प्लाटिंग वाले क्षेत्र की जमीन पर रजिस्ट्री किए जाने पर पूरी तरह रोक लगा दी है और इसकी सूचना पंजीयन विभाग को दे दी है रहा सवाल विद्युत पोल लगाने का तो तो यह देखने का काम विद्युत विभाग का है।

# देश में महंगाई को कांग्रेस ने ही जन्म दिया : कामता

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष कामता पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि महंगाई और कांग्रेसी दोनो दामन का साथ रहता है. लगातार सात दशकों तक केन्द्र एवं राज्य में एक साथ सरकार चलाने वाली कांग्रेस ने ही महंगाई को इस देश पर थोपाहै. किसानों की तो कांग्रेस ही किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया है. अपने लम्बे शासनकाल में कृषि सुधारों पर कभी ध्यान ही नही दिया है. स्वाी नाथान कमेटी जिसकी रिपोर्ट के आधार पर नए कृषि कानून बनाए गए हैं. यह रिपोर्ट पिछले कई सालों से रद्दी की टोकरी में प?ी थी. इस देश के प्रधानमंत्री ने छोटे किसानों की हितों में ध्यान में रखकर नए कृषि कानून बनाए गए हैं. इस कृषि कानून का आर्थिक उसी तरह से विरोध हो रहा है जिस तरह सं.प.नेहरू देश में लाए गए हरित क्रांति लागू होने से हुआ था. हम सब इस तथ्य से भली भांति परिचित है कि हरित क्रांति लागू होने से ही देश आज खाद्यान्न मामलों में आत्म निर्भर बना है. इसी तरह नए कृषि कानूनों से भी किसानों को समृद्धि मिलेगी. वे देशभर में ही कहीं भी अपनी फसलों को बेचने के लिए स्वतंत्र होंगा. कामता पटेल ने कहा कि कांग्रेस कभी भी गरीबों का चिन्तन ही नहीं किया. उनका काम फुट डालो देश में राज करो का रहा. आज किसान स्वयं बारदाना कर धान बेच पा रहा है, आज हजारों किसानों को सरकार बारदाना का राशि भी नहीं दे पा रहे हैं. घोषणापत्र में 2 साल का बोनस उनका भी दूर-दूर तक कोई अता पता नही है. पटेल ने प्रदेश सरकार पर कहां कि किसानों का 2500 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की गई है, उसका भी पूरा राशि किसानों के खाते में नी डाल पायी है, कांग्रेस सरकार को चाहिए कि वे तत्काल किसानों को राशि दे। यही उनकी गंगाजल की सच्ची कसम होगी।

# अधिवक्ता संघ कसडोल का जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक शकुन्तला साहू ने किया



पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरीडीह/ लवन
www.dailypioneer.com

नगर कसडोल के गुरु घासीदास स्कूल में अधिवक्ता संघ कसडोल द्वारा जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सुश्री शकुन्तला साहू ने की इस प्रतियोगिता में पूरे जिले के अधिवक्ता गण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी भाग लेंगे । इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोरेलाल साहू जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानस पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, अशोक यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलूचंदन साहू, महिला ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यादव, लवन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल बर्वे, पार्षद खिलावन डहरिया, विकास यादव, सेवती कैवर्त, कसडोल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भास्कर साहू ,भवानी श्रीवास, राजेश साहू, ईश्वर यादव, जिला महासचिव लीलाधर साहू,अधिवक्ता गण शिव साहू ,उदित राम निषाद ,सुशील साहू ,देवचरण साहू ,केवल प्रसाद साहू ,दिनेश कुमार वैष्णव ,अमित देवांगन ,सुभाष चंद्र दुबे, सुयश तिवारी, मितेश चौहान, शेरसिह ध्रुव, राजु जायसवाल, मुन्ना सरपंच, मुरारी धीवर, रामशंकर पटेल, अशोक पटेल एवं भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीजल पेट्रोल की कीमत कम करने सौंपा गया ज्ञापन

# पेट्रोल-डीजल का वेट कम करें राज्य सरकार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छ.ग. प्रदेश के पूर्व पदाधिकारी एवं जिला बेमेतरा के पूर्व जिलाध्यक्ष दाऊ राम चौहान ने कहा कि देश की आम जनता इन दिनों पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं पिछले 11 दिनों में लगातार डीजल एवं पेट्रोल का कीमतों में इजाफा हुआ है आज पेट्रोल 92.20 पैसा प्रति लीटर हो गया है जबकि डीजल 88.07 पैसा प्रति लीटर हो गई है बढ़ती कीमतों के बीच केंद्र की सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार पर आम जनता नाराजगी जताई गई है जिसे देखते हुए चौहन ने राज्यपाल नई दिल्ली एवं राज्यपाल छत्तीसगढ़ को डीजल पेट्रोल की महंगाई कम करने के नाम से जिला बेमेतरा के दंडाधिकारी दुर्गेश वर्मा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया हाले की सरकार का कहना है की ईंधन की कीमतों पर उसका कंट्रोल नहीं है केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है दाम तो अंतरराष्ट्रीय कीमतों की वजह से बढ़ रहे हैं लेकिन आपको जब यह पता चलेगा की 1 लीटर पेट्रोल पर केंद्र और राज्य सरकारें आपकी जेब से टैक्स के रूप में कितना पैसा वसूल रही है तो आप सकते में आ जाएंगे अगर बात करें छत्तीसगढ़ की तो यहां आम लोगों को पेट्रोल एवं डीजल पर केंद्र और राज्य सरकार 53.51 टैक्स देना पड़ रहा है जिस पेट्रोल 29.00एवं डीजल का बेस प्राइस 30.55 पैसे हैं उनके लिए आम आदमी को पेट्रोल 92.20 एवं डीजल 88.07 भुगतान कर रहा है पेट्रोल डीजल की महंगाई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों हैं क्योंकि डीजल के जरिए ही ट्रकों से माल ढुलाई होती है इसलिए राशन से लेकर के सब्जी तक सारे मार्केट को डीजल की महंगाई कंट्रोल करती है इन आंकड़ों से आपको ये समझ में आएगा की दाम कितना है और सरकारे कितना टैक्स वसूल रही है आगे चौहान ने कहा कि यह सब कमाई के नाम पर किया गया, कोरोना काल मे जब सब कुछ बंद था मगर कमाई बढ़ गई तब भी राज्य सरकारें वेट टैक्स नहीं घटाया क्योंकि तेल का दाम बढ़ने से टैक्स की लेयरिंग का असली फायदा राज्य सरकारें उठा रही हैं केंद्र में एक्साइड ड्यूटी फायदा है फिर वह फिक्स रहती है मगर राज्य सरकारें का प्रतिशत में वेट बेस प्राइस के साथ बढ़ता रहा इंडियन ऑयल के मुताबिक 1 लीटर पेट्रोल की एक्स फैक्ट्री कीमत तो महज 31.82 पैसे ही है दरअसल अपने यहां पेट्रोल और डीजल की जरिए केंद्र और तमाम राज्य सरकारें अपना खजाना भरने का काम करती है इन उत्पादों के जरिए केंद्र और राज्य सरकारों को मोटी कमाई होती है दिल्ली की बात करें तो यहां केंद्र सरकार रू. 32.90 पैसे टैक्स वसूल रही है तो राज्य सरकार रू. 20.61 पैसे का केंद्र और राज्यों का कुल टैक्स रू 53.51 पैसे बन जाता है पेट्रोल के मुकाबले डीजल महंगा इंधन होता है लेकिन इसका उपयोग खेती-बाड़ी के अलावा सामानों की ढुलाई में भी खूब होता है यदि इस पर ज्यादा टैक्स थोपा गया तो न सिर्फ खेती महंगी हो जाती है बल्कि बाजार में महंगाई बढ़ जाती है केंद्र सरकार पेट्रोल डीजल पर बेतहाशा टैक्स लगा रही है कोरोना कॉल मैं जब सब कुछ बंद था तो 6 मई 2020 को केंद्र सरकार नए पेट्रोल पंप 10 और डीजल पर 13 एक्साइज ड्यूटी बढ़ाए गए थे तब सब कुछ बंद था सरकार की कमाई का यही जरिया है। लेकिन अब सब कुछ खुल गया है तो सरकार को एक्साइज ड्यूटी वापस नहीं ले रहे हैं महंगाई में राज्य सरकारें दूध की धूली है वह भी कंबल ओढ़ कर घी पी रहे हैं कोरोना काल में राज्य सरकार ने भी अपना वेट टेक्स खूब बढ़ाया था। आगे दाऊराम चौहान ने केंद्र सरकार एवं समस्त राज्यो के सरकार से अपील की गई है कि डीजल पेट्रोल का वेट टैक्स को कम किया जाए ताकि आम जनता को महंगाई से राहत मिल सके।

पीएचई विभाग को पेयजल व्यवस्था के लिए तैयार रहना पड़ेगा निरंकुशता से काम नहीं चलेगा, क्योंकि इस बार जल स्तर अन्य वर्षों के अपेक्षा समय से पहले नीचे जा रहा है।

**राहुल योगराज टिकरिहा**


## कब्जा सूचना

जबकि, असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदारों से उक्त सूचनाओं में उनके संबंधित नाम के सामने वर्णित राशियां, उन पर भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू दरों पर ब्याज, अनुषंगी खर्चों, लागतों, प्रभारों इत्यादि के साथ, उक्त सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

| ऋण संख्या बैंक का नाम | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि तक बकाया | कब्जा की तिथि एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| SHLHRAIP0000058 | शोभा बनर्जी | 20–04–2018 रू. 30,98,543/– | 19–02–2021 भौतिक |

सम्पत्ति वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति क्षेत्रफल परिमाप 1500 वर्ग फीट, जो प्लॉट नबंर 48, खसरा नंबर 505 का भाग, गोगोआन, पीसी नंबर 107, आरआईसी– रायपुर–I, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है।

जबकि इसमें ऊपर वर्णित कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों को विशेष रूप से और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां ऊपर वर्णित संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों का भौतिक कब्जा उपरिवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से ऊपर वर्णित कर्जदारों तथा जनसाधारण को उपरोक्त संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और उपरोक्त संपत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थान : छत्तीसगढ
तिथि : 23–02–2021

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

Arcil Premier ARC
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएन : U65999MH2002PLC134884, वेबसाइट : www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापट मार्ग, मुंबई–400028, फोन : 022–66581300/399
सम्पर्क पता : 404, चतुर्थ तल, अपरा टावर, एससीओ – 130 से 132, निकट बसंत रेस्टोरेंट, फिरोज गांधी मार्किट, लुधियाना, फोन : 0161–4567603

संपादकीय

# पंजाब निकाय चुनाव अमरिंदर की सफलता

**पंजाब** निकाय चुनाव परिणामों ने दिखा दिया है कि कांग्रेस को छोड़ कर मैदान में उतरी अन्य सभी पार्टियों को एक या दूसरे तरीके से नुकसान उठाना पड़ा। वास्तव में हाल में घोषित पंजाब निकाय चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा। पार्टी ने चुनाव की 2,218 सीटों में से 1,373 पर विजय पाई। इसके बाद शिरोमणि अकाली दल-शिअद को 285, आम आदमी पार्टी को 60, भाजपा को 49 तथा बहुजन समाज पार्टी-बसपा को पांच सीटों पर सफलता मिली। निर्दलीय उम्मीदवार लगभग आधी 392 सीटों पर जीते। इन आंकड़ों के साथ ही इन परिणामों के कुछ मजेदार निष्कर्ष हैं। पहला, राज्य में अपनी सरकार होने और इस प्रकार सत्ता-विरोधी लहर के खतरे के बावजूद कांग्रेस ने सिद्ध कर दिया है कि पंजाब में जमीनी लोकतंत्र पर उसकी असंदिग्ध पकड़ है। इस विजय से नवजोत सिंह सिद्धू के मुकाबले मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की स्थिति मजबूत हुई है जो पार्टी आलाकमान से अपने लिए राज्य पार्टी प्रमुख की भूमिका मांग रहे थे। इसे मिशन 'कैप्टेन फार 2022' की घोषणा से देखा जा सकता है। पार्टी की शानदार विजय ने आम आदमी पार्टी-आप के उभार की उम्मीदों को समय से पहले ही कुचल दिया है। कांग्रेस को भय था कि किसान आंदोलन में सहभागिता से आप पुनर्जीवित हो सकती है।

पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी आप तीसरे स्थान पर आई है और वह शिरोमणि अकाली दल-शिअद से बहुत पीछे है। लगता है कि केन्द्र में भाजपा के साथ पहले साझेदारी के कारण शिअद को हार का मुंह देखना पड़ा है। 2014 के लोकसभा चुनाव तथा 2017 के विधानसभा चुनाव में आप के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद राज्य में इसके मजबूत स्थानों में फिसलन दिखाई दी, हालांकि किसान आंदोलन का समर्थन कर उसने अपनी मजबूती का निश्चित रास्ता खोज लिया है। पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप नेता विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने के बारे में काफी मुखर थे। पार्टी को उम्मीद थी कि वह किसान आंदोलन के समर्थन का लाभ उठा कर बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी। लेकिन अब उसे स्पष्ट रूप से अपना चुनावी आधार मजबूत करने के बारे में काफी विचार करना होगा। इस चुनाव पर राजनीतिक विश्लेषकों की गहरी नजर थी क्योंकि वह किसान आंदोलन तथा शिअद के भाजपा से अलग होने के बाद राज्य में पहला महत्वपूर्ण चुनाव था। शिअद-भाजपा साझेदारी टूटने से दोनों दलों को चुनावी नुकसान हुआ है। चुनाव परिणाम ने स्पष्ट कर दिया है कि न केवल ग्रामीण, बल्कि शहरी मतदाता भी भाजपा से नाराज है। गुरुदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर जैसे अपने मजबूत गढ़ों में भाजपा का सफाया हो गया और शिअद का अपने गढ़ भटिंडा में भी प्रदर्शन खराब रहा जहां से पूर्व केन्द्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल सांसद हैं। राज्य में शिअद से किसान और खासकर सिख किसान बहुत नाराज थे। वे इस पार्टी को वोट नहीं देना चाहते थे क्योंकि उसका पहले भाजपा के साथ गठबंधन था और मतदाता दोनों से काफी दूरी बनाए रखना चाहते थे। पंजाब में निकाय चुनाव के इस दौर के बाद अब मजेदार विधानसभा चुनाव का मंच तैयार हो गया है।

# सही दिशा में उठाया गया कदम

## बाल तस्करी से बचे लोगों और अभियोजन पक्ष के गवाहों की गवाही की आभासी रिकॉर्डिंग यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी कि बचे लोग न्याय प्राप्त करें।



**सुरेश कुमार**
(लेखक डायरेक्ट सेंटर के कार्यकारी निदेशक हैं)



बाल तस्करी से बचे लोगों और अभियोजन पक्ष के गवाहों की गवाही की हालिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर, जिन्हें अदालतों में अपने निवास स्थान से दूर रहने की आवश्यकता है, यह सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी छलांग होगी कि उत्तरजीवी न्याय प्राप्त कर सकते हैं। भारत में अवैध होने के बावजूद, जबरन और बंधुआ मजदूरी का कुप्रथा व्यापक रूप से बच्चों और बाल तस्करी के यौन शोषण के लिए जारी है, अक्सर अपराध के अपराधियों के लिए नपुंसकता और बचे लोगों के लिए सीमित कानूनी सहारा। देश में हाशिए के परिवारों के बच्चे, लड़कियां और लड़के दोनों विभिन्न शोषणकारी स्थितियों में लिप्त हैं। जबकि नाबालिग लड़के बाल श्रम, जबरन श्रम, बंधुआ मजदूरी के अधीन होते हैं, ज्यादातर लड़कियां घरेलू मदद और सेक्स स्लेव के रूप में सेवा करती हैं, जहां उनका यौन शोषण किया जाता है। अफसोस की बात है कि बाल तस्करी एक मांग से चलने वाली समस्या है। श्रम और वाणिज्यिक सेक्स बाजार में बच्चों की मांग है, इसलिए आपूर्ति होती है। वास्तव में, ऐसे उद्योग हैं जो मुख्य रूप से बच्चों की फुर्तीली उंगलियों पर चलते हैं जैसे कि चूड़ी बनाना, जरी बनाना, पटाखा उत्पादन और कपास की खेती भी। बच्चे अपनी कम ऊंचाई के कारण कपास के खेतों में लगे हुए हैं जो कपास की तेजी से लूट करने में सक्षम हैं।

आश्चर्यजनक रूप से, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 370 के माध्यम से मानव तस्करी के अपराध को 2012 निर्भया गैंगरेप-कम-मर्डर की घटना के बाद संहिताबद्ध किया गया था, हालाँकि इसे उस समय से देश में असंवैधानिक करार दिया गया है जब भारत का संविधान प्रभावी हो गया था। 2018 में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (हृष्टत्रक्क) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्र में मानव तस्करी के 1,830 मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि, कार्यकर्ताओं का कहना है कि वास्तविक आंकड़ा बहुत अधिक हो सकता है क्योंकि कई पीड़ित पुलिस के साथ मामले दर्ज नहीं करते हैं, बड़े पैमाने पर क्योंकि वे कानून को नहीं जानते हैं या तस्करों से डरते हैं। उसी वर्ष, सरकार ने 545 मामलों में अभियोजन पूरा किया, 95 मामलों में 322 तस्करों को दोषी ठहराया और 450 मामलों में 1,124 संदिग्धों को बरी कर दिया। 2018 में तस्करी के मामलों में बरी होने की दर 83 प्रतिशत को छू गई। गरीबी, भारी धन की भागीदारी और सजा की बेहद कम दर देश में एक बड़ी समस्या बनने वाले बाल तस्करी में योगदान करती है। पीड़ितों को बचाए जाने के बाद और एक आपराधिक मामला दर्ज किया जाता है, अक्सर बाद की पुलिस जांच और अभियोजन के परिणामस्वरूप सजा नहीं मिलती है क्योंकि अधिकांश मामले अंतर-राज्य होते हैं और ऐसे अपराधों से निपटने के लिए राज्यों के बीच समन्वय के लिए एक कमजोर तंत्र है। बचे या गवाहों को या तो तस्करों द्वारा अपने पक्ष में बोलने के लिए अदालत में ले जाया जाता है या पीड़ित अदालत में पेश होने में विफल होते हैं क्योंकि उनके पास मामले को आगे बढ़ाने के लिए समय, पैसा और ऊर्जा नहीं होती है। नतीजतन, तस्कर अक्सर अपराध से दूर हो जाते हैं। दूसरी ओर, जीवित बचे लोगों को अक्सर परेशान किया जाता है, उन्हें डराया जाता है और सामाजिक कलंक के लिए कमजोर बनाया जाता है, खराब जांच और धीमी परीक्षणों के कारण पीड़ित को और अधिक पीड़ित महसूस किया जाता है। गवाहों और उनके परिवारों को डराने के मामले बहुत अधिक हैं। इसका एक आदर्श उदाहरण रौशन केस है (उसका असली नाम नहीं)। रौशन, चार अन्य बच्चों के साथ, गया, बिहार के सभी मूल निवासी, 2016 में जयपुर, राजस्थान की चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्रियों में से एक से बचाया गया था। बाद में वे जयपुर कोर्ट में पेश हुए और कथित भगदड़ के खिलाफ अपनी गवाही दर्ज की। उन्हें अपने गृह राज्य में आगमन पर गंभीर खतरों और धमकी का सामना करना पड़ा। तीन महीने के बाद, रौशन, उसकी मां और एक अन्य बाल मजदूर की मां, जिन्होंने तस्कर के खिलाफ गवाही दी थी, का अपहरण कर लिया गया था। गया से बस 110 किलोमीटर दूर छुड़ाए जाने के दौरान तस्करों के खिलाफ अदालत में मामला चलाने के लिए उन्हें ट्रेन से जयपुर ले जाया जा रहा था। यह ्रष्ठत्र-ष्ट्वह्रष्ठ के तेजी से हस्तक्षेप के माध्यम से किया गया था जिसे सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मदद के लिए संपर्क किया गया था। नतीजतन, गया में एक ही तस्कर और उसके गुर्गों के खिलाफ तीन लोगों के अपहरण की दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक मजबूत सुरक्षा तंत्र की अनुपस्थिति में, बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई में फिर से तस्करी एक और बड़ी चुनौती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तस्करी करने वाले बच्चे समय की अवधि में कुशल हो जाते हैं और उन प्रतिष्ठानों के लिए संपत्ति बन जाते हैं जिन्हें उनकी सेवाओं की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि वे अपने परिवारों के साथ पुनर्निवेश के तुरंत बाद बचाया जा रहा है या तस्करी के अधीन हो जाते हैं। उदाहरण के लिए, कोरोनावायरस महामारी द्वारा आवश्यक लॉकडाउन के दौरान, एक 12 वर्षीय लड़के शैलेन्द्र (उसका असली नाम नहीं) को अन्य बच्चों के साथ जयपुर में एक चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्री से बचाया गया था। हालांकि, उनके 13 वर्षीय बड़े भाई नरेंद्र (उनका असली नाम नहीं), बचाव अभियान के दौरान तस्करों द्वारा छिपाए गए थे। शैलेन्द्र द्वारा गया में अपने परिवार के साथ फिर से एकजुट होने के बाद, उसने यातना की चौंकाने वाली प्रकृति का खुलासा किया कि वह अन्य बच्चों के साथ कारखाने के मालिकों के हाथों से गुजर रही थी। शैलेंद्र ने अपने माता-पिता से कहा, ''अगर हमने काम ठीक से नहीं किया, या गलती से एक चूड़ी टूट गई, तो हम बेरहम हो गए। लंबे समय तक काम करने के बाद जब हम देर रात तक सोते रहे, तो सजा के तौर पर मिर्च पाउडर को हमारी आंखों में छिड़क दिया गया। कमरे में उनके पास एक म्यूजिक सिस्टम था और जब भी वे हमें पीटते थे तो वे हमारे रोने को डूबने के लिए पूरी मात्रा में संगीत बजाते थे, ताकि किसी को पता न चले कि कारखाने में क्या हो रहा है। हालांकि, बचाव के एक सप्ताह के भीतर, तस्कर अपने घर पहुंचे और शैलेन्द्र को जयपुर में कारखाने में वापस ले जाने के लिए कहा। माता-पिता द्वारा इसका घोर विरोध किया गया और उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके बड़े बेटे, नरेंद्र को भी घर भेज दिया जाए। लेकिन तस्कर ने उन पर बढ़ते दबाव को बनाए रखा ताकि बच्चे को उसके साथ वापस जयपुर जाने दिया जा सके। उसने माता-पिता से कहा कि अगर वे उसकी इच्छा का पालन नहीं करते हैं तो उनके बड़े बच्चे को मार दिया जाएगा। मां ने बाल तस्करी के खिलाफ लड़ने वाले एक गैर-सरकारी संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता विजय केवट के साथ बात की, जो तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए उसे नजदीकी पुलिस स्टेशन ले गए। प्राथमिकी दर्ज की गई और नरेंद्र को दिसंबर 2020 में गया पुलिस द्वारा घर वापस लाया गया। एक गैर सरकारी संगठन के समर्थन के साथ एक गवाह सुरक्षा आवेदन को इस संबंध में जिले में सक्षम प्राधिकारी के पास भेज दिया गया है। बाल तस्करी के आसपास के गंभीर परिदृश्य को देखते हुए, वीडियोकांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही की रिकॉर्डिंग देश में संपन्न रैकेट पर भारी प्रभाव डालेगी। बिहार के कुछ शहरों में लगभग 12 से 15 बाल तस्कर हैं, जो लंबे समय से सक्रिय हैं और अभी भी बच्चों की तस्करी की सहायता करने और पालने में शामिल हैं।

# उपेक्षा का शिकार सौर ऊर्जा क्षेत्र

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



जिस देश में सूर्य की पूजा की जाती है, सौर ऊर्जा को भविष्य की ऊर्जा माना जाता है। भारत में सौर ऊर्जा की प्रचुर उपलब्धता न केवल मापनीयता सुनिश्चित करती है, बल्कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा को भी प्रभावित करती है। भारत 748 गीगावाट सौर ऊर्जा पैदा कर सकता है बशर्ते तीन प्रतिशत बेकार भूमि सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल से ढकी हो। इस लक्ष्य को पूरा करना सरकार का राष्ट्रीय सौर मिशन (एनएसएम) है जो भारत को एक वैश्विक सौर ऊर्जा अगुवा के रूप में विकसित करने के लिए अनिवार्य है। एनएसएम का उद्देश्य 2022 तक 100 गीगावाट ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित करना और गैर-नाभिकीय ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से 40 प्रतिशत संचयी इलेक्ट्रिक पावर स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए लक्षित राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को साकार करने के लिए भारत की सहायता करना है, 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 35 प्रतिशत तक कम करने के लिए। लेकिन ये ऊंची महत्वाकांक्षाएं जमीन पर हुए विकास से मेल नहीं खाती हैं और हाल के वर्षों में क्षमता वृद्धि में गिरावट उसी का प्रमाण है। इस सुस्ती का कारण विभिन्न प्रकार की बेवजह की बाधाएं हैं जिन्हें एक सुस्त सरकारी नीति शासन द्वारा बढ़ने दिया गया है। यह पीवी सेल उत्पादन की स्थिति से और स्पष्ट है जो अभी तक वास्तव में प्रतिस्पर्धी बन गया है। इन चुनौतियों को जोड़ने से लगभग 40 प्रतिशत तक संचरण हानि होती है, जो सौर ऊर्जा उत्पादन को अत्यधिक अक्षम बनाती है। इन शर्तों को भारत में प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता की कमी से और भी बदतर बना दिया गया है, खासकर सौर कोशिकाओं की विशेष स्थापना के लिए सबस्टेशनों के पास।



दूसरी ओर परियोजना की लागत बढ़ रही है, कर्ज बढ़ रहा है, जबकि सौर ऊर्जा निगम ऑफ इंडिया (एसइसीआई) द्वारा नीलामियों में सबसे कम दरों का हवाला देकर 23,600 मेगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में से लगभग एक तिहाई, विभिन्न दावेदारों द्वारा जीता गया। इंटर स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) अनिश्चित भविष्य की ओर देख रहा है क्योंकि एजेंसी को अभी तक इन सौर/पवन ऊर्जा उत्पादन इकाइयों से बिजली के लिए खरीदार नहीं मिले हैं।

प्रणालीगत मुद्दे भी हैं। उदाहरण के लिए, आपूर्ति पक्ष में सौर ऊर्जा आपूर्तिकर्ताओं के लिए मुख्य शिकायत निम्ने टैरिफ हैं जो दुनिया में सबसे कम हैं। इसके ऊपर, राज्य सरकारें जोर देकर कहती हैं कि कंपनियां सस्ते दामों पर डिस्कॉम को बिजली बेचती हैं, जो इन कंपनियों के लाभ मार्जिन को नुकसान पहुंचाता है और गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करता है। भुगतान में पुरानी देरी के साथ संयुक्त कम टैरिफ का मतलब है कि बैंक भी इन फर्मों को उधार देने के लिए अनिच्छुक हो जाते हैं, क्योंकि वे लाभ स्थिरता के अनिश्चित हैं। इन शर्तों में सरकार के हस्तक्षेप की कमी काफी परेशान कर रही है, लेकिन जब राज्य सरकारें पावर पर्चेज अग्रीमेंट (पीपीए) की शर्तों पर फिर से भुगतान करती हैं और भुगतान के समय टैरिफ पुनर्वितरण की मांग करती हैं, तो यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है। यदि सौर ऊर्जा क्षेत्र को विकसित करना है तो इन अस्वास्थ्यकर प्रथाओं को केंद्र द्वारा रोका जाना चाहिए। हाल ही में घोषित बजट इन चिंताओं को दूर करने और क्षेत्र को मजबूती से पटरी पर लाने का एक शानदार अवसर था, लेकिन किसी भी तरह ऐसा नहीं हुआ।

बजट ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को यह महसूस करने के लिए छोड़ दिया कि न केवल इसकी आवश्यकताएं पूरी नहीं हुई हैं, बल्कि कुछ मौजूदा लाभ भी छीन लिए गए हैं। इस संबंध में एक अवांछित परिवर्तन मशीनरी, उपकरणों, उपकरणों, घटकों या सहायक उपकरणों के लिए कस्टम ड्यूटी से संबंधित है, जिसमें सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं के परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं, जो पहले पांच प्रतिशत पर कैप किया गया था। यह छूट दूर की गई है। डेवलपर्स अब आयात की बढ़ी हुई लागत के बोझ में दब जाएंगे और इससे कानून के दावों में बदलाव के लिए पीपीए के तहत मुकदमेबाजी भी होगी। सौर ऊर्जा उद्योग का समर्थन करने के लिए एक अभावग्रस्त प्रयास के बजाय, सरकार ने चुनौतियों का समाधान करने के लिए अच्छा काम किया होगा। सब्सिडी संरचना और बहुत अधिक एजेंसियों, बिजली बोर्डों और बिजली नियामक आयोग की भागीदारी की जटिलता सौर पीवी परियोजनाओं के विकास को मुश्किल बनाती है। बजट में इन सभी जटिल संरचनाओं को ध्वस्त करना चाहिए था और वित्तपोषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, जो पीवी निर्माताओं के लिए एक प्रमुख मुद्दा है। सरकार को उद्योग विकास और पीवी को अपनाने के लिए मानव संसाधन के प्रशिक्षण और विकास के अलावा पीवी उद्योग और पीवी उत्पादों की खपत को बढ़ाने के लिए एक मजबूत वित्तपोषण बुनियादी ढांचा, मॉडल और व्यवस्था स्थापित करनी चाहिए। यह एक सकारात्मक व्यापक प्रभाव होता और पीवी आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के लिए इंट्रा-उद्योग सहयोग में सुधार करता, जो लागत को कम करने में योगदान देता। इसके अतिरिक्त, केंद्र प्रौद्योगिकी, अर्थशास्त्र और पीवी उत्पादों और मॉड्यूल के सही उपयोग के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बनाने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित कर सकता था। निर्माता के अंत में, सिस्टम निर्माताओं के संतुलन के साथ सहयोग करने और सटीक बाजार डेटा, रुझानों और अनुमानों को इकट्ठा करने और प्रकाशित करने में, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के माध्यम से तकनीकी जानकारी साझा करके जागरूकता को संचालित किया जा सकता था। अंत में, सरकार को सौर ऊर्जा लक्ष्यों को मेक इन इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों के साथ जोड़ना चाहिए। इसने इस आशाजनक क्षेत्र को एक नया दृष्टिकोण दिया और देश में संपूर्ण नवीकरणीय विद्युत प्रणाली के विकास और परिवर्तन को सुनिश्चित किया।

## फरमाया



वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जिलों तक लाभ पहुंचाने हेतु केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करते हुए सहकारी संघवाद को अधिक सार्थक बनाना होगा।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हमें** अपनी क्षमताएं बढ़ाने की, विस्तार करने की और बहुत सी ऐसी वस्तुओं का और अधिक उत्पादन करने की आवश्यकता है जो अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक हैं।

– **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री



**भारत** ने 150 से अधिक देशों को बहुमूल्य दवाएं, डायगनोस्टिक किटें एवं निजी सुरक्षा उपकरण मुहैया कराकर महामारी के विरुद्ध प्रयासों में वैश्विक नेता की भूमिका अदा की है।

– **एंटोनियो गुटरेस,** संयुक्त राष्ट्र महासचिव

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## फिर सतर्कता आवश्यक

**विगत** समय से चल रही कोरोना संक्रमण महामारी में कुछ समय पहले राहत मिली थी। परन्तु फिर कोरोना संक्रमण महामारी अपने पांव पसारने लगी। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर देश मे 28 दिन बाद नए केस 14 हजार के पार है। कोरोना महामारी के दर्द से अभी पूरी तरह उबर भी नही पाए और ये आंकड़े एक बार फिर चिंता की लकीरों को बढ़ाने में पीछे नही। इसमे कोई दो मत नही लोगो का अतिविश्वास और लापरवाही ही भारी पड़ती नजर आ रही है। लोगो ने कोरोना को बिल्कुल हल्के में लेकर मास्क , सैनिटाइजर , और गाइड लाइन की अनदेखी कर दी। चौराहों पर भीड़ तंत्र में भी नही के बराबर मास्क का उपयोग हो रहा है। केरल, महाराष्ट्र, पंजाब , छत्तीसगढ़, और मप्र में बढ़ते कोरोना के केस हम सभी के लिए चिन्तनीय है। महामारी को हवा देने में हमारे समारोह, और भीड़तंत्र के सार्वजनिक कार्यक्रम भी कम नही हैं। अब समझ से परे यह लगता है कि लोगो को अपनी जान की परवाह क्यों नही? मास्क नही लगाकर कोंन सी बहादुरी का तमगा जितना चाहते है? ठीक है देश मे वैक्सीन आ गई है परन्तु पूरी तरह से बेफिक्र हो जाना और अनदेखी करना कहां की बुद्धिमत्ता है?

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

## बाइडेन की गंभीर चेतावनी

**उइगर** मुसलमानों को दी जा रही यातनाओं और मानवाधिकार के उल्लंघन को लेकर चीन विश्व के अन्य देशों से गर्मागर्म बहस के दौर में है। अमेरिका द्वारा राष्ट्रपति बाइडेन की चीन को परिणाम भुगतने की चेतावनी जायज तो है पर उस घर की आड़ में अमेरिका अपनी भड़ास ना निकाले तो ही उचित होगा क्योंकि इससे विश्व के हित प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप प्रशासन के समय से ही चीन अमेरिका के निशाने पर है। वुहान का सच और चीन की झूठ के बीच कई बार दोनों देश आमने सामने भी हुए। परिस्थितियां गंभीर भी बनी मगर कोई चिंगारी नहीं भड़की तो दुनिया ने राहत की सांस ली। चीनी अकड़ और अमेरिकी भड़ास अभी गई नहीं है। अब अमेरिका उईगर मुस्लिमों के मामले में चीन से दो-दो हाथ पर उतारू है। उईगरों को यातनाओं और मानवाधिकार के उल्लंघन के मामले को लेकर अमेरिका टकराहट के मूड में है और उसने चीन को परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दे डाली है। जहां तक उईगिरो के साथ हो रहे अत्याचार का मामला है चीन को उसे समझना चाहिए और उन्हें उनका हक देना ही चाहिए मगर उईगरों की आड़ में अगर अमेरिका चीन से अपनी भड़ास निकालने की फिराक में है तो यह ठीक नहीं है। दोनों मामले अलग-अलग हैं।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

## निजीकरण नहीं सुधार जरूरी

**केंद्र** सरकार द्वारा क्रमशः शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे, बीमा के साथ बैंकिंग क्षेत्र में भी निजीकरण की ओर कदम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पचास वर्ष पूर्व गरीबों की बैंकों तक पहुंच बढ़ाने हेतु देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इसके बाद कमजोर बैंको का किया गया विलीनीकरण तो उचित रहा है, किंतु निजीकरण के दुष्परिणाम से सुपरिचित होने के बावजूद शासन को बैंकों के निजीकरण के निर्णय पर अवश्य ही पर पुर्नविचार करना चाहिए। ज्ञातव्य है कि अनेक बार ऐसा देखने को मिला है कि निजी बैंकों में ग्राहकों की जमा राशि पूर्व में डूबी है,तो कुछ के प्रबंध मंडल ही बैंक को चट कर गए तथा सहकारी बैंको में भी ऐसा ही कुछ चलने से कुछ बैंके बंद हो गई। गौरतलब है कि राष्ट्रीयकृत बैंको पर ग्राहकों का जितना भरोसा होता है उतना वैसे भी निजी बैंको पर संभव नहीं ,फिर भी यदि राष्ट्रीयकृत बैंकों में शासन को दोष दिखते हैं ,तो बजाय राष्ट्रीयकृत बैंको के सिस्टम में सुधार किया जाना जाय या समृद्ध बैंक में विलीनीकरण करना उचित होगा।

– **बीएल शर्मा**, तराना, उज्जैन

## क्विक न्यूज

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की आगामी बैठक 26 को

**कवर्धा।** शासकीय सेवकों के सेवा संबंधी हितकारी बिन्दुओं के अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की आगामी बैठक 26 फरवरी को सायं 4 बजे कलेक्टर कार्यालय में नियत की गई है। सभी विभाग के कार्यालय प्रमुख बैठक में चर्चा हेतु पूर्व बैठक दो मार्च 2020 के पालन प्रतिवेदन के साथ नियत तिंथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना उपस्थित रहेंगे।

### सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 27 को

**कवर्धा।** जिला पंचायत कबीरधाम के समान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 27 फरवरी को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया है। समान्य सभा एवं प्रशासन स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। समान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक दोपहर 12 बजे से और सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा।

# पोंडी में यादव समाज का मातर-मड़ई आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



रविवार के दिन पोंडी में यादव समाज के द्वारा मातर-मड़ई आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व पोंडी यादव समाज के लोगों द्वारा भरपूर जोर शोर से मातर जगाया गया था। यह आयोजन पोंडी में ग्राम के किसान बंधुओ के सहयोग से यादव समाज के जोहित यादव के नेतृत्व में दैहान किया गया था। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रायपुर से पहुंचे मोहम्मद अकबर केबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि मो. बड़े भाई अध्यक्षता अशोक सिह ठाकुर पार्षद नगरपालिका कवर्धा विशिष्ट अतिथि भागवत साहू कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ग्राम पटेल अमित अवस्थी पंच कांग्रेस कार्यकर्ता, मो. इश्लामुद गाउटिया पंच, सरपंच प्रतिनिधि फगुराम कुर्रे विजय ठाकुर जनपद सदस्य .चौकी प्रभारी पोड़ी संदीप चौबे मो हबीब भाई, बिहारी तंबोली जी उपस्थित रहे। आयोजन में यादव समाज के लोगों की जबरदस्त भीड़ इकट्ठा हुआ।सर्वप्रथम यादव समाज के लोगों ने अपने ईस्ट देव फुड़हर देव का पूजा अर्चना कर मातर का प्रारंभ किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात पहुचे यादव समाज के लोगो ने पारंपरिक नृत्य राउत नाचा में जमकर थिरकते नजर आए राउत नाचा में पुरानी परंपरा के गढ़वा बाजा में राउत परियों के साथ नाचते मातर देखने आए लोगो का मन अपने ओर आकर्षित कर रहे थे। राउत नाचा के बाद पूरे यादव अपनी परंपरा अनुसार जमीन में बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण किये। मातर के बाद पूरे गांव में यादवो ने अपना परम्परागत राउत नाचा करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। मंत्री अकबर देंगे 10-10 हजार रुपये जिला अध्यक्ष शिवनारायण यादव ने मंत्री मो. अकबर जी एवं ग्रामवासियों का किया आभार। आयोजन में पोंडी से 2 टीम, बोल्दा, सिल्हाटी, मारियाटोला, खैरीपार का अखाड़ा प्रदर्शन ने लोगों को भरपूर उत्साहित किया। शिवनारायण यादव जिला अध्यक्ष झेरिया यादव कबीरधाम ने बताया कि इस मातर में आये सभी यादवों की टीम को मंत्री मो.अकबर 10-10 हजार रु आयोजन में आये 5 टीम को देंगे वही सगौना में यादव समाज के छात्रा वास के लिए 5 लाख रुपए पूर्व में दिए जाने को लेकर भर आभर व्यक्त मंत्री मो.अकबर का किया साथ साथ कुछ दिनों बाद बड़े रुप में यादव समाज का आम सभा का आयोजन किया जाएगा। मातर का आयोजन पोंडी के गौपालक किसान और समस्त यादव समाज से जोहित यादव बाबूराम यादव, मोहित यादव, जगदीश धनेश्वर, धनउराम, भादुराम यादव, सुशील यादव, रामेश्वर यादव, ललित यादव और समस्त ग्राम वासी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन में विशेष रूप से भागवत साहू अमित अवस्थी इस्लामुद भैया एवं ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

### पुधव पुक और तुवे लंगरची जैसे छत्तीसगढ़ी खेलों की शानदार यादें लेकर विदा हुए खिलाड़ी



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पाटन की धरती ने अरसे बाद ग्रामीण खेलों के रंग देखे। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ग्रामीण खेलों का आज समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संखली, पिट्ठुल जैसे खेल जो कभी उत्साह से खेले जाते थे और लगभग विस्मृत कर दिए गए थे उनको पुनः खेला जाते देखकर और इसके उत्साह और उमंग को देखकर दर्शक काफी उत्साहित हुए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जुटे दर्शक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आये राजेश साहू ने बताया कि यहाँ प्रतियोगिता में भाग लेकर बड़ी खुशी हुई। खोखो जैसे खेल बचपन में खूब खेलते थे लेकिन अब इनकी जगह दूसरे खेल आ गए। हमारे पारंपरिक खेलों का जादू आज हमने महसूस किया। पुरई से आये प्रतिभागियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन खेलों को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। हमारे पाटन में भी इस तरह का आयोजन हो सकता है यह देखकर हम सबको गहरी खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा एवं संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्वेता सिन्हा भी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। खिलाड़ियों ने कहा कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी खेलों में बहुत आनंद आया। हम अपने गांव और शहर में लौटकर इनके बारे में सभी को जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि आयोजन में तुवे लंगरची, पुधव पुक जैसे खेल खेले गए जो विस्मृत हो रहे थे। इन खेलों को भी इस आयोजन से संजीवनी मिली है।

## फाइनल मैच के विजेता बना सहगाँव इलेवन शामिल हुए विधायक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लाक के ग्राम पँचायत बलौदिकला के आश्रित ग्राम मड़पार खुर्द में मड़ई एवं टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगीता के पुरुष्कार समारोह में मुख्यआतिथ्य आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुय।

**ग्रामवासियों द्वारा विधायक का भव्य स्वागत** - इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि आज ग्राम पँचायत बलौदिकला के आश्रित ग्राम मुड़पारखुर्द में भव्य मड़ई एव क्रिकेट प्रतियोगिता के पुरुष्कार समारोह का भव्य आयोजन रखा गया है,बलौदिकला के युवा साथियों के द्वारा आपसी समरस्ता, एकजुटता का परिचय देते हुये बढ़िया महौल में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिया आयोजन किया गया प्रतियोगिता का समापन दिवस है प्रतिवर्ष बलौदिकला में सफलतम आयोजन हमारे युवा साथियों के द्वारा किया जा रहा है,आयोजन में काफी दूर दूर से टीमो ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन किया, खेल हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है, हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए,खेल एक सिक्के दो पहलू है जब दो टीमो के बीच प्रतिस्पर्धा होती है तो एक टीम की जीत व दूसरी टीम की हार होती है खेल में हार जीत मायने नही रखता मायने रखता है हम खेल को किस उद्देश्य के साथ खेले है, भाई चारे आपसी समरसता के साथ खेले।आज टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सहगांव इलेवन और स्थानीय टीम बलौदिकलां इलेवन के मध्य खेला गया।

## बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में कोविड टीकाकरण अभियान का सफल व सुरक्षित आगाज

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरू स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केन्द्र में कोविड-19 के टीकाकरण अभियान सफल आयोजन किया गया है। इस टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में अब तक 1427 स्वास्थ्य कर्मचारियों व चिकित्सकों पैरा-मेडिकल स्टॉफ तथा अस्पताल से सम्बद्ध ठेका कर्मचारियों सहित 865 कोरोना केयर से जुड़े फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोविड-19 से बचाव हेतु टीका लगाया गया है। इस प्रकार अब तक 2292 व्यक्तियों को टीका लगाया जा चुका है। विदित हो कि इस टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ 25 जनवरी 2021 को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता, ने किया था। इस अवसर पर सीएचएमओ दुर्ग डॉ. जी एस ठाकुर, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एस के इस्सर सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय में चल रहे इस कोविड टीकाकरण अभियान को एसीएमओ व शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संबिता पण्डा के कुशल नेतृत्व में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की पूरी टीम इस सम्पूर्ण अभियान को सुरक्षित व सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है।

**प्रतिदिन 200 व्यक्तियों का टीकाकरण-** बीएसपी अस्पताल में टीकाकरण अभियान के तहत प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक अस्पताल के बी-2 वार्ड में अधिक से अधिक लाभार्थियों का टीकाकरण जारी है। प्रथम सत्र में प्रतिदिन 100 लोगों को टीका लगाया जा रहा था।

### लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों को निर्धारित समय में निराकरण करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों से काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में समय-सीमा के तहत सभी प्रकार के प्रकरणों को निराकरण करने के लिए विभागों के अधिकारियों को प्रतिबध्दता के साथ विशेष रूप से प्रयास करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आमजनों को सही समय पर मिल सके। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर शर्मा ने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोक सेवा गांरटी अधिनियम में प्राप्त आवेदनों का नियमित मॉनिटरिंग करें। कोई भी शिकायत किसी अधिकारी को प्राप्त होती है तो उसका निराकरण निर्धारित समय पर करें। यदि पंचायत, विकासखंड जनपद, तहसील, अनुभाग एवं जिले स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का हर संभव प्रयास करें, इसके लिए विभागीय अधिकारी मैदानी अमलों की बैठक लेकर उन्हें समझाईस दे। कलेक्टर ने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत मैनुअल और ऑनलाइन से प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं लंबित आवेदनों का कारण सहित जानकारी दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। बैठक में वनमंडलाअधिकारी दिलराज प्रभाकर, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डिप्टी कलेक्टर विपुल गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मोबाइल चोर को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है, कि चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाते हुए चोरी गया मशरूका को जल्द से जल्द बरामद कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पी.आर. कुजूर के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के द्वारा लगातार अपराध पर अंकुश लगाते हुए उचित कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रार्थी अनिल कुमार जैन पिता भवरलाल जैन उम्र 44 वर्ष वार्ड नंबर 26 नवीन बाजार कवर्धा के द्वारा 20/अक्टू2020 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19/अक्टू2020 को मेरे दुकान बंद करने के बाद रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा मेरे दुकान के अंदर घुस कर मोबाइल दुकान से मोबाइल चोरी कर ले गया है, का रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 564/2020 धारा, 457, 380 आईपीसी दर्ज कर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा चोरी गए मोबाइल फोन तथा आरोपी चोर की पता तलाश कोतवाली टीम से कराया जा रहा था जिसका 22/फर 2021 को थाना कोतवाली के विश्वासनीय मुखबिर के सूचना के आधार पर आरोपी यशवंत मेरावी पिता कुलूम मेरावी उम्र 18 वर्ष 6 माह साकिन रेवाबद तालाब के पीछे वार्ड नंबर 27 से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर 05 नग मोबाइल फोन चोरी करना स्वीकार किया जिसमें 01नग वीवो,01नग ओप्पो 01नग रेशमी, 02 नग चाइना मोबाइल चोरी करना बताया। जिसमें 03 नग मोबाइल फोन कीमती 30000/. रुपया व 02 नाक चाइना मोबाइल पर गेम खेलने से खराब हो जाने पर नाले में फेंक देना बताया गया। जिसे गवाहों के समक्ष गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश सोम के नेतृत्व में उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रवंशी, आरक्षक वीरेंद्र साहू, आरक्षक कुलेश्वर सिन्हा, आरक्षक सुधीर, सैनिक अनिल पांडे का सराहनीय योगदान रहा।

### बालोद जिले ने जीती कोरोना से जंग, रविवार को पॉजिटिव मरीजों की संख्या मिली जीरो, कुल एक्टिव मरीज अब सिर्फ 95

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com




जहां एक ओर कोरोना मरीजों के आंकड़े को लेकर तमाम खबरे सामने आ रही हैं। वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रविवार को जीरो याने की शून्य कोरोना से संक्रमित मरीज मिले हैं। जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। महाराष्ट्र के कुछ जिलों में रात कर्फ्यू लगाया गया है। वही दूसरी तरफ पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी निगरानी रखी जा हैं और स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड़ पर हैं। क्योकि छत्तीसगढ़ के भी कई जिलों में बीते 36 घण्टे में कई कोरोना के संक्रमित मरीज मिले हैं। लेकिन सबसे अच्छी बात यह है कि राज्य के कई जिलों ने कोरोना को पटखनी दे दी हैं। अगर बालोद जिले की बात करे तो आज रविवार को एक भी कोरोना के मरीज नही मिले हैं। याने की आज जो प्रदेश से रिपोर्ट जारी की गई हैं, उसमें पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा जीरो हैं। उल्लेखनीय हो कि जिले में कुल आज तक एक्टिव पॉजिटिव मरीजों की संख्या 95 हैं और अब तक 9 हजार 912 मरीज पॉजिटव मिल चुके हैं। जिसमे से 9 हजार 703 मरीज स्वस्थ्य होकर अपने घरों को लौट चुके हैं। वही अब तक 114 कोरोना से संक्रमित मरीजो की मौत हो चुकी हैं।

## महापौर ट्राफी के पहले मैच में कवर्धा, सिटी क्लब भिलाई, और बालोद ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व व मंशा के अनुरुप आयोजित प्रदेश स्तरीय महापौर ट्राफी के पहले दिन के हुसे मैच में कवर्धा, सीटी क्लब भिलाई और बालोद ने बाजी मारी। विधायक अरुण वोरा जी व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा महापौर ट्राफी उद्घाटन के बाद तत्काल दुर्ग पुलिस विरुद्ध कवर्धा के बीच खेला गया जिसमें कवर्धा ने 4 से 6 से मैच को जीत लिया। उल्लेखनीय है कि पहली बार नगर निगम दुर्ग द्वारा प्रदेश स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजिम महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाईन मैदान में कराया जा रहा है। हाकी प्रतियोगिता में विभिन्न जिले से कुल 16 टीम भाग ली है। महापौर ट्राफी हाकी प्रतियोगित का उद्घाटन के बाद तीन मैच खेले गये। जिसमें दूसरा मैच सीटी क्लब भिलाई और एवरग्रीन टीम और तीसरा मैच रायपुर और बालोद के बीच खेला गया। जिसमें कवर्धा, सिटी क्बल भिलाई और बालोद ने जीत हासिल की है। आज 22 फरवरी को शाम से 6 बजे से 9 बजे तक चार मैच खेला जाएगा। जिसमें बिलासपुर विरुद्ध कोरबा, महासमुंद और जगदलपुर, मेयर इलेवन और जांजगीर, तथा राजनांदगांव और रायग? के बीच खेला जाएगा। आज खेले जाने वाले चार मैच में धीरज बाघ, हनीफ खान, सकील खान एम्पायर रहेगें। इसके अलावा आज के मैच के जज अजय लांजेवार, पदमा महिकवार, विनिता नवघरे होगी। महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त इंद्रजीत बर्मन तथा शिक्षा एवं खेलकूद प्रभारी मनदीपसिंह भाटिया ने महापौर ट्राफी हाकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी जिले के टीमों को प्रतियोगिता में भाग लेने पर और सफलता पाने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाऐ दिये।

**नरवा में प्रगति की समीक्षा इस बात से होगी कि भूमिगत जल का स्तर बढ़ने से किसान को दूसरी फसल लेने में सहयोग मिलने लगे**

## नरवा योजना में स्थानीय लोगों का भी लें सहयोग, ये योजना बदल देगी खेती की तकदीर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जिले में चल रही नरवा योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले के 29 नालों में स्वीकृत किये गए 980 कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नरवा योजना शासन की सबसे अहम योजना है। इसमें तकनीकी रूप से सही जगहों पर बेहतरीन स्ट्रक्चर बनाना जरूरी है ताकि रिज टू वैली योजना के अंतर्गत नालों का प्रवाह धीमा हो और पानी भीतर रिसे जिससे भूमिगत जल का स्तर उठ सके। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता इस बात से नहीं नापी जाएगी कि आपने कितने स्ट्रक्चर बनाये। यह तो इस बात से मापी जाएगी कि इन स्ट्रक्चर से भूमिगत जल का स्तर सुधरा और क्षेत्र के किसान दूसरी फसल लेने लगे। जलस्तर में थोड़ी भी बढ़ोत्तरी किसानों के लिए संजीवनी लेकर आती है। कलेक्टर ने कहा कि उदाहरण के लिए चना लीजिए। चना में केवल एक बार का पानी लगता है। इस तरह के कार्य किये जाने के लिए जनसहयोग भी बेहद अपेक्षित होता है। जनता के बीच जाइये, उनका फीडबैक लीजिए। पुराने लोग नालों के कोर्स के अच्छे जानकार होते हैं। उन्हें लेकर किया जाने वाला कार्य ज्यादा उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि नरवा योजना में ऐसे स्ट्रक्चर तैयार किये जाने हैं जिनसे रिज टू वैली योजना अंतर्गत पानी का प्रवाह मद्धम हो, इससे पानी भीतर रिसेगा और जमीन में नमी भी अच्छी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बार सारे स्ट्रक्चर तैयार हो जाएंगे तो अगली रबी क्राप में इसका असर दिखने लगेगा। कलेक्टर ने कहा कि यह व्यापक मानिटरिंग की जरूरत वाला काम है। कई किमी तक फैले नालों में यह कार्य होगा, इसके लिए अधिकारियों को काफी समय देना होगा, साथ ही गाँव वालों का सहयोग भी लेना होगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी कई जगहों पर छोटी-छोटी संरचनाओं के साथ ही डिसेल्टिंग और डीपनिंग के कार्य पूरे किये जा चुके हैं। कलेक्टर ने इस मौके पर गौठानों में वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन, गोबर विक्रय तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि गौठानों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्हें आजीविकामूलक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके लिए नवाचार बेहद जरूरी हैं। वर्मी कंपोस्ट की बिक्री के लिए प्रोफेशनल एप्रोच जरूरी है। शहरों में निजी लोगों को भी इसका विक्रय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना की सफलता के लिए अनिवार्य पैरादान, जानवरों की उपस्थिति, गोबर क्रय तथा वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन एवं स्व-सहायता समूहों की नियमित गतिविधि बेहद आवश्यक है। सभी अधिकारी इसकी नियमित रूप से मानिटरिंग करें। बैठक में भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, बीबी पंचभाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध रूप से भवन निर्माण करने वालों को निगम ने थमाया नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से भवन निर्माण करने वालों को नोटिस दिया जा रहा है! वैशाली नगर क्षेत्र के ऐसे कई लोग हैं जो बिना निगम के अनुमति के भवन निर्माण कर रहे हैं जिनको नोटिस दिया गया है! वैशाली नगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन मकान दिखाई दिए जब पता किया गया तो कई मकानों के निर्माण संबंधी अनुमति नहीं होने की जानकारी मिली। इस प्रकार के छह लोगों को वैशाली नगर की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया है! अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए वैशाली नगर क्षेत्र के लोटी सरस्वती, प्रिया विवेक, सुमित उइके, ए ज्योति लक्ष्मी, पी श्यामला एवं दीया श्याम को नोटिस जारी किया गया है! जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि निर्माणकर्ता द्वारा भवन निर्माण किया जा रहा है परंतु निर्माण कार्य के लिए निर्माणकर्ता द्वारा निगम से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली है। जो कि नगरपालिका अधिनियम 1956 की धारा 293 एवं 294 का उल्लंघन है!

## क्विक न्यूज

### राजीव गांधी नगर चौक के पास कट्टा लहराता युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत राजीवगांधी नगर चौक के पास एक युवक के धारधार कत्ता लहराने की मुखबिर सूचना पर स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर आरोपी विकास चौहान पिता कुंज बिहारी चौहान उम्र 23 वर्ष निगम कालोनी बजरंग पारा को करीब 15 इंज लम्बी धारधार कत्ता के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

### वैध कागजात के बगैर धान का परिवहन



**रायगढ़।** रविवार को अवैध धान परिवहन करने की मुखबिर सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये छाल रोड घरघोड़ा में नाकाबंदी किया गया । इस दौरान एक ट्रक क्रमांक सीजी14- - 8074 को रोका गया। जिसमें 250 क्विंटल धान लोड था । ट्रक के चालक आरिफ खान पिता रावत खान निवासी बेड़ो जिला रांची (झारखंड) से धान परिवहन के कागजात की मांग करने पर चालक द्वारा वैध कागजात पेश नही कर पाया और न ही संतोषप्रद जवाब दिया , जिस पर उक्त ट्रक एवं लोड 250 क्विंटल धान कीमती 3,93,750/- रूपये को धारा 102 जा.फौ. के अंतर्गत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला खाद्य अधिकारी रायगढ़ को प्रतिवेदन भेजा गया है।

# ग्राम पोड़ी दल्हा में तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला का समापन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



अकलतरा निकटस्थ ग्राम पोड़ी दल्हा में तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मदन सिंह डहरिया थे, सर्वप्रथम मेला समिति के सदस्यों ने गुरु की पूजा अर्चना कर ध्वजा रोहण किया कार्यक्रम में अतिथि देवो भव की परंपरा में आगंतुक अतिथियों को शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया । स्वागत करने वालों में नरेंद्र केसकर, मयाराम आदीले, डॉ. जवाहर आदिले, भागवत बंजारे, धनशाय घृतलहरें, राकेश टंडन, केराबाई कुलगुरू, संस्थापक भागवत प्रसाद आदिले, सोन्हर कुलगुरु, मेला समिति के सदस्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एसपी भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार समय दास अविनाशी उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यकार समयदास अविनाशी ने कहा भगवान महावीर, भगवान गौतम बुध, गुरु नानक देव एवं संत कबीर दास की परंपरा में गुरु घासीदास जी का अवतरण हुआ। 18 वी शताब्दी के मध्य कालोपरांत समाज में फैली कुरीतियों को समूल नष्ट करने नवीन सामाजिक बदलाव की दिशा में गुरु घासीदास जी का आविर्भाव नवयुग का बोध कराता है। महावीर के सत्य पर अहिंसा और अहिंसा सत्य, भगवान बुद्ध के सत्य अहिंसा अस्तेय अपरिग्रह, नानक देव के मानवतावाद एवं संत कबीर दास के आत्मवाद पर अध्यात्मवाद की स्थापना जड़ चेतन से सृष्टि रहस्य को जानना यही सब बातें संत गुरु घासीदास के दर्शन में मिलता है। गुरु घासीदास जी ने सतनाम को सार्वभौम बताया तभी तो उन्होंने कहा कि सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। सभा को कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एस पी भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज को ऊपर उठाने में उसकी शिक्षा सभ्यता और संस्कृति की जरूरत होती है सभा को विकास खंड शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी वेंकटरमन प्रताप सिंह पाटले, राजेश्वर पाटले, अधिवक्ता मोतीलाल कुर्रे, जनपद सदस्य राम रतन कंवर एवं मन्नू तिजाउ पटेल ने भी संबोधित किया जनपद सदस्य द्वय ने क्रमशः 5 लाख पंडाल के लिए और 5 लाख सी सी रोड के लिए देने की वचन दिया। मुख्य अतिथि के आसंदी से पूर्व विधायक मदन सिंह डहरिया ने कहा कि गुरु घासीदास ने सादा जीवन उच्च विचार को महत्व दिया श्वेत ध्वज शांति का प्रतीक माना गया है उन्होंने रावटी स्थल के महत्व को प्रतिपादित किया एवं समाज को एकजुट रहने का सुझाव दिया कार्यक्रम का संचालन टी एल मिर्झा और आभार प्रदर्शन भागवत बंजारे ने किया। कार्यक्रम में भागवत प्रसाद आदिलें, सोन्हर कुलगुरू, डॉ जवाहर आदिले, नरेंद्र केसकर, चंद्रप्रकाश डहरिया, लक्ष्मी मंडलोई, लैनबाई भारती, कमलाबाई टंडन, शैलेंद्रि खांडे, केराबाई कुलगुरू, राकेश टंडन, भुवन बंजारे, भागवत बंजारे, भानु बंधन, भास्कर बंजारे, तेरस खांडे, पुष्पराज भारद्वाज, टोली राम बंजारे, रमाकांत बंजारे, गंगा प्रसाद बर्मन, भूपेश टंडन, शैलेंद्र आदिले, रविंद्र कुलगुरू समिति के सभी सदस्य आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

# सामूहिक विवाह का आयोजन 27 को



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामुहिक विवाह का आयोजन 27 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित आर्दश कृषि उपज मंडी मुंगेली के प्रांगण में किया जाएगा। मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और वर-वधु को आर्शीवाद प्रदान करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर पी.एस एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामुहिक विवाह के संबंध में जानकारी प्राप्त की और व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह हेतु प्रति जोड़ा 25 हजार रूपये का प्रावधान किया गया। जिसमें 5 हजार रूपये सामुहिक विवाह के आयोजन हेतु, 5 हजार रूपये वैवाहिक आभूषण तथा 14 हजार रूपये की राशि उपहार समाग्री में व्यय होगी। शेष 1 हजार रूपये की राशि वधु को चेक के माध्यम से दी जाएगी।

## स्काउटिंग छात्रों ने विश्व चिंतन दिवस पर किये विभिन्न सेवा के कार्य



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

■ स्काउटिंग के जनक बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल की जन्म जयंती मनाई पूरी दुनिया में

स्काउटिंग के जनक बेडेन पावेल व लेडी बेडेन पावेल की जन्म जयंती 22 फरवरी ,चिंतन दिवस पर शासकीय हाईस्कूल परसदा खुर्द के सुभाष स्काउट यूनिट ,इंदिरा गाइड यूनिट के द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किया गया,जिसमें स्वनिर्मित अनुप्रयोग वस्तुओं का प्रयोग से बने खिलौनों का बच्चों को वितरित, स्वच्छता कार्य ,प्रार्थना सभा, सुविचार द्वारा जनमोत्स्व को हर्षोल्लास से मनाया गया,चिंतन दिवस के इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य,समस्त स्टाफ ,स्काउट गाइड के बच्चों ने हिस्सा लिया।

# बूथ या वार्ड में कार्य करने वाला कार्यकर्ता ही पार्टी का मुख्य आधार स्तंभ : मोहले

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की संगठनात्मक बैठक जिले के प्रभारी शंकर अग्रवाल ने विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में ली। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि बूथ या वार्ड में कार्य करने वाला कार्यकर्ता ही पार्टी का मुख्य आधार स्तम्भ होता है। संगठन का कार्य हो,शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जनता को लाभ दिलाने का कार्य हो,चुनाव चाहे पंच सरपंच से लेकर पार्षद, विधानसभा या लोकसभा का हो सभी मे कार्यकर्ता ही अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगता है और उसे बूथ तक ले जाकर मतदान कराता है। भारतीय जनता पार्टी में इसी कारण बूथ के कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण माना जाता है। मोहले ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे निष्ठा पूर्वक संगठन का कार्य करें,पार्टी की नजर प्रत्येक कार्यकर्ताओं पर रहती है। जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठनात्मक कार्यों में एक एक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पार्टी के कार्यक्रमों का बूथ,शक्तिकेन्द्र व मण्डल स्तर पर कुशल क्रियान्वयन करें। पार्टी के 6 से 9 कार्यक्रमों का आयोजन हर बूथ में करें। जिला स्तर से मण्डल व मण्डल से शक्तिकेन्द्र फिर शक्तिकेन्द्र से बूथ स्तर तक पदाधिकारी दौरा कर पार्टी को गतिशील बनाये रखें। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक व मण्डल प्रभारी धनेश साहू ने नगर मण्डल की उपस्थिति लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर भाजपा अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह ने स्वागत भाषण में मण्डल का वृत रखा । कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मुकेश रोहरा ने एवं आभार महामंत्री रामशरण यादव ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक पुन्नूलाल मोहले,गिरीश शुक्ला,जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक,मण्डल प्रभारी धनेश साहू,विक्रम मोहले,द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, लोकनाथ सिंह,संतुलाल सोनकर , मोहन मल्लाह,प्रद्युम्न तिवारी,सुनील पाठक,मण्डल अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह,महामंत्री मुकेश रोहरा,रामशरण यादव, हेमा सोनी,माला गुप्ता,निशा सोनी, सुकन्या सिंह,मोना नागरे सहित सभी 22 वार्ड के अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## किडनैप शिवांश की सकुशल बरामदगी पुलिस की असाधारण कामयाबी : विकास केडिया

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के युवा भाजपा नेता विकास केड़िया ने विज्ञप्ति जारी कर रायगढ़ एसपी संतोष कुमार सिंह व उनकी पूरी टीम को रायगढ़ की ओर साधुवाद देते हुए कहा हैं कि खरसिया के युवा व्यवसायी राहुल अग्रवाल के 6 वर्षीय बेटे शिवांश अग्रवाल के किडनैपिंग मामलें में मासूम शिवांश की सकुशल बरामदगी कर रायगढ़ पुलिस ने जिस असाधारण कार्यशैली व तत्परता का परिचय दिया है वो अपने आप में अद्भुत व अविश्वसनीय हैं। आगे युवा नेता विकास केड़िया ने कहा कि रायगढ़ पुलिस ने इस संवेदनशील मामलें में जिस तरह से मुस्तैदी व टीमवर्क दिखाया हैं उससे जिले के हरेक नागरिक को यह संदेश दिया है कि रायगढ़ सुरक्षित हाथों में है और यहाँ ऐसे किसी भी अपराध व अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।



# मेला स्थल पर सजने लगी दुकानें और मनोरंजन गृह के पंडाल



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

27 फरवरी से शिवरीनारायण का प्रसिध्द माघ पूर्णीमा मेला प्रारंभ हो रहा है । इस मेले की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर कलेक्टर और एसडीएम जांजगीर व्दारा नगर पंचायत शिवरीनारायण के सभागृह में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को कोविड़ 19 हेतु शासन व्दारा जारी गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए मेला स्थल पर व्यवस्था बनानेआवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है । मेला स्थल पर विभिन्न प्रकारके झूला , मौत कुऑ , होटल , जनरल स्टोर्स , जुता , खिलैना आदि की कई दुकानें और मनोरंजन के साधान आ चूके हैं और वे लोग अपनी पुरानी जगह पर दुकानों और मनोरंजन गृह के पंड़ाल व तम्बु को लगाने और सजाने में लगे हैं ।

मेला को लेकार नगर न क्षेत्र में काफी उत्साह का वातावरण है , श्रध्दालुओं के माघ पुन्नी स्नान हेतु नगर पंचायत व्दारा महानदी त्रिवेणी संगम के सभी घाटों की साफ सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था की जा रही है ।

# जैजैपुर के विकास के लिए डाइट खोला जाए

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के वरिष्ट पत्रकार धनेश्वर साहू ने जैजैपुर को विकास के लिए शासन का ध्यान डाईट खोलने पर किया। नगर पंचायत जैजैपुर के वरिष्ठ पत्रकार ने अनेकों मांग वर्षो से रखता आ रहा है जो कि उनका सपना पूरी होती जा रही है। वही पर जैजैपुर को जिला कि मांग रखते हुए यहॉ पर विकास कि गंगा बहाने के लिए डाइट खोलने की मांग ध्यान आकर्षण के लिए रखा है ताकि नगर पंचायत जैजैपुर का विकास हो सके।

अनेकों मांग में मांग तो पूरा हुआ है जो कि अग्रसर विकास हो रहा है। सक्ती को शैक्षणिक जिला 16 सितम्बर 2015 को दर्जा प्राप्त हुआ। जबकि जॉजगीर जिला में डाइट बने लम्बा समय हो गया है लेकिन आज नगर पंचायत जैजैपुर सभी दृष्टि कोण से पीछड़ा हुआ है न तो सही रूप से बस सुविधा है न ही ट्रेन कि सुविधा है ट्रेन के लिए 22 कि0मी0 का सफर कर जाना पड़ता है। जैजैपुर के चारों ओर नदी नाले है लेकिन वह टापूनुमा जगह में स्थित होने के कारण उसे बाढ़ जैसे आपदा से बचा है न तो यहां आसपास में जंगल है जिससे जंगली जानवरों से भी बचा जा सकता है। यह मैदानी भाग होने से इस क्षेत्र जॉजगीर से 50 कि0मी0 सक्ती से 37 किमी डभरा से 45 किमी कि दूरी पर अवस्थित है यदि शिक्षा की अलख जगाने के लिए जैजैपुर मे शासकीय भूमि भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है । वरिष्ठ पत्रकार धनेश्वर साहू ने कहा कि यदि जैजैपुर मे डाइट खुल जाता तो यहॉ से शिक्षा जगत का अलख जग जायेगा यहॉ पर अनेको कोचिन सेंटर खुल गये है और बड़े बड़े निजी विद्यालय का संचालन हो रहा है। जो कि शिक्षको को यहॉ रह कर शिक्षण ग्रहण करने में किसी प्रकार का कोई कठिनाई नहीं होगी। इसलिए जैजैपुर डाइट के लिए उपयुक्त स्थान है जो कि चारो दिशा से सुरक्षित एवं मैदानी भाग में है। हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यान आर्कषण कराना चाहुँगा कि जैजैपुर मे डाइट विद्यालय खोलने कि अनुसंशा करे ताकि यह पिछड़ा हुआ क्षेत्र का विकास हो सके .आगे साहू ने यह भी बताया कि विकास तभी होगा जब लोग शिक्षा की क्षेत्र मे जगेगे। हमारे शैक्षणिक जिला सक्ती मे जैजैपुर.डभरा.मालखरौदा.सक्ती बड़े तहसील हैं वही पर बम्हनीडीह. अड़भार. चन्द्रपुर. नगरदा. हसौद.भोथिया उप तहसील है। इस शैक्षणिक जिला सक्ती मे 85 हायर सेकंड्री.45 हाई स्कूल.283 पूर्व माध्यमिक शाला.765 प्राथमिक विद्यालय शासकीय एवं 229 निजी विद्यालय संचालित हो रहे है।

# छग सहायक शिक्षक फेडरेशन ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

■ सहायक शिक्षक एलबी की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर बजट पूर्व प्रदेश के सभी 90 विधायकों या उनकी अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों को सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने का मांगों का ज्ञापन सौंपा गया,इसी तारतम्य में सक्ती विधानसभा के विधायक और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत जी के नगर पालिका परिषद सक्ती में विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन शैक्षणिक जिला सक्ती के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया,ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मांग किया गया है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षक एल बी के वेतन में भारी विसंगति है, उसे दूर करते हुए प्रदेश में कार्यरत 109000 सहायक शिक्षकों के परिवार के साथ न्याय किया जाना चाहिए,सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए एक सप्ताह के अंदर कोई ठोस पहल शासन के द्वारा अगर नहीं किया गया तो आगामी दिनों में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में चंद्रप्रकाश तिवारी प्रदेश संगठन सचिव , भोलाशंकर साहू जिला अध्यक्ष , श्रीमती शशिकला उरांव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , अजय सिंह सिदार जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ जिला जांजगीर चांपा , शशिकांत राउतराय जिला महासचिव, रविन्द्र मिश्रा जिला उपाध्यक्ष , हेम नेताम ,श्याम सिदार जिला कार्यकारणी सदस्य , मधुसूदन कांस्यकार , दिनेश कुमार गोंड ,लिलेश यादव , मुन्ना लाल उरांव आदि शामिल थे।

## पेज 1 के शेष...

### सभी मोर्चों पर खरी उतरी मेरी ...

रहे, इसके लिए 3 लाख 62 हजार से अधिक हितग्राहियों के साथ ही 51 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों के 24 लाख से अधिक हितग्राहियों को घर-घर जाकर रेडी-टू-ईट पोषण सामग्री दी गई। मध्याह्न भोजन योजना के 29 लाख से अधिक हितग्राही स्कूली बच्चों को भी रेडी-टू-ईट सूखा राशन सुरक्षित रूप से घर पहुंचाकर दिया गया। इतना ही नहीं, गर्म भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को कोरोना से बचाव के उपायों के साथ 7 सितम्बर 2020 को पुनः शुरू कर दिया गया।

**मातृ शक्ति का मनोबल और स्वावलम्बन बड़ा–** राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार की प्रतिबद्धता से एक वर्ष में 99 हजार बच्चों को कुपोषण से तथा 20 हजार महिलाओं को एनीमिया से मुक्ति मिली है। महिलाओं और बच्चों की बेहतर देख-रेख और विकास के लिए महतारी जतन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, सक्षम योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्वावलम्बन योजना, नवा बिहान योजना, स्व-आधार गृह योजना, उज्ज्वला गृह योजना, महिला पुलिस स्वयंसेविका योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि को सुचारू ढंग से लागू किया गया, जिससे मातृ शक्ति का मनोबल और स्वावलम्बन बढ़ा है।

**प्रदेश के 95 प्रतिशत से अधिक किसानों का धान खरीदने वाला देश का पहला राज्य बना छत्तीसगढ़–** राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार ने एक बार फिर किसानों से किया गया वादा निभाया है। चुनौतियों के बीच सुधार और संकल्प के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई। इस वर्ष सर्वाधिक 21 लाख 52 हजार 980 किसान पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 20 लाख 53 हजार 483 किसानों ने अपना धान बेचा। इस प्रकार नई व्यवस्था और नए संकल्प से छत्तीसगढ़ 95.40 प्रतिशत किसानों का धान खरीदने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। धान खरीदी के हर पहलू पर एक नया कीर्तिमान बना है जैसे कुल पंजीकृत रकबा, कुल धान खरीदी का रकबा, कुल उपार्जित धान की मात्रा 92 लाख मीट्रिक टन को पार करना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इन उपलब्धियों से न सिर्फ किसानों के जीवन में बल्कि पूरे प्रदेश में कृषि उत्पादन और खुशहाली का एक नया दौर शुरू हुआ है।

**लघु वनोपज खरीदने में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर–** राज्यपाल ने कहा कि कृषि के अलावा वन संसाधन भी प्रदेश की बड़ी आबादी के लिए आजीविका जुटाते हैं। इसलिए मेरी सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 52 कर दी है। इस कठिन दौर में भी देश की कुल लघु वनोपज खरीदी का 72.5 प्रतिशत हिस्सा खरीदकर छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर रहा। शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की गई है। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 2500 रुपए से बढ़ाकर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा तथा बोनस भुगतान की निरंतरता से इस काम में लगे लाखों परिवारों को राहत मिली है।

**कैम्पा मद की राशि के सदुपयोग में छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना–** उइके ने कहा कि मेरी सरकार वनों के संरक्षण तथा हरियाली के विस्तार के लिए सजग है। विगत वर्ष में 2 करोड़ 23 लाख पौधों का रोपण किया गया, जिसमें राम वनगमन पथ, नदियों के किनारे पौध रोपण जैसे नवाचार भी शामिल हैं। 16 हजार हेक्टेयर से अधिक बिग? बांस वनों का सुधार किया गया। कैम्पा मद की राशि के सदुपयोग में भी छत्तीसगढ़ का कार्य राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। यही वजह है कि विगत दो वर्षों में छत्तीसगढ़ की जो कार्य योजनाएं स्वीकृत हो रही हैं, वह अपने आकार और आयाम में देश में अव्वल हैं।

**पंचायत और ग्रामीण विकास की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 11 विशिष्ट पुरस्कार प्रदत्त–** राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार ने पंचायत और ग्रामीण विकास की योजनाओं को तात्कालिक जरूरतों से जो?ते हुए अनेक नवाचार किए, जिसके कारण भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को 11 विशिष्ट पुरस्कारों से नवाजा है। वर्ष 2019-20 में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत स्वीकृत मानव दिवस के लेबर बजट का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया गया तथा वर्ष 2020-21 में भी 81 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है, जो पुनः नए कीर्तिमान की ओर ब?ते कदमों का प्रतीक है। महात्मा गांधी नरेगा में बीते 10 माह में श्रमिकों को अब तक 2 हजार 590 करोड़ रुपए का मजदूरी भुगतान किया गया। इस साल अब तक 2 लाख 17 हजार 291 परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के साथ महात्मा गांधी नरेगा के अभिसरण से आंगनवा?ी केन्द्रों, गौठानों, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट (टंकी), चारागाह, धान उपार्जन केन्द्रों में धान संग्रहण चबूतरे का निर्माण, नरवा का विकास आदि कार्य किए जा रहे हैं। उइके ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों की 20 लाख महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है, जो परंपरागत रोजगार को नए अवसरों में बदलकर अपना, परिवार और गांव का जीवन बदल रही हैं। विभिन्न जिलों में बीसी सखी के रूप में 3 हजार 500 महिलाएं घर पहुंच बैंक बन गई हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(द्वितीय आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 158/71632 | CONSTRUCTION OF ROAD AT RAMAN MANDIR WARD UNDER DISTT. RAIPUR I - 2.00 KM | रु. 43.89 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.03.2021 समय 17.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

जी-87254/5

## क्विक न्यूज

### शासकीय कन्या विद्यालय क्रमांक-2 में मनाई गई लार्ड बेडेन पावेल की जयंती



**जगदलपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-दो जगदलपुर में सोमवार को विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउटिंग के जन्मदाता, लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस मनाया गया। लार्ड बेडेन के छाया चित्र पर जिला आयुक्त गाईड सुधा परमार जिला संयुक्त आयुक्त स्काउड् दशरूराम यादव, ललीता यादव, डीओसी गाईड एवं शालिनी डेविड जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिला आयुक्त गाईड सुधा परमार द्वारा अनुशासन के साथ सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए बच्चों को प्रेरित करते हुए उज्वल भविष्य की कामाना की गई। कार्यक्रम का संचालन मीरा हिरवानी गाईड कैप्टन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गाईड कुमारी सुष्मिता थापा द्वारा लार्ड बैडेन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर गाईड कैप्टन जयंती लोहना सहित गाईड उपस्थित थे।

# ट्रांसजेन्डर समुदाय के अधिकारों एवं संरक्षण के संबंध में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 'ट्रांसजेन्डर' समुदाय के अधिकारों एवं संरक्षण तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में किये गये कार्यो एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था, इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय द्वारा 'ट्रांसजेन्डर' समुदाय की दयनीय स्थिति को सुधारने, समाज में उचित स्थान दिलाने एवं शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जो महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गये हैं, इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव कार्यवाही की जाएगी और अन्य विभागों को भी अवगत कराया जायेगा। चूकिं 'वर्तमान में तृतीय लिंग समूदायों का आर्थिक सशक्तिकरण होना जरूरी है। इसमें शासकीय प्रयासों के अलावा समाज के हर वर्गो को पहल करनी होगी। क्योंकि प्रायः देखा गया है कि किसी भी वर्ग का आर्थिक पिछड़ापन उसकी मूल समस्या होती है। अतः तृतीय लिंग समूदायों के व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं से लाभांवित करने के अलावा स्वरोजगार हेतु विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित करने से इस लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। इसके लिए शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना होगा। उक्त कार्यशाला में 'ट्रांसजेन्डर' समुदाय के प्रतिनिधियों ने 'ट्रांसजेन्डर' समुदाय के अधिकारों एवं संरक्षण अधिनियम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि राज्य शासन के प्रयासों से राजधानी रायपुर में 'ट्रांसजेन्डर समुदाय के लिय पुनर्वास एवं अल्पावास गृह का निर्माण किया गया है और ऐसा प्रत्येक जिलों में होना चाहिए चूकिं 'ट्रांसजेन्डर समूदाय को वर्षो से समाज के मुख्य धारा से अलग समझा गया है, इसके फलस्वरूप इस समूदाय में अशिक्षा एवं बेरोजगारी जैसी समस्याए व्याप्त है अतः शासकीय जनहितकारी योजनाओं में भी इन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए इसके साथ ही कार्यशाला में 'ट्रांसजेन्डर' समूदाय के लिए सार्वजनिक स्थानों में अलग प्रसाधन गृह, नगरीय क्षेत्रो में सांस्कृतिक भवन, दुकानों के आबंटन में भी अलग स्थान आरक्षित करने जैसे विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त आरएस भोई, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश शुक्ला, सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग ललिता लकड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश, 'ट्रांसजेन्डर' समुदाय के प्रतिनिधि विद्या राजपुत, रवीना, रजनी यादव, संतोषी, बिजली, सामाजिक कार्यकर्ता योगेश खापर्डे, हरेन्द्र यादव उपस्थित थे।

# भाटापारा में मनवा कुर्मी क्षत्रिय युवा महोत्सव का समापन





- आंनद मेले का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कुर्मी छात्रावास में युवा संगठन मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज द्वारा 15 फरवरी से 19 फरवरी तक युवा उत्शव का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग दिवस विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसी क्रम में आज समापन अवसर पर आनंद मेले का आयोजन किया गया जिसमें 15 स्टॉल लगाये गए जिसका समाजिक जनों ने खूब आनंद लिया ।इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, राजप्रधान भुवनेश्वर वर्मा,अर्जुनराज के प्रथम राजप्रधान शंभूलाल वर्मा,पूर्व राजप्रधान के के नायक,संतोष वर्मा, सीमा वर्मा मौजूद रहे । उक्त समापन अवसर पर पूर्व केन्द्रीय महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा भी शामिल हुई इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को गौरवान्वित करने वाले समाजिक जनों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक टिकरिहा ,जितेंद्र नायक,के के वर्मा,रवि वर्मा ,वीरेंद्र मानसरोवर, संदीप परगनिहा ,तेजराम वर्मा ,दीपक वर्मा, प्रशांत वर्मा आदि सामाजिकजन मौजूद रहे ।

# महिला मोर्चा ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी भाजपा महिला मोर्चा
- अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ᐸ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



महिला उत्पीड़न और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में महिलाओं ने सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए, स्थानीय जय स्तंभ चौक पर महिलाओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के जरिए अत्याचार व अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ।

दुष्कर्म सहित महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भारतीय जनता महिला मोर्चा के बैनर तले हो रहे धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप, जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, महामंत्री आकाश मेहता, तरुण साना, जैनेन्द्र ठाकुर, बालसिंह बघेल, जितेंद्र सुराना, जसकेतु उसेंडी सहित प्रदेश कार्यसमिति व जिले के पदाधिकारी भी मौजूद रहे । ज्ञापन के माध्यम से तमाम संज्ञेय अपराधों और उन पर हुई कार्यवाही की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने, जघन्य घटनाओं को जांच हेतु न्यायिक आयोग का गठन कर दोषियों पर फास्ट ट्रैक अदालत में मुक़दमा चलाने, पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा व परिवार के सदस्य को नौकरी अथवा संरक्षण देने, संज्ञेय या अन्य अपराध की प्राथमिकी दर्ज करने मे हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों पुलिस कर्मियों को दण्डित किए जाने, एवं राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगो के साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट देने की पहल स्वयं राज्यपाल द्वारा किए जाने सम्बन्धी मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया ।

इस दौरान महिला मोर्चा से जिला अध्यक्ष नीता नेताम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इना श्रीवास्तव, पूर्णिमा पुष्पाकर, शैल सेठिया, रीता शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवर पटेल, पार्षद लक्ष्मी ध्रुव, सोनमणि पोयाम, सोमा दास, रेखा साहू, कनक सोरी, सूक्ति बाई सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से चर्चा की

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com




रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) के छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री, राजू गोड़बोले ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 8.फर को रिपाई (आठवले) की महाराष्ट्र सदन नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देशभर से करीब 250 वरिष्ठ कार्यकर्तागण को आमंत्रित किया गया था। जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास जी आठवले, सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार की अध्यक्षता में महत्वूर्ण निर्णय लिए गए जो इस प्रकार है।

1.देशभर में भूमिहीन परिवारों को 5 एकड़ जमीन दिलाये जाने के लिये आन्दोलन किया जाए।

2. 25 फरवरी से सभी जिला मुख्यालय पर पार्टी प्रदर्शन कर जिला प्रशासन व सरकार को ज्ञापन सौपेंगे।

3. बंगाल एवं तमिलनाडू में रिपाई (आ.) 10-10 सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव में उतारेगी जिसके लिए सहयोगी पार्टी भा.ज.पा. से बात करेगी।

4. प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की मांग एवं आरक्षण में प्रमोशन देने की मांग सरकार से की गई है।

5. मीटिंग में मोदी सरकार के कृषि कानूनों का पार्टी ने समर्थन किया है।

## कलेक्टर बंसल ने किया बस्तर तहसील में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज सोमवार को बस्तर तहसील में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने बस्तर तहसील मुख्यालय में ग्रंथालय का उन्नयन करने, पार्क में ओपन जिम स्थापित करने तथा तालाब के सौन्दर्यीकरण के संबंध में निर्देशित किया। कलेक्टर ने बस्तर तहसील मुख्यालय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालय में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कार्यालय में प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कार्यालय में प्राप्त सुविधाओं से संतुष्टि जताया। कलेक्टर ने इसके साथ ही उन्होंने भानपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी गोकुल रावटे, तहसीलदार कमल किशोर साहू, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयभान सिंह राठौर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अमेजन इंडिया 15 से 18 अप्रैल, 2021 तक 'संभव' समिट के दूसरे संस्करण का आयोजन करेगा

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

- आत्म निर्भर भारत का निर्माण करने के लिये खुलेंगे अनंत 'संभावनाओं' के द्वार

अमेजन इंडिया ने आज 15 से 18 अप्रैल, 2021 को 'अमेजन संभव' के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने की घोषणा की है। संभव 2021 में महत्वपूर्ण उद्योग और थॉट लीडर्स एक साथ आकर आत्मकनिर्भरभारत को बनाने की दिशा के मार्ग पर चर्चा करेंगे और इसके लिए अमेजन के साथ साझेदारियों के माध्यॉम से व्योवसायों एवं उद्यमियों के लिए संभावनाओं को तलाशा जाएगा। अमेजन संभव चार दिन का एक वर्चुअल समिट होगा, जिसकी मेजबानी भारत के विभिन्न सेक्टर्स, जैसे विनिर्माण, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, आईटीध्आईटीईएस, कंटेन्ट क्रिएटर्स, स्टार्ट-अप्स, ब्राण्ड्स और उद्यमियों में 'भारत के लिये असीम संभावनाएं खोलने' की थीम पर होगी। अमेजन संभव में भाग लेने के लिये 30,000 से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है और वे 70 से ज्यादा वक्ताओं से सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और उद्योग के ट्रेंड्स के बारे में जानेंगे।

अमेजन के प्रमुख वार्षिक समिट 'संभव' एक वर्चुअल मेगा समिट है। इसमें बताया जाएगा कि अमेजन और उसके पार्टनर्स भारतीय ग्राहकों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों के लिये नवाचार करने हेतु कैसे डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। संभव 2020 में अमेजन ने 10 मिलियन एमएसएमई को डिजिटाइज करने, भारत से संचयी निर्यात में 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर जनरेट करने और साल 2025 तक भारत में 1 मिलियन अतिरिक्त रोजगार निर्मित करने के लिये अतिरिक्त 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने का संकल्प लिया गया था।

## अल्टिमा प्रोटेक के लिए शानदार विज्ञापन का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर प्रसून पांडे ने किया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

घर काफी प्यार और मेहनत से बनता है। इसलिए घर में रहने वाले लोग यह चाहते हैं कि बरसों बीत जाने पर भी उनके घर बिल्कुल पहले की तरह खूबसूरत रहें और एक परफेक्ट पिक्चर पेश करें। इसलिए एशियन पेंट्स केवल घर बनाने में ही उपभोक्ताओं का हमसफर बनने की कोशिश नहीं कर रहा है, बल्कि इसने यह भी सुनिश्चित किया है कि सालों बीत जाने पर उनके घर हमेशा खूबसूरत दिखें। घर के बाहरी भाग को कुदरत की काफी विपरीत स्थितियों, जैसे धूल, मिट्टी, बारिश और चिलचिलाती धूप का सामना पड़ता है। अपनी लैमिनेशन गार्ड टेक्नोलॉजी के साथ एशियन पेंट्स अल्टिमा प्रोटेक घर की बाहरी दीवाओं की भी बारिश, धूल और सूरज की तेज रौशनी से रक्षा करता है। इसके साथ 10 साल की परफॉर्मेस वॉरंटी भी दी जाती है।

अल्टिमा प्रोटेक के लिए इस शानदार विज्ञापन का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर प्रसून पांडे ने किया है। इस विज्ञापन में अलग-अलग रोल जबर्दस्त अंदाज में निभाने वाले रणबीर कपूर मैचमेकर के अवतार में दिखाई देंगे, जिसमें उनको कभी देखा नहीं गया। रणबीर एक एनआरआई लड़की के लिए परफेक्ट दूल्हे की तलाश करते हुए दिखेंगे। वह इसी तलाश में एक कस्बे से गुजरते हैं, जिसमें वह एक घर को देखते हैं, जहां लैमिनेशन को अगले लेवल तक पहुंचा दिया गया है। और उनकी तलाश इसी परफेक्ट घर पर खत्म होती है।

## गौण खनिज एवं रेत के अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर 4 वाहन जब्त

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देशानुसार प्रभारी खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल द्वारा 21 फरवरी को बस्तर जिले के माफीन चौक जगदलपुर एंव बकावण्ड तहसील तारापुर, एक्टागुड़ा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत का परिवहन करते हुए तीन वाहन और चुनापत्थर का परिहवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा गया। इनमें टिप्पर क्रमांक सीजी 18 एच 2030, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 17 केयु 5974, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 18 केटी 4887 में रेत का अवैध परिवहन एवं टिप्पर क्रमांक सी 18 एच 1863 में चूनापत्थर का परिवहन करते हुए पाए जाने पर धरपकड़ की कार्रवाई की गई।

## छः नए राजस्व निरीक्षक मंडलों का किया जाएगा गठन

**जगदलपुर।** बस्तर जिले प्रशासनिक सुविधा के लिए छः नए राजस्व निरीक्षक मंडलों का गठन किया जाएगा। इनमें बस्तर तहसील में लामकेर एवं मुण्डागांव लोहण्डीगुड़ा तहसील में मारडूम बास्तानार तहसील में बड़े किलेपाल दरभा तहसील में नेगानार और तोकापाल तहसील में करंजी करंजी राजस्व निरीक्षक मंडल का गठन किया जाएगा। इससे बस्तर जिलें में राजस्व निरीक्षक मंडलों का संख्यां 14 से बढ़कर 20 हो जाएगी। राजस्व निरीक्षक मंडल के पुनर्गठन का प्रस्ताव जिले के सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सर्व तहसीलदार के न्यायालय में उपलब्ध है।


**कार्यालय,नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./109/निविदा/लो.नि.वि./2021 भिलाई-चरौदा, दिनांक 16.02.2021

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/पंजीकृत फर्मो से विभिन्न कार्य हेतु दिनांक - 16.02.2021 से दिनांक 08.03.2021 समय- सायं 5.30 बजे तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| स. क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | Shifting Of 600 mm dia D.I. K-9 Raw Water Pumping Main Near Amleshwar due to Wide ning of Road For Four Laning | रु. 19.28 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेबसाईट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा

घर में रहें, स्वस्थ रहें। हारेगा कोरोना, जीतेगा हिन्दुस्तान।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही मुख्या. पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़)**

**"ई-निविदा सूचना आमंत्रण क्रमांक-05 (प्रथम बार)"**

क्रमांक/983/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2020-21 पेण्ड्रा, दिनांक 19.02.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 06.03.2021 तक आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | मैन्युअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय भर्रापारा पेंड्रा जिला पेंड्रा -गौरेला. | 50.94 लाख | दिनांक 08.03.2021 17.30 बजे तक |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेबसाईड ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग मरवाही
मु. पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

जी-87248/5

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरहागांव तह. व जिला मुंगेली**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. बी 121/20-21
ग्राम-धरमपुरा प.ह.नं. 45

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मन्नू लाल पिता स्व. बाबूलाल जाति तेली निवासी ग्राम धरमपुरा तह. व जिला मुंगेली द्वारा अपने पत्नि रामफूल साहू के मृत्यु दिनांक 12.09.2003 को ग्राम पंचायत धरमपुरा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 03.03.3021 को 11 बजे तक मेरे न्यायालय उप तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.2.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीर जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
जरहागाँव (छ.ग.)

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03**

सड्डु, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत, दोंदेखुर्द में स्थित **सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक 388, श्रीमती भारती रमेश चंद्र सोलंकी पति श्री रमेश चंद्र सोलंकी आबंटन आदेश क्रमांक 2897 दिनांक** 26.11.2007 पर आबंटित किया गया है, जिसका लीजडीड पंजीयन दिनांक 08.07.2008 को पंजीकृत हो चुका है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 28.10.2020 को हो जाने के कारण उक्त भवन को उनके पुत्र **श्री विरल रमेश चंद्र सोलंकी पिता श्री रमेश चंद्र सोलंकी** पता-प्लाट नं. 436 तूराला अपार्टमेंट सेक्टर-23 देसाई नर्सिंग होम के सामने, गांधी नगर, गुजरात द्वारा इस कार्यालय में शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी वक्ति शासकीय, अर्द्धशासकीय/वित्तिय संस्था बैंक इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03**

सड्डु, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत, दोंदेखुर्द में स्थित **सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक 389, श्रीमती भारती रमेश चंद्र सोलंकी पति श्री रमेश चंद्र सोलंकी आबंटन आदेश क्रमांक 2898 दिनांक** 26.11.2007 पर आबंटित किया गया है, जिसका लीजडीड पंजीयन दिनांक 08.07.2008 को पंजीकृत हो चुका है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 28.10.2020 को हो जाने के कारण उक्त भवन को उनके पुत्र **श्री विरल रमेश चंद्र सोलंकी पिता श्री रमेश चंद्र सोलंकी** पता-प्लाट नं. 436 तूराला अपार्टमेंट सेक्टर-23 देसाई नर्सिंग होम के सामने, गांधी नगर, गुजरात द्वारा इस कार्यालय में शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी वक्ति शासकीय, अर्द्धशासकीय/वित्तिय संस्था बैंक इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03**

सड्डु, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित **सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक 590, (1) श्रीमती मीनू बिन्दल पति श्री विनय बिन्दल (2) श्रीमती गायत्री डडसेना पति श्री टी.एल. डडसेना** को ऑफर/स्ववित्तिय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 11.09.2007 को अपने नाम पर सेलडीड/लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत **श्रीमती मीनू बिन्दल पति श्री विनय बिन्दल** द्वारा संपदा अधिकारी, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, शंकर नगर, रायपुर के पत्र क्रमांक 6381 दिनांक 08.10.2010 को हक त्याग हेतु एन.ओ.सी. प्राप्त कर उक्त भवन को **श्रीमती गायत्री डडसेना पति श्री टी.एल. डडसेना पता-एल.आई.जी.-590, सेक्टर-04, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में दिनांक 10.01.2011 को दस्तरबरदारीनामा (त्याग पत्र) निष्पादित कर दिया गाय है। वर्तमान में **श्रीमती गायत्री डडसेना पति श्री टी.एल. डडसेना** के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-590, सड्डा को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन को **श्रीमती गायत्री डडसेना पति श्री टी.एल. डडसेना** के पक्ष में नामांतरण करने के संबंध में किसी व्यक्ति व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**

प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 421, 2020-2021
वार्ड का नाम - सिविल लाईन वार्ड क्र.-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन वार्ड क्र.-47 वार्ड स्थित भवन / भूमि **47/939** जो कि निगम अभिलेख में **श्री विनोद कुमार विरवानी पिता श्री लखमीचंद विरवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती परस भंसाली पिता स्व. श्री मनोहर लाल जी भंसाली** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारानाम/बिना पंजीकृत बंटवारानामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# स्टेट हाइवे में चक्काजाम मसले में बरकरार है उलझन

## राइस मिल के लिए 2 बार सत्यापन में पृथक रिपोर्ट

■ संसदीय सचिव के मुर्दाबाद के नारे से एफआईआर

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जिले के डोंगरगांव विधानसभा अंतर्गत स्टेटहाइवे में चक्काजाम का मसला उलझ गया है। राईस मिल के खिलाफत में उपजे विवाद के बाद स्टेटहाइवे में चक्काजाम दरम्यान संसदीय सचिव के मुर्दाबाद के नारे प्रदर्शन करने वाले युवा जनप्रतिनिधियों व कुछ ग्रामीणों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। पुलिस व प्रशासन की ओर से मसले में 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर फिलहाल स्टैंड है। गौर ए नजर है कि डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के स्टेटहाइवे किनारे बसे सिंगारपुर में राईस मिल स्थिर है। उक्त राईसमिल के लिए पंचायत से एनओसी मिनी राईस मिल के लिए देने के बाद मिलर द्वारा राईस मिल का बड़े उद्योग बतौर इस्तेमाल करने के साथ ही प्रदूषण की समस्या को लेकर सिंगारपुर व मेड़ा के ग्रामीणों ने विरोध कर स्टेट हाइवे में चक्काजाम कर दिया था। चक्काजाम में भाजपा व कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों सहित सत्ता पक्ष कांग्रेस के युवा नेतागण सहित करणी सेना के जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष के शामिल होने के पुख्ता वीडियो फुटेज प्रशासन के पास है। इसी फुटेज के आधार पर प्रशासन ने 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

**विधायक के सामने मुर्दाबाद के नारे :** प्रशासनिक सूत्रों के हवाले से खबर मुताबिक इसी जिला मुख्यालय से काफिले के साथ लौट रहे राज्यशासन में संसदीय सचिव व मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी के चक्काजाम स्थल में पहुंचते ही मुख्यमार्ग में बैठे लोगों ने विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये थे। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री के पसंदीदा विधायक व संसदीय सचिव के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे अब युवा नेताओं के गले की हड्डी बन गई है।

### जांच में अलग-अलग रिपोर्ट

चक्काजाम में शामिल जनप्रतिनिधियों व करणी सेना ने दैनिक पायनियर को चर्चा में बताया कि राईस मिल के लिए पर्यावरण विभाग व उद्योग विभाग के अफसरों द्वारा एनओसी के पहले स्थल सत्यापन रिपोर्ट व चक्क ाजाम के बाद जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम रिपोर्ट में अंतर है। यानि आगामी दिनों अधिकारियों के भी रडार में आने के उम्मीद जनप्रतिनिधियों को है।

# ट्रस्ट के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज

■ दूसरे गुट के आरोपों के बाद अंततः पुलिस ने अपराध कायम किया

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रोपवे की ट्रॉली गिरने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासनिक जांच के दौरान ही मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष और महामंत्री के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। धारा 304 ए के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला कायम किया गया है। बीते कई दिनों से ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारी जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

कंपनी के हैंडओवर किए बगैर ही नए रोपवे का संचालन अपने हाथ में लेने और संचालन करने के मामले में ट्रस्ट घिर गया है। ट्रस्ट के पूर्व पदाधिकारियों ने इस मसले को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रथम दृष्टया इस मामले में पुलिस ने भी आरोपों का सही पाया है और रोपवे के संचालन में लापरवाही को सही माना है। पुलिस ने माना है कि पदाधिकारियों की चूक के चलते ही मजदूर की घटना में मौत हुई। इस संबंध में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि सभी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जारी विवेचना के बाद धारा बढ़ाई जा सकती है। 17 फरवरी को ट्रस्ट के द्वारा संचालित रोपवे के एक ट्रॉली के टूटने से उसमें सवार मजदूर की गिरकर मौत हो गई थी। गोपीराम नामक मजदूर की मौत के बाद ट्रस्ट पर कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाया गया था। ट्रस्ट के दूसरे गुट ने पुलिस से इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। वहीं ग्रामीणों ने भी हंगामा खड़ा कर मजदूर के परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए प्रदर्शन किया था। ट्रस्ट द्वारा तत्कालिक राहत देते हुए मजदूर के परिजनों को 5 लाख रुपए और प्रति माह 3 हजार रुपए दिए जाने का आश्वासन दिया था। बताया जा रहा है कि गैर तकनीकी टीम द्वारा रोपवे संचालन किए जाने को आधार बनाते हुए पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पिछले कुछ सालों में रोपवे संचालन के दौरान दुर्घटनाएं हुई है।

# केरेगांव में विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

■ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत केरेगांव (बादराटोला) में 19 फरवरी को जनपद पंचायत छुरिया में लोकार्पण कार्यक्रम एवं छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह छत्तीसगढ़ तिरोला कुर्मी समाज केरेगांव के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू रहीं।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। मुख्यअतिथि गीता घासी साहू ने ग्राम पंचायत केरेगांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान, समुदायिक भवन कुर्मी समाज व समुदायिक भवन कुर्मी पारा व स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व सरकार ने विभिन्न कार्यों की स्वीकृति दी थी इसके लिए हम सभी आभारी हैं। जिसका आज हमें लोकार्पण करने का सौभाग्य मुझे मिला है। पंचायतो में जिस तरह से कार्य की जरूरत है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, गोपाल साहू मंडल अध्यक्ष कुमर्दा, रविंद्र वैष्णव मंडल अध्यक्ष छुरिया, घासी राम साहू पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, सरोज लेन्झारे, पार्वती दिलेश्वर साहू जनपद सदस्य, सरपंच कुमारी बाई वामन, उपसरपंच राकेश रत्नाकर, मुकुंद चौधरी, पंचगण उमेंद्र सिंह, बिरझु राम, भुनेश्वर, गोकुल राम, अशोक, गंगा बाई ,सुनीति बाई, मेघनी बाई, पवन बाई, भेषु बाई, रेखा बाई, हुम्मन बाई व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 25 को श्रम विभाग में भारतीय मजदूर संघ का हल्ला बोल

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ के आव्हान पर 25 मार्च को प्रदेश भर के सभी जिलों में श्रम विभाग के कार्यालय के समक्ष असंगठित क्षेत्रों व निर्माण मजदूरों के लिये जारी कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ के प्रदेश प्रभारी योगेशदत्त मिश्रा ने प्रेस नोट में बताया कि लंबे संघर्ष के बाद निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों व असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रमिकों के लिये वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनायें संचालित हो रही थी। जिससे बड़ी संख्या में गरीब मजदूरों को लाभ भी मिल रहा था, किन्तु जब से प्रदेश में भूपेश बघेल की सरकार आई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में हीला-हवाला होता रहा और अततः एकाध योजनाओं को छोड़कर लगभग सभी योजनाओं पर ताला लगा दिया गया है।

# हाईवे में हुई दुर्घटना, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू ने पहुंचाया घायलों को अस्पताल

■ ग्रामीणों ने समझाईश के बाद चक्काजाम हटाया

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



रविवार की दोपहर नेशनल हाईवे स्थित इंदामरा के पास एक सड़क दुर्घटना के घायलों को भाजयुमो जिलाअध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह और उनके साथियों ने अस्पताल तक पहुंचाया। इससे पहले सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। उनका कहना था कि सत्ता पक्ष की विधायक छन्नी चंदू साहू इस घटना के दौरान ही यहां से गुजरी लेकिन उन्होंने रुककर हाल जानना भी उचित नहीं समझा। वे चक्काजाम को तोड़ते हुए आगे निकल गई। सत्ता पक्ष की विधायक की इस हरकत को लेकर ग्रामीण नाराज़ थे। भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे और उनका इलाज करवाया। इस घटना में दो व्यक्ति, दो महिला और एक बच्चा घायल हुआ था।

जानकारी के अनुसार इंदामरा के पास किरगी में दो बाईक आपस में भिड़ गई थीं। घटना के तत्काल बाद ग्रामीणों ने यहां चक्काजाम कर दिया था। लोगों ने एंबुलेंस भी बुलवा ली थी। इसी बीच कथिततौर पर खुज्जी विधायक छन्नी साहू यहां से गुजरीं। उन्होंने मानवीयता को दरकिनार करते हुए चक्काजाम तोड़ा और काफिले के साथ आगे बढ़ गईं। इसी दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह अपने समर्थकों के साथ यहां रुके। उन्होंने मौके पर ही लोगों समझाया और घायलों को जिला चिकित्सालय रवाना किया। उन्होंने जिला मेडिकल अस्पताल के उप अधीक्षक सीएस मोहबे से फोन पर संपर्क कर घायलों के बेहतर उपचार के संबंध में बातचीत की और स्वयं भी अस्पताल पहुंचे।

## प्रभारी का जन्मदिन मनाने आसिफ के साथ भिलाई पहुंचे समर्थक



**राजनांदगांव।** प्रदेश महासचिव व राजनादगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अरूण सिसोदिया के जन्मदिन मनाने शहर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली, मन्ना यादव शहर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अमित जंघेल उपाध्यक्ष उत्तर ब्लाक कांग्रेस, हितेश गोन्नाडे महामंत्री उत्तर ब्लाक कांग्रेस, शिवम गढ़पायले युवा नेता उनके निवास भिलाई में पहुंच कर केक काटकर, गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन मनाया।

# भाजपाई बहने 15 वर्षीय अपनी सरकार के कार्य पर चिंतन करें : कुसुम दुबे

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छग प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव व शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता कुसुम दुबे ने भाजपा की मातृशक्ति स्वाभिमान धरना प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस मंच पर भाजपा के पुरूष नेता महिलाओं को पीछे बिठाए उस मंच से मातृशक्ति की बात करना मुद्दा विहीन भाजपा की नौटंकी के अलावा कुछ नहीं है। क्योंकि पूरे देश मे उत्कृष्ट कार्य के लिए छ ग राज्य महिला आयोग का सम्मान कांग्रेस की ही उपलब्धि है। दुबे ने भाजपा महिला मोर्चा की बहनो को अवगत कराया कि गर्भाशय कांड, झलियामारी कांड, भाजपा पदाधिकारी की मानव तस्करी में संलिप्तता, यहां तक पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी भी घृणित अपराध के आरोपी है वो किस आधार पर नारी स्वभिमान की बात करती है। महिला आयोग को सरकारी भवन ना देकर आयोग के प्रति भाजपा सरकार की नकारात्मक सोच ही थी और निजी भवन मालिक को लाभ पहुंचाने सरकारी कोष का बंदरबांट ही किया था। सचिव दुबे ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार जनता की सरकार के रूप में स्थापित हो गई है। गोधन योजना से महिला समूहों को बढ़ावा सहित अन्य प्रमाण केंद्र की भाजपा सरकार ने अनेकों पुरस्कार प्रदान कर प्रमाणित किया है। उसके बाद भी मात्र अपनी राजनीति को जिंदा रखने के लिए महिलाओं बच्चियों के नाम का सहारा लेना कतई उचित नही है। उन्होंने कहा कि भाजपाई बहने गैस के दाम कम करने व आवश्यक वस्तु अधिनियम संशोधन बिल को केंद्र सरकार से वापस लेने की मांग कर अपनी जागरूकता का परिचय देती तो अच्छा होता।

### सागौन तस्करी के आरोपी जवानों पर महज 10 हजार का जुर्माना!

**राजनांदगांव।** सागौन तस्करी के मामले में आरोपी आईटीबीपी जवानों को बख्श दिया गया है। वन विभाग ने महज 10 हजार रुपए के जुर्माने के साथ इस मामले को बंद करने का फैसला लिया है। इस औपचारिक कार्रवाई के साथ ही यह मामला खत्म होता नज़र आ रहा है। जबकि इस तस्करी के पीछे आईटीबीपी के कुछ आला अधिकारियों की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे। आईटीबीपी ने इस मामले के बाद अपने ही डीआईजी छोटाराम जाट को यहां से रवाना कर दिया था। यह मामला खैरागढ़ वन मंडल के घोटिया-तोतलभर्री इलाके का है। जहां बीते कुछ महिने पहले देर रात आईटीबीपी जवान सागौन तस्करी करते धरे गए थे। ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया था। रंगे हाथ वाहन में सागौन की बल्लियों की तस्करी करते पकड़े जाने के बाद जवानों ने ग्रामीणों पर धौंस जमाने की कोशिश भी की थी। मौके पर ही रातों रात विभागीय अमले को पहुंचकर मामले को संभालना पड़ा था। नक्सलियों से लोहा लेने तैनात पैरामिलीट्री फोर्स आईटीबीपी जवानों की इस हरकत के बाद माहौल काफी खराब हुआ। सीधे दिल्ली से आए आदेश के बाद डीआईजी छोटा राम जाट को लेह-लद्दाख पटक दिया गया। जवानों के विरूद्ध विभागीय जांच शुरू की गई थी। खबर है कि दिल्ली मुख्यालय से एक टीम जांच के लिए पहुंची थी।

## महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा शोषण कर रही मोदी सरकार

# बढ़ती कीमतों को लेकर गुस्साई महिलाएं, सिलेंडर छोड़कर जलाया चूल्हा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com







लगातार बढ़ती पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर के दाम बड़ा मुद्दा हैं। इसे लेकर आज महिला कांग्रेस ने जिला कार्यालय के सामने चूल्हा जलाकर प्रदर्शन किया। यहां जुटी महिलाओं ने कहा कि बढ़ते दाम से लोगों के जीवन स्तर पर व्यापक असर पड़ रहा है। वहीं घेरलू बजट भी बिगड़ गया है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में केंद्र सरकार के खिलाफ महिला कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी ने गैस के बढ़ते दाम को लेकर चिंता जताते कहा कि ग्रामीण इलाकों में मोदी सरकार द्वारा उज्जवला गैस योजना के तहत सिलेंडर वितरित किए गए हैं। बढ़ते दाम से सिलेंडर रिफिल करना मुश्किल हो गया है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि ग्रामीण महिलाओं ने अब सिलेंडर इस्तेमाल करने से हाथ खड़ा कर दिया है। फिर से महिलाएं चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी और दूसरे संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है। प्रदर्शन में विधायक छन्नी चंदू साहू ने भी महिलओं को संबोधित किया। इस दौरान शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रौशनी सिन्हा ने कहा कि क्या सरकार को आम इंसान पर यह बढ़ता दबाव महसूस नहीं होता। केंद्र सरकार आम लोगों का खून चूस रही है। वहीं कांग्रेस नेत्री ज्योती शुक्ला ने भी महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ अब एकजुट होने की जरुरत है। यह सरकार मध्यमवर्गीय लोगों का शोषण करने उतारु है। चुनिंदा अरबपतियों के लिए काम करने वाली यह सरकार कॉर्पोरेट सेक्टर को फायदा दिलाने लोगों को शोषित कर रही है।

महिलाओं ने कहा कि धड़ल्ले से पेट्रोल और डीजल के दाम के अलावा सिलेंडर के दाम भी बढ़ गए हैं। मनमोहन सरकार में कीमतें यथावत रहने के बावजूद भाजपा विरोध के लिए कृत्रिम माहौल बनाती थी। जबकि आज हालात सबके सामने है। इससे पहले महिला कांग्रेस ने नारेबाजी करते केंद्र सरकार को घेरा। गौरतलब है कि जनवरी-फरवरी माह में रोजाना डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़े हैं। वहीं गैस सिलेंडर के दाम पर भी केंद्र सरकार ने इजाफा किया है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय के मामला क्रमांक : 202102092200016/202102092200016**

विषय :- अ-6 सन :- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

भर्रीटोला (प.ह.नं. 00026),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-तोरण वर्मा.
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण वर्मा आ. प्यारे लाल वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम भर्रीटोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, आवेदक तोरण वर्मा अनावेदक बेदे कुंवर बाई, धनंजय वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा के पति-पिता प्यारेलाल वर्मा आ. बाबूलाल वर्मा जिसके घर कृषक ग्राम भर्रीटोला प.ह.नं. 26 में खाता क्रमांक 39 में ख.नं. 13/4 रकबा 0.372 हे. एवं खाता क्रमांक 40 में ख.नं. 53/12 में रकबा 0.024 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज व स्थित है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी प्यारेलाल वर्मा आ. बाबूलाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 17.11.2020 को हो चुका है। अतः आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि पर से भूमिस्वामी/मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। मोबाईल नम्बर 9407907178.

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 23.02.2021 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.02.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## क्विक न्यूज

### हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा हैदराबाद एवं रक्सौल के बीच गाड़ी संख्या 07005 / 07006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन 28 मार्च, 2021 तक किया जा रहा है । इस गाड़ी में यात्रा करने वाले यात्रियों की बेहतर सुविधा हेतु इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार अगली सूचना तक किया जा रहा है। अब गाड़ी संख्या 07005 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन, हैदराबाद से प्रत्येक गुरुवार को तथा गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन, रक्सौल से प्रत्येक रविवार को आगामी सूचना तक चलेगी।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के श्री रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 23 फरवरी को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

# रुपयों के लिए दोस्त ने की दोस्त की हत्या

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मछली विक्रेता युवक के सिर पर भारी पत्थर से कुचल कर हत्या के मामले का खुलासा किया है। आरोपी ने मात्र 21 सौ रुपए के कारण मछली विक्रेता की निर्मम हत्या की है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर एडिशनल एसपी ग्रामीण संजय ध्रुव एसडीओपी रश्मीत कौर चावला के मार्गदर्शन में तखतपुर पुलिस ने हत्या के मामले का खुलासा किया है। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने टीम के साथ 31 जनवरी की रात हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि 31 जनवरी की रात मुंगेली निवासी परदेसी मल्लाह बिलासपुर मछली बेचने आया था। रात लगभग 9 बजे परदेशी बिलासपुर से मुंगेली जाने के लिए रवाना हुआ।

मुंगेली के लिए तखतपुर तक अन्य वाहन का सहारा लिया। वाहन के रवाना होने के बाद कुछ ही दूर पर एक और युवक मिला। उसने भी वाहन चालक से तखतपुर जाने के लिए मदद मांगा। इसके बाद दोनों तखतपुर पुराना बस स्टैंड के पास उतर गए। कुछ देर तक परदेशी मुंगेली जाने के लिए कई गाड़ियों से लिफ्ट मांगा लेकिन उसे साढ़े 10 बजे तक कोई नहीं मिली। वाहन नही मिलने पर पेदेशी और साथ का आदमी पुराना नगर पालिका परिसर में स्थित एक होटल में खाना खाने गए। खाना खाने के उपरांत दोनों पुराना बस स्टैंड पर आये और दुबारा लिफ्ट लेने की कोशिश करता रहा। इसी दौरान परदेशी के साथी मनीष श्रीवास ने कहा कि उसके रिश्तेदार बेलसरी में रहते हैं। रात रुकने के बाद सुबह घर चले जायेंगे । दोनों बेलसरी के लिए पैदल ही रवाना हो गए। पुलिस ने बताया कि मनीष श्रीवास के मन में लालच थी। क्योंकि उसे जानकारी थी कि परदेसी बिलासपुर में मछली बेच कर आया है। पैसा उसके पास है। इस दौरान मनीष परदेशी से बार-बार जानना चाह रहा था कि उसके पास कितना पैसा है । लेकिन परदेशी ने कुछ नही बताया। और वह परदेशी को धोखे में रखकर नए बस स्टैंड के पास स्थित स्टेट बैंक के पीछे उसे ले गया। मौके पर पहुंचकर मनीष ने परदेशी को धक्का देकर गिराया फिर पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। जेब में रखे पैसे और गठरी को अपने साथ लेकर चला गया। इधर पुलिस हत्या के बाद मामले को खुलासे के लिए लगी हुई थी। पुराना बस स्टैंड तखतपुर मे टेकचंद कारड़ा के यहां लगी सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाला गया। जांच पड़ताल के दौरान पाया गया कि 31 जनवरी को दोनों युवक बस स्टैंड पर थे । फुटेज में दोनों को नए बस स्टैंड की ओर जाते देखा गया। पुलिस ने परदेशी के साथ मौजूद दूसरे युवक की पतासाजी तेज की। लगातार मेहनत करने के बाद शक के आधार पर जराहागांव निवासी मनीष श्रीवास को पकड़ कर पूछताछ पुलिस ने बिलासपुर के एक घर से पकड़ा और पूछताछ की गई। मनीष श्रीवास ने परदेशी की हत्या का जुर्म कबूल किया। पुलिस के अनुसार आरोपी को पकड़ने में सीसीटीवी की भूमिका अहम साबित हुई। माम्मले को सुलझाने में थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज रवि श्रीवास मिथिलेश सोनवानी आशीष वसत्रकार स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

जरहागांव में मोबाईल चोरी कर चुका - पुलिस ने बताया कि आरोपी जरहागांव की एक मोबाईल दुकान मे मोबाईल चोरी कर चुका है। लेकिन जेल जाने पहले दोनों पक्ष आपस में समझौता कर लिए थे।

# जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जरहाभाठा वार्ड नं. 21 गुरु घासीदास नगर में आयोजित आयुष चिकित्सा शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज कर दवा का वितरण का कार्य किया जा रहा है। विभाग की टीम द्वारा गम्भीर बीमारियों को लेकर सलाह देने का काम नहीं किया जा रहा है । आज सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम की शुरुआत धन्वंतरी पूजन के साथ किया गया । आयुष विद्यालय के अधिकारी डॉक्टर प्रदीप शुक्ला ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इस कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया है । पहले चरण में कार्यक्रम की शुरुआत के बाद चिकित्सा शिविर का लाभ उठाने वाले लोगों का इलाज कर उन्हें दवाइयां वितरित किया गया वहीं दूसरे चरण में कोरोनावायरस का सम्मान किया जाएगा।

# हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में लगाएं गए विद्युत, पंखे और कम्प्यूटर को यथा शीघ्र सुव्यवस्थित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को सख्त निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कहा कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार विगत दिनों से हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों का संचालन नियमित रूप से प्रारंभ हो गया है। उन्होने बच्चों की सुविधा के लिए स्कूलों में लगाएं गये विद्युत, पंखे और कम्प्यूटर को यथा शीघ्र सुव्यवस्थित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उन्होने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त और निराकृत प्रकरणों के साथ-साथ समय सीमा के बाद लंबित आवेदन पत्रों की जानकारी प्राप्त की और उन्होने लंबित आवेदन पत्रों का निराकरण 28 फरवरी तक करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने सुराजी गांव योजना के तहत पशु धन के संरक्षण और संवंधन के लिए निर्मित गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन और विक्रय के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने आगामी खरीफ फसल हेतु वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने सौर सुजला योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा ज्यादा से ज्यादा कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा के दायरे में लाने और कृषि उत्पादन में इजाफा करने के साथ-साथ गोठानों में पेयजल की व्यवस्था तथा चारागाहों में सिंचाई हेतु सौर सुजला योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने पशु धन के लिए निर्मित गोठानों तथा चारागाहो में यथा शीघ्र सोलर पंप स्थापित के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा की। बैठक में उन्होने पंजीकृत हितग्राहियों, स्वीकृत कार्यो और लाभान्वित श्रमिकों की जानकारी प्राप्त की और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यो में श्रमिकों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में उन्होने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ 2020 में जिन किसानों द्वारा सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो, कुटकी एवं रागी फसल के बोया गया था, उन्हें योजना का लाभ दिये जाना प्रावधानित है। इस हेतु उन्होने पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये।

# यूनिवर्सल रेल मिल ने निष्पादन का रचा नया कीर्तिमान

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने निष्पादन के नित नये आयाम कायम कर रहा है। इसी कड़ी में 21 फरवरी, 2021 को यूनिवर्सल रेल मिल ने 154 रेल पैनल्स की सर्वाधिक वेल्डिंग कर नया कीर्तिमान रचा है। इस प्रकार इससे पूर्व 26 अगस्त, 2020 को बनाये गये 153 रेल पैनल्स वेल्डिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उल्लेखनीय है कि संयंत्र के यूआरएम एवं आरएसएम दोनों रेल मिल ने 17 फरवरी, 2021 को 10 लाख टन का संचयी रेल उत्पादन कर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। 15 फरवरी, 2021 को संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने अपने सर्वश्रेष्ठ 5,38,190 टन का वार्षिक उत्पादन जो पिछले वित्त वर्ष हासिल किया गया था, उसे चालू वित्त वर्ष खत्म होने के 44 दिन पहले ही पार कर लिया। संयंत्र के उच्च प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए यूआरएम बिरादरी को बधाई दी है।

# मोटरसाइकिल में तेज आवाज वाले, बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पी.आर. कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) बी.आर.मण्डावी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्टंट करते तथा तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों तथा बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल चालकों पर कोतवाली पुलिस के द्वारा कार्यवाही करने टीम गठित की गई है इसी तारतम्य में दिनांक 21.फर2021 को वाहन चेकिंग के दौरान अनावेदक सदर गोपाल चंद्रवंशी पिता रामफल चंद्रवंशी उम्र 25 साल साकिन धरमपुरा थाना पिपरिया के द्वारा मोटर सायकल कमांक सीजी 09 जेएच 7788 - रायल इनफील्ड क्लासिक 350 एवं अनावेदक सदर राजा राम साहू पिता बद्री साहू उम्र 20 साल साकिन सोनपुरी चौकी दशरंगपुर थाना पिपरिया द्वारा बिना नंबर प्लेट व रजिस्ट्रेशन शतों का उल्लधन करना साईलेसर का आवाज शासन द्वारा निर्धारित दर से ज्यादा आवाज होना पाये जाने से एमव्हीएक्ट की धारा 50 / 177.39 / 193 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी 0 मुकेश सोम , प्र.आर .309 महेश वर्मा , आर . 502 कुलेश्वर सिन्हा , सै 0 80 अनिल पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा है। यह कार्यवाही लगातार शहर में जारी रहेगी।

# खरसिया अपहरण कांड में पुलिस की मुस्तैदी और सफलता पर छत्तीसगढ़ चेंबर ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ ने खरसिया नगर पालिका के पार्षद रमेश अग्रवाल के पोते शिवांश अग्रवाल के अपहरण के बाद मात्र 8 घंटे के अंदर ही रायगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अपराधियों को धर दबोचा जो प्रशंसनीय है।नन्हे शिवांश को सकुशल वापस लाकर परिजनों को सौंपने पर चेंबर ने रायगढ़ पुलिस की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति नागरिक आभार का प्रदर्शन किया है।

चेंबर ने कहा कि रायगढ़ एसपी संतोष सिंह की सधी हुई कार्यप्रणाली और अपने कार्य के प्रति उनकी लगन शीलता ही है कि रायगढ़ पुलिस एक के बाद एक कई अपराधों पर न केवल अंकुश लगा पाई है बल्कि कई मामलों में तो उन्होंने यह साबित कर दिया है कि रायगढ़ पुलिस छत्तीसगढ़ की सबसे उम्दा पुलिस बल के रूप में कार्यरत है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रदेश के डीजीपी डीएम अवस्थी और रेंज आईजी रतनलाल डांगी को भी इस सफलता पर हार्दिक बधाई एवं आभार प्रेषित किया है। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं उनकी पूरी टीम को इस त्वरित कार्यवाही पर हार्दिक बधाई प्रेषित की है उल्लेखनीय है कि जिस तरह रायगढ़ पुलिस आधुनिक संचार माध्यमों का प्रयोग करते हुए प्रकरणों का निराकरण कर रही है। और अपराध के हर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए जिले के अंदर अपराध मुक्त वातावरण का निर्माण कर रही है वह सराहनीय है। इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से निश्चित ही अपराधियों एवं गुंडा तत्वों के हौसले पस्त हुए हैं।

# भिलाई इस्पात विकास विद्यालय के कक्षा-1 में प्रवेश जारी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 तथा भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-11 के कक्षा-1 में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। जिसमें बीपीएल कार्डधारी (सर्वे वर्ष 2007-2008) एवं अंत्योदय कार्ड सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 की जारी सूची में शामिल परिवार के बालक-बालिकाओं के लिए प्रवेश की पात्रता होगी।

### प्रवेश हेतु अंतिम तिथि व पात्रता

भिलाई इस्पात विकास विद्यालय के दोनों विद्यालयों में कक्षा-1 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसकी पंजीयन की अंतिम तिथि 27 फरवरी रखी गयी है। इस हेतु पालकगण अवकाश के दिनों को छोड़कर भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-11 में प्रातः 9 बजे दोपहर 1 बजे तक संपर्क कर सकते है। इसमें प्रवेश हेतु आयु सीमा निर्धारित की गई है जिसके तहत 1 अप्रेल 2014 से 31 मार्च 2016 तक जन्म लेने वाले बालक-बालिकायें प्रवेश ले सकते है।

### प्रवेश के लिए आबंटित क्षेत्र

भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 में सेक्टर-1 से लेकर सेक्टर-10 तक, रूआबांधा, रिसाली, अस्पताल सेक्टर तथा हुडको सेक्टर के रहवासी प्रवेश लेने के पात्र होंगे। इसी प्रकार भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-11 में विद्यालय के आसपास के 1 किलोमीटर की सीमा में रहने वाले रहवासी प्रवेश ले सकेंगे।

**आवेदन पर एसडीएम ने सूचना जारी कर दावा आपत्ति पेश करने कहा था**

# पुराने बस स्टैंड की शासकीय भूमि जिला कांग्रेस भवन के लिए मांगने पर एसडीएम के कोर्ट में भाजपा पार्षदों दुर्गा सोनी और रंगानादम ने पेश की आपत्ति

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी के ने भवन के लिए कांग्रेस द्वारा पुराने बस स्टैंड वाला रिक्त किंतु बेशकीमती शासकीय भूमि के लिए आवेदन किए जाने पर एस डी एम ने 22 फरवरी तक दावा आपत्ति पेश करने सार्वजनिक सूचना जारी करने के बाद भाजपा के दो पार्षदों दुर्गा सोनी और रंगानादम ने आज एस डी एम कोर्ट में आपत्ति प्रस्तुत कर उक्त जमीन का आबंटन नही किए जाने का अनुरोध किया है । पुराना बस स्टैंड बस डिपो में मौजूद बेशकीमती जमीन खसरा नंबर 574/1फ और 579/ 2 से 35,853 वर्ग फीट जमीन को कांग्रेस भवन के निर्माण हेतु आवंटित करने का आवेदन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने किया है। बिलासपुर में तिलक नगर में पुराना कांग्रेस भवन स्थित है लेकिन अब सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने भीभाजपा के दफ्तरों की तरह आलीशान पार्टी कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है जिसके तहत उपयुक्त जमीन की तलाश पार्टी नेताओ द्वारा किए जा रहे है इसी बीच उनकी नजर पुराने बस स्टैंड की जमीन पर पड़ी तो कांग्रेस नेता ने आबंटन के लिए विधिवत आवेदन कर दिया ।आवेदन पर बिलासपुर एस डी एम ने सार्वजनिक सूचना जारी कर दावा आपत्ति पेश करने संबन्धितो से कहा था ।







**शहर के बीचो-बीच प्राइम लोकेशन पर अपना भव्य कार्यालय कांग्रेस की निगाह है-** बताया जा रहा है कि यहां जमीन की कीमत 30,000 रु प्रति वर्ग फिट है । ऐसे प्राइम लोकेशन पर 35,853 वर्ग फीट जमीन की कीमत एक अरब से भी अधिक है। इस संबंध में इश्तेहार प्रकाशन के पश्चात स्थानीय पार्षद रंगा नादम और इसी क्षेत्र के पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद एवं भाजपा नेता दुर्गा सोनी ने इस मामले में तहसीलदार न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई है। जूना बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 574 /1फ और 579/2 की जमीन को कांग्रेस भवन निर्माण हेतु आवंटित किए जाने पर आपत्ति करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि घनी आबादी और व्यवसायिक क्षेत्र में होने की वजह से इस स्थान का उपयोग कई और प्रयोजन से किया जा सकता है। पूर्व में भी इस जगह का उपयोग मल्टी लेवल पार्किंग के लिए किए जाने की घोषणा की जा चुकी है। वर्तमान में भी इस स्थान पर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स या ऑडिटोरियम बनाकर नगर निगम की आय बढ़ाई जा सकती है । इसके अलावा इस बहुमूल्य भूखंड का उपयोग सार्वजनिक हित या सार्वजनिक उपयोग जैसे रैन बसेरा, होटल, यात्री निवास के लिए भी किया जा सकता है । इतनी बेशकीमती जमीन का उपयोग एक राजनीतिक दल के कार्यालय निर्माण के लिए किए जाने पर आपत्ति करते हुए इसे सत्ता का दुरुपयोग बताया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस को अपना कार्यालय बनाने के लिए शहर के बाहरी इलाकों में भी शासकीय भूमि आवंटित की जा सकती है, लेकिन ऐसा करने की जगह पुराना बस स्टैंड स्थित बहुमूल्य जमीन को कांग्रेस को देने की गुपचुप तैयारी कर ली गई है। तहसीलदार कार्यालय में भाजपा नेता दुर्गा सोनी और रंगानादम ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है ।हालांकि सत्तारूढ़ दल होने की वजह से उम्मीद बहुत कम है कि इस आपत्ति पर किसी तरह का गौर किया भी जाएगा, लेकिन भाजपा नेताओ ने इसके खिलाफ कोर्ट जाने का मन बना लिया है ।

# खूबचंद बघेल ने स्वतंत्रता की लड़ाई के साथ समाज में फैली कुरीतियों को भी दूर किया : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने खूबचन्द बघेल की पुण्यतिथि पर आदमकद प्रतिमा लगाने की घोषणा की

■ पथरी गांव को जोड़ने वाली हर सड़क बनेगी टू लेन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



पृथक छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा स्वाधीनता सेनानी डॉ. खूबचन्द बघेल की पुण्यतिथि पर उनकी जन्मभूमि पथरी गांव में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पथरी गांव को जोड़ने वाली सभी सड़कों को टू लेन सड़क बनाने और नवा रायपुर में डॉ. खूबचन्द बघेल की आदमकद प्रतिमा लगाने की मंच से घोषणा की है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ खूबचन्द बघेल जी चाहते तो डॉ. के रूप आराम की जिंदगी जी सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, बल्कि संघर्ष का रास्ता चुना और स्वाधीनता के आन्दोलन में कूद पड़. उन्होंने अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्र कराने न सिर्फ स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, बल्कि उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को भी दूर किया। छुआ छूत ऊंच नीच को मिटाने उन्होंने एकांकी नाटक भी लिखे। जब देश आजाद हुआ, तो उन्हें लगा कि छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों का समुचित विकास तभी होगा जब पृथक राज्य छत्तीसगढ़ बने।

इसके लिए उन्होंने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए 1967 में लो जलाई, लेकिन इसके दो साल बाद ही 1969 में उनका निधन हो गया। लेकिन उनकी जलाई लो जलती रही और अंततः पृथक छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्न दृष्टा का स्वप्न उनकी जयंती 19 जुलाई 2000 को पूर्ण हुआ। पृथक छत्तीसगढ़ गठन के करीब बीस साल में भी डॉ खूबचन्द बघेल का सपना साकार नहीं हुआ. हमने आते ही डॉ. खूबचन्द बघेल जी के सपनों को धरातल पर साकार करने का काम किया है. सरकार बने मात्र दो साल हुए एक साल कोरोना में एक साल केंद्र से लड़ने में निकलने के बाद भी छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ा और बढ़ता जा रहा है।

### केंद्र की मोदी सरकार पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार को किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि हमने स्वामीनाथ रिपोर्ट के अनुसार ही 2500 रुपए समर्थन मूल्य पर धान खरीदना शुरू किया. एक तरफ कोरोना महामारी तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार के अड़ंगा के बाबजूद हमने 2500 रुपये समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र की. मोदी सरकार ने इतना समर्थन मूल्य देने से मना किया, लेकिन हमने किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय धन योजना बनाकर किसानों को अंतर की राशि किस्तों में दी तीन किस्तें दे चुके. चौथी शेष है. उन्होंने गौपालक किसानों को सक्षम बनाने और पशुओं से फसलों की रक्षा करने योजनाएं गौधन न्याय योजना से गोबर खरीदी शुरू की नरवा गरवा घुरुआ बारी योजना बनाई. ताकि यहां का किसान समृद्ध शाली हो लेकिन केंद्र सरकार कभी बारदाना कभी समर्थन मूल्य कभी इतनी धान नहीं लेने के रूप में अड़ंगा अड़ाती रही. इसके बाबजूद हम छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों की सभ्यता संस्कृति की रक्षा के साथ विकास की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं।

### अंग्रेज भी जो काम नहीं किए, वो मोदी ने किया- चौबे

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधीजी के साथ जब गुलामी के दौर में किसानों ने अंग्रेजों के दमनकारी कानूनों का विरोध किया, तब अंग्रेजों ने भी किसानों की राह में कीलें नहीं गाड़ी, कां ीट की दीवार नहीं उठवाईं, लेकिन मोदी सरकार ने अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया. तीनों काले कानूनों को वापस लेने की मांग करने वाले किसानों की राह में कीलें गड़वा दी कां ीट करा दी। चौबे ने आगे कहा कि झारखंड में धान का समर्थन मूल्य 900 है, उड़ीसा में 1000 है, जबकि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार 2500 रुपये मिनिमम स्पोर्ट प्राइज पर धान खरीद रही है. केंद्र की मोदी सरकार इसमें भी अड़ंगा अडाई, तो राजीव गांधी किसान न्यायधन योजना शुरू कर किसानों को 2500 रुपये समर्थन मूल्य दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ गठन के करीब बीस साल बाद भी डॉ खूबचन्द बघेल का सपना साकार नहीं हुआ, लेकिन भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार बनते ही हम उनका सोना साकार कर रहे हैं। उन्होंने धरसीवां विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा द्वारा दी गई जानकारी का उल्लेख करते हुए कहा कि गौपालकों से गोबर खरीदी करने के सुखद परिणाम सामने आए है. गोबर बेचकर एक गौपालक दुपहिया वाहन खरीदा है. जबकि एक अन्य गौपालक टाटा एस खरीदा है. गौरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की 11 हजार पंचायतों में से 9000 में गौठान बन चुकी है. शेष 2000 पंचायतों में भी गौठान जल्द बनेगी. सिंचाई के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है. बोधघाट परियोजना से साढ़ तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

# रायफल एसो. का राज्य स्तरीय 19वीं निशानेबाजी प्रतियोगिता 27 से




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोशिएशन द्वारा राज्य स्तरीय उन्नीसवीं निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आने वाली विभिन्न स्पर्धाओं की अलग-अलग श्रेणियों में होने वाले खेल के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल एसोशिएशन तथा जिन्दल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली निशाने बाज़ी राज्य स्तरीय खेल का आयोजन 27 फरवरी 2021 से किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हो रहा हैद्य इस प्रकार इन खेलों की रोचकता में 22 बोर राइफल, एयर राइफल, एयर पिस्टल की प्रतियोगीताएं आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के तहत ईस्ट जोन में जो क्वालीफाई होंगे उनका चयन नेशनल के लिए किया जाएगा। इसका प्रतियोगिता अप्रैल में आयोजित किया जाएगा। संघ के महासचिव राकेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस प्रतियोगिता का आयोजन 2002 से किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्नीसवीं राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन माना कैंप स्थित चतुर्थ सशस्त्र बल बटालियन में किया जा रहा है। इसमें 50 मीटर, 10 मीटर और 25 मीटर रायफल पिस्टल प्रतियोगिता रहेगी। महिला और पुरुष व आयु के अनुसार अलग अलग प्रतियोगिता रहेगी। इस प्रतियोगिता में को खिलाड़ी भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ के निर्धारित मापदंडों का स्कोर बना लेंगे उनका चयन ईस्ट जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में होगा। इसका आयोजन 11 से 14 मार्च तक पश्चिम बंगाल में होगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल मुख्य परीक्षा में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की मुख्य, अवसर परीक्षा 2021 में शामिल होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 04 मार्च 2021 तक बढ़ा दी गई है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 500 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ायी गई है। इसके पूर्व 500 रूपए विलम्ब शुल्क के साथ प्रवेश की तिथि 06 से 13 फरवरी 2021 तक बढ़ायी गई थी। राज्य ओपन स्कूल मुख्य अवसर परीक्षा 2021 में सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश के लिए 31 जनवरी 2021 तक निर्धारित की गई थी।

## सीएम के हेलीकाप्टर में हुई सुरक्षा संेध की जांच हो, प्रवक्ता ने लिखा डीजीपी को पत्र

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकारी हेलीकाप्टर में वेडिंग फोटोशूट करने वाली घटना का उच्च स्तरीय जांच करवाने के लिये लिखत शिकायत की है और कहा है कि लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इसी सरकारी हेलीकाप्टर में प्रदेश का दौरा किया जाता है, जिसकी सुरक्षा में सेंध मारकर अज्ञात लोगो द्वारा वेंडिंग फोटोशूट कराया गया जो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुरक्षा में बड़ी चूक है। विकास तिवारी ने कहा कि इस गहरी साजिश की उच्च स्तरीय जांच करवायी जाये एवं दोषियो को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। सरकारी हेलीकाप्टर की सूक्ष्म जांच भी करवायी जाये कि कही उसमें किसी प्रकार का माइक्रोचीप, सेंसर, वाइस रिकार्डर या किसी प्रकार की विस्फोटक वस्तु (आरडीएक्स) रखा तो नही गया है।



# बिना अध्यक्ष के संचालित हो रहा बाल अधिकार संरक्षण आयोग

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग पिछले एक महीने से बिना अध्यक्ष के संचालित हो रहा है. आयोग कार्यालय में सुनवाई नहीं होने के कारण शिकायतकर्ताओं को मायूस होकर घर लौटना पड़ता है. दरअसल सोमवार को निजी स्कूलों की मनमानी फ़ीस के विरोध में पालक शिकायत करने आयोग दफ्तर पहुंचे थे, जहां से उनको निराश होकर लौटना पड़ा। बाल संरक्षण के आयोग के सचिव प्रतीक खरे ने का कहना है कि सचिव को सुनवाई करने का अधिकार नहीं होता है, जो भी शिकायत आ रही उनको लिया जा रहा है. आयोग की टीम की नियुक्ति होने के बाद मामलों की सुनवाई की जाएगी। बाल आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रभा दुबे ने कहा कि जनवरी में मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया है. अन्य छः सदस्य होते है, उनको सुनवाई करने का अधिकार होता है, लेकिन उनका भी कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो गया. पता नहीं क्यों अब तक पद खाली रखा गया है. सुनवाई नहीं होने से बिल्कुल प्रभाव पड़ता है. न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले लोग निराश होकर लौट रहे होंगे। जनवरी 2021 में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो गया था. जिसके बाद से अभी तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। आयोग की सुनवाई का अधिकार अध्यक्ष और सदस्यों के पास ही होता है. ऐसे में आयोग में आ रही शिकायतों का सुनवाई नहीं हो पा रहा है।

# राजीव भवन में कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, डॉ. खूबचंद बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस, प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश महिला कांग्रेस, सेवादल प्रदेश, एनएसयूआई, प्रदेश इंटुक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागो के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय महान नेताओं कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद, डॉ. खूबचंद्र बघेल की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्रों में पुष्पांजलि एवं मार्ल्यापर्ण अर्पित कर स्मरण किए। इस अवसर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, विचार विभाग के अध्यक्ष हसन खान, शारिक रईस, दिलीप सिंह चौहान, महमूद अली, शहर सचिव दिनेश सूर्यवंशी, दुर्गा प्रसाद, कांग्रेस पिछड़ा विभाग के प्रदेश महासचिव सुरेश यादव, मनोज सिंह ठाकुर, आनंद लाल कुजुर, जगत राम भगत उपस्थित थे। पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष एवं कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने नवीन मार्केट परिसर में खूब बघेल की मूर्ति में उनके पुण्यतिथी के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

# पुडुचेरी में कांग्रेस हुई सत्ता से बाहर

■ देश में विधायकों के खरीदी-बिक्री का बाजार का श्रेय पीएम और भाजपा : चौबे

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार के बहुमत खोने के विषय पर संसदीय कार्यमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रवक्ता रवींद्र चौबे ने कड़ी टिप्पणी की है. उन्होंने कहा कि देश में विधायकों की खरीदी-बिक्री का बाज़ार सजा हुआ है. इसका श्रेय प्रधानमन्त्री ओर भाजपा को जाता है. लोकतंत्र के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है.

मंत्री चौबे ने वैक्सीन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के छत्तीसगढ़ सरकार को राजनीति नहीं करने की नसीहत पर कहा कि पॉलिटिक्स नहीं हो रही है. केंद्र सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि थर्ड ट्रायल के लिए छत्तीसगढ़ को ही क्यों चुना गया है. बता दें कि केंद्र सरकार की ओर प्रदेश में जा रही कोवैक्सीन को छत्तीसगढ़ सरकार ने इस्तेमाल करने से मना कर दिया है. इस वैक्सीन का थर्ड स्टेज ट्रायल को लेकर प्रदेश सरकार ने आपत्ति जताई है।

## प्रोफेसर अरूण दिवाकर अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलपति नियुक्त



**रायपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति अनुसुईया उइके ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रोफेसर अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर का कुलपति नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। बाजपेयी का कार्यकाल, उपलब्धियां तथा सेवा शर्तें उक्त अधिनियम में वर्णित प्रावधान अनुसार होंगी।

# पूर्व डीईओ के खिलाफ एफआईआर कराने एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा के अधिकारी फंड में घोटाले का आरोप लगाते हुए किया जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव किया. इस दौरान कार्यकर्ता पुलिस का घेरा को तोड़ते हुए परिसर में घुसे और जमकर नारेबाजी की. कार्यकर्ता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पर एफआईआर करने की मांग पर अड़े हुए थे। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा के अधिकार के तहत ग़रीब बच्चों का एडमिशन होता है, उसके फंड में भी गड़बड़ी की गई है. आठ ऐसे ही स्कूलों के नाम पर भुगतान किया गया है, जो कई सालों से बंद है. इस संबंध में कार्रवाई के लिए आज ज्ञापन सौंप अल्टीमेटम दिया गया है. अगर एफ़आइआर दर्ज विभाग कार्रवाई नहीं करता तो उग्र आंदोलन करेंगे।

# उपचार के नाम पर घंटों घुमाए जाने पर जेल प्रहरी ने टेक्नीशियन को जड़ा तमाचा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



दंतेवाड़ा से बीमार कैदी को लेकर अंबेडकर अस्पताल पहुंचे जेल प्रहरी शत्रुघन राव ने उपचार के नाम पर घंटों घुमाए जाने से सब्र का बांध टूट गया और अस्पताल के टेक्नीशियन को तमाचा जड़ दिया। जेल प्रहरी की मार से गुस्साए डॉक्टरों ने तुरंत अंबेडकर अस्पताल पुलिस चौकी का घेराव कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची मौदहापारा थाना पुलिस जेल प्रहरी को हिरासत में लेकर थाना पहुंची। इधर अस्पताल के कर्मचारियों ने भी काम बंद कर कार्रवाई की मांग को लेकर डीन कार्यालय के सामने डट गए। घटनाक्रम के बाद रायपुर पुलिस की अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक हो रही है. बैठक में डीन विष्णुदत्त के साथ एडिशनल एसपी सिटी लखन पटले, कोतवाली सीएसपी अंजनेय वाष्णेय सहित पुलिस और अस्पताल के लोग मौजूद रहे।

## हाईब्रिड बीज तैयार करने की विधि एक कौशल युक्त वैज्ञानिक प्रक्रिया

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में प्रथम बार हाइब्रिड सब्जी बीज उत्पादन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में प्रथम बार हाइब्रिड सब्जी बीज उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बैंगालूरू द्वारा विकसित एवं विशिष्ट गुण युक्त तोरई, टमाटर एवं भिंडी के हाईब्रिड नर एवं मादा पैतृक-लाईन के लाईसेन्स प्राप्त किया गया है एवं विष्वविद्यालय के प्रक्षेत्र में इसका प्राथमिक प्रयोग में सफ्लता प्राप्त हो गई है। इन हाईब्रिड पौधों में स्वाद एवं उत्पादकता दोनों ही बेहतर रहेगा। बाजार में हाईब्रिड बीज की मांग अत्याधिक है एवं सभी प्रकार के हाईब्रिड सब्जी बीजों की उपलब्धता नहीं है। प्रदेश में हाईब्रिड बीज उत्पादन केवल प्राईवेट कंपनियों द्वारा ही किया जा रहा है। अतः इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय जैसे पब्लिक संस्थाओं का प्रवेश बदलाव का एक मील का पथ्थर माना जा रहा है। हाईब्रिड बीज तैयार करने की विधि एक कौशल युक्त वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसे किसान प्रशिक्षण एवं लाईसेन्स प्राप्त कर इस विशिष्ट खेती को अपना सकते है। परंतु लाईसेन्स अत्यन्त महंगे तथा प्रक्रिया जटिल होने के कारण किसानों के पास यह विकल्प है कि वे किसी लाईसेन्स प्राप्त संस्था से जुड़कर तथा उनके मार्गदर्शन में हाईब्रिड बीज तैयार करें।



डॉ एस के पाटील, कुलपति, इं. गाँ. कृ. वि. ने 12 फ्र्वरी 2021 को विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, रायपुर के प्रशेत्र का भ्रमण किया जिसमें उद्यानिकी विभाग के राष्टीय बागवानी मिशन द्वारा प्रायोजित हाइब्रिड सब्जी बीज उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। डा॰ पाटील ने संकर सब्जी बीज उत्पादन कार्य की सराहना की और इसकी व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होनें इस बात पर बल दिया कि विष्वविद्यालय के कृषि विस्तार का अंग - कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन होने के कारण इन तकनीकों का विस्तार किसानों तक होने का मार्ग सुगम होगा। उल्लेखनिय है कि भारतीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान, बैंगालूरू से हाइब्रिड तोरई (अर्का विक्रम) तथा टमाटर (अर्का रक्षक एवं अर्का सम्राट) के बीज उत्पादन तकनीक का लाइसेंस के साथ नर एवं मादा पौध-लाईन, चार माह पूर्व ही प्राप्त कर लिया गया है। परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डा राजश्री गाईन, सब्जी वैज्ञानिक तथा सह- अन्वेषक मनोज कुमार साहू ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र में 3000 वर्ग मीटर में हाइब्रिड तरोई - अर्का विक्रम के बीज उत्पादन हेतु संकरण कार्य की जानकारी दी जिसमें नर और मादा लाइनों को 1:3 अनुपात में लगा कर संकरण किया जा रहा है. हाइब्रिड तरोई अर्का विक्रम को एक एकड़ में लगा कर लगभग 1-2 क्विंटल बीज का उत्पादन 125-135 दिनों प्राप्त किया जाना लक्षित है। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र में इस वर्ष हाइब्रिड टमाटर अर्का रक्षक और अर्का सम्राट के पैतृक लाइनों का बीज उत्पादन किया जा रहा है जिससे अगले वर्ष हाइब्रिड बीज (ѳ१) उत्पादन किया जायेगा। इस प्रकार तरोई और टमाटर के हाइब्रिड बीज छत्तीसगढ़ के कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो पायेगा। हाइब्रिड बीज उत्पादन तकनीकों को प्रगतिशील एवं इच्छुक कृषकों को भी प्रशिक्षित कर बीज उत्पादन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा ताकि कृषक कम छेत्र में संकर बीज उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सके और क्रमशः छत्तीसगढ़ राज्य हाईब्रिड बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो सकें। इन तकनीकों का उद्यानिकी विभाग के शाशकीय नर्सरी में जहां बीज उत्पादन किया जाता है उन अधिकारियों व कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार सब्जी बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ राज्य अपनी पहचान बनाएगा। प्रक्षेत्र भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसन्धान डॉ. आर. के. बाजपेयी, निदेशक विस्तार डॉ. एस, सी. मुखर्जी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी के दास, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. गौतम रॉय के साथ इस कार्यक्रम से जुड़े वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. देव शंकर, डॉ. राजेश अग्रवाल एवं अन्य उपस्थित हुए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403